सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:08

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.2 न्यू | 29.5 अधि |
| धर्मशाला | 23.5 न्यू | 36.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74005.94 |
| निफ्टी | 22502.00 |
| सोना 72,870 | चांदी 93,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 20 मई, 2024 | 7 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 152, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र अपील: दिल और दिमाग से करें वोट, बनाएं मजबूत राष्ट्र

## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रज्वल के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

**बेंगलुरु।** हासन लोकसभा सांसद प्रज्वल रेवन्ना यौन उत्पीड़न से जुड़े वीडियो वायरल होने के बाद से ही देश से फरार है। अब एक विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है। प्रज्वल के लिए परेशानी तब शुरू हुई जब बड़ी संख्या में स्पष्ट वीडियो सामने आए थे, जिसमें कथित तौर पर उनके द्वारा महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया था।

### कठुआ जिले में दिखे संदिग्ध आतंकवादी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सीमावर्ती इलाके में संदिग्धों के देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू कर तरनाह नाला पुल के पास उस इलाके की घेराबंदी कर दी है जहां तीन संदिग्धों के देखे जाने की जानकारी मिली थी।

### चूड़धार यात्रा के लिए कराना होगा पंजीकरण

**नाहन।** जिला सिरमौर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चूड़धार लोगों की आस्था का केंद्र रहता है। इस महीने से यहां के लिए यात्रा आरंभ हुई है क्योंकि इससे पूर्व यहां पर बर्फ से मार्ग बंद रहते हैं। चूड़धार के लिए एक मार्ग सिरमौर के नोहराधार से होकर जाता है। यहां पर मार्ग भटकने, रास्ता न मिलने आदि के मामले सामने आ रहे थे। अब प्रशासन ने चूड़धार यात्रा हेतु नोहराधार में पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया है और साथ ही मेडिकल चेकअप भी किया जाएगा। नायब तहसीलदार नोहराधार ने इस बारे आदेश जारी किए हैं, ताकि लोगों को यात्रा में असुविधा न हो।

### पतंजलि सोनपापड़ी मामले में तीन लोगों को कारावास

**पिथौरागढ़।** पिथौरागढ़ की एक अदालत ने पतंजलि इलायची सोनपापड़ी को बनाए जाने में खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किए जाने के मामले में तीन लोगों को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन अधिकारी रितेश वर्मा ने बताया कि पिथौरागढ़ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह ने सजा सुनाने के साथ ही उन पर पांच हजार से लेकर 25 हजार तक का अर्थदंड भी लगाया है।

### नेशनल कांफ्रेंस की रैली में चाकू से हमला

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार को नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) की एक जनसभा में हुई चाकूबाजी में तीन युवक घायल हो गए। नेशनल कांफ्रेंस की रैली में पार्टी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला व अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार मियां अल्ताफ अहमद व अन्य नेता मौजूद थे। हमले में घायल युवकों को राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है।

### 3.50 करोड़ का अवैध अफीम डोडा पोस्त जब्त

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक ट्रक से चावल के कट्टों की आड़ में तस्करी कर लाए गए 21 क्विंटल 78 किलो 800 ग्राम अफीम डोडा पोस्त की खेप पकड़ी है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए है।

### अनंत व्यंग्य




# हिमाचल में बरस रही आग, 10 शहरों में चली लू, पांच दिन राहत नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी है। आने वाले दिनों में गर्मी का सितम और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। रविवार को प्रदेश के सात शहरों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। पिछले 24 घंटों के दौरान 10 शहरों में लू चली, जिनमें शिमला, धर्मशाला, सुंदरनगर, भुंतर, ऊना, सोलन, पालमपुर, गग्गल, मंडी और बिलासपुर शामिल हैं।

शिमला सहित प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में पारा सामान्य से अधिक रहा। ऊना सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री रिकॉर्ड दर्ज किया गया। दूसरे नंबर पर हमीरपुर का नेरी रहा, जहां पारा 44.0 डिग्री रहा। बिलासपुर में 42.2, धौलाकुआं में 41.9 डिग्री, सुंदरनगर में 40.3 डिग्री, बरठीं में 40.2 डिग्री व कांगड़ा में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




इसके अलावा शिमला में पारा 29.5 डिग्री, जुब्बड़हट्टी 33.4, कसौली 33.9, सोलन 35, कुफरी 23.5, मशोबरा 28.2, नारकंडा 23.4, सैंज 33.8, भुंतर 37.2, बजौरा 37, धर्मशाला में 36, चंबा 38.8, रिकांगपिओ 28.1, कल्पा 23.8 , ताबो 22.9 और केलांग में 19.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

शिमला सहित अन्य जिलों में अगले पांच दिन अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि मैदानी जिलों ऊना और बिलासपुर के अलग-अलग हिस्सों में लू जारी रहने की संभावना है।

अगले पांच दिन हमीरपुर, सोलन, सिरमौर, कांगड़ा, ऊना और शिमला जिले में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन (नालागढ़, बद्दी, परवाणू), सिरमौर (धौलाकुआं, पांवटा साहिब) और कांगड़ा (गगल, नूरपुर, इंदौरा, फतेहपुर, देहरा, जसवां) में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस का उछाल आएगा।

### तापमान का स्कोर बोर्ड

डिग्री सेल्सियस में

| | |
|---|---|
| ऊना | 44.2 |
| नेरी | 44.0 |
| बिलासपुर | 42.4 |
| धौलाकुआं | 41.9 |
| सुंदरनगर | 40.3 |
| बरठीं | 40.2 |
| कांगड़ा | 40.0 |
| चंबा | 38.8 |
| मंडी | 38.8 |
| हमीरपुर | 36.9 |
| सोलन | 36.6 |

### दिल्ली का नजफगढ़ सबसे गर्म, पारा 47 .8 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी अगले पांच दिनों तक जारी रहेगी, जिसका सबसे अधिक प्रभाव दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश पर पड़ने का अनुमान है। रविवार को दिल्ली का नजफगढ़ इलाका सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसके अलावा मंगेशपुर और पीतमपुरा का तापमान भी 47 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने सोमवार को आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। कई स्थानों पर लू की स्थिति रहेगी, जबकि कुछ स्थानों पर भीषण लू की स्थिति बन सकती है। दिन में 25-35 किलोमीटर प्रति घंटे की गति हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

# झूठे दावों व फेक वीडियो के सहारे जीत का सपना देख रही कांग्रेस : अनुराग

## कहा-कांग्रेस नेताओं के पास वास्तविक मुद्दों की कमी, मोदी तीसरी बार बनेंगे पीएम

**अनंत ज्ञान टीम, देहरा/नादौन**

लोकसभा चुनाव के रण में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। एनडीए और विपक्षी गठबंधन के नेताओं के बीच हर रोज जुबानी जंग देखने को मिल रही है।

इसी कड़ी में रविवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के देहरा के गुलेर और हरिपुर तथा नादौन समेत एक दर्जन जनसभाएं की। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। आज पूरा देश देख रहा है कि कांग्रेस पार्टी हार से डरी हुई है।

कांग्रेस झूठे दावों और फेक वीडियो का सहारा लेकर चुनाव जीतने के सपने देख रही है। कांग्रेस जमीन से पूरी तरह कट चुकी है और उसके पास वास्तविक मुद्दों की कमी है। इनके चेहरे भी फेक हैं, जो फेक न्यूज फैलाते हैं। यह कांग्रेस की स्तरहीन राजनीति की पराकाष्ठा है।



पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने जा रहा है। कांग्रेस वाले झूठ फैला रहे हैं कि भाजपा अगर चुनाव जीतकर आती है तो आरक्षण और संविधान को खत्म कर देगी, लेकिन देश की जनता जानती है कि आपातकाल किसने लगाया था।

देश के संविधान को 62 बार किसने बदला। एसटी, एससी और ओबीसी का हक छीनकर मुसलमानों को किसने दिया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सांप्रदायिक राजनीति करते हैं। भारतीय लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि सड़क से लेकर संसद तक नेता जो मन में आता है वह बोलते हैं, लेकिन इसके बाद भी मोदी सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हैं।

कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इनके मेनिफेस्टो में विदेशी ताकतों का हाथ स्पष्ट तौर पर दिखता है। हद तो तब हो गई, जब उनकी काली नजर आपकी संपत्ति, जिस पर आपकी संतान का हक है, उस पर पड़ गई। महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो वह आपके मंगलसूत्र को भी छीन लेगी।

### हेमकुंड साहिब के कपाट 25 से खुलेंगे

**देहरादून।** हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई से खुल जाएंगे। राज्य सरकार, जिला प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन ने जमीनी हालात को देखते हुए प्रतिदिन श्रद्धालुओं के पहुंचने की सीमा तय की है।

कपाट खुलने के बाद प्रतिदिन 3500 श्रद्धालु ही हेमकुंड साहिब जा सकेंगे। गुरुद्वारा प्रबंधन का कहना है कि हेमकुंड साहिब में अभी भी काफी बर्फ है। बर्फ पिघलने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या पर फिर से विचार किया जाएगा।

22 मई को पंज पयारों की अगुवाई में राज्यपाल एवं संत समाज द्वारा ऋषिकेश से हेमकुंड साहिब यात्रा का आगाज किया जाएगा। दो दिन पहले जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुद्वारा प्रबंधन के साथ गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब का पैदल निरीक्षण किया था, जिसके बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं की संख्या तय की है।

राजनाथ, स्मृति समेत नौ केंद्रीय मंत्री मैदान में

# लोकसभा चुनाव : आठ राज्यों की 49 सीटों पर वोटिंग आज

**एजेंसी, नई दिल्ली**





5वां चरण

लोकसभा चुनाव-2024 के पांचवें चरण में 20 मई को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोटिंग होगी। इस फेज में राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल समेत 9 केंद्रीय मंत्री मैदान में हैं। रायबरेली लोकसभा सीट से वायनाड के सांसद राहुल गांधी भी चुनाव लड़ रहे हैं।

चुनाव के पांचवें चरण में 695 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 613 पुरुष और 82 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज के 615 उम्मीदवारों में से 23 प्रतिशत यानी 159 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 227 यानी 33 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। केवल एक उम्मीदवार ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है।

### चार उम्मीदवारों पर हत्या के मामले

159 कैंडिडेट ऐसे हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 3 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 4 उम्मीदवारों पर हत्या और 28 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। 29 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। एक उम्मीदवार के खिलाफ दुष्कर्म से जुड़ा मामला दर्ज है। वहीं, 10 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

# भुट्टो व बेटे पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, देहरा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व कांग्रेस विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और उनके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में देहरा पुलिस थाना में मामला दर्ज हुआ है। यह मामला लोक निर्माण विभाग की शिकायत पर दर्ज हुआ है।

पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471 और 120बी के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। भुट्टो का बेटा कर्ण सिंह सरकारी ठेकेदार है। लोक निर्माण विभाग ने शिकायत दी कि कर्ण ने टेंडर हासिल करने के लिए जो दस्तावेज संलग्न किए, वे फर्जी हैं। मामले का पता चलते ही विभाग ने कर्ण के नाम जारी टेंडर भी रद्द कर दिया है। अब पुलिस ने विभाग की शिकायत पर पिता और पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।





लोक निर्माण विभाग की शिकायत पर देवेंद्र भुट्टो और उनके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।
-शालिनी अग्निहोत्री, एसपी कांगड़ा

### टीएमसी में शामिल हुए भाजपा सांसद हेम्ब्रम

**झाड़ग्राम।** झाड़ग्राम में रविवार को तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी की सभा के दौरान झाड़ग्राम से विदायी भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए। इस बार भाजपा ने झारग्राम से कुनार हेम्ब्रम को लोकसभा का टिकट नहीं दिया है। उनके बदले डॉक्टर प्रणत टुडू को उम्मीदवार बनाया गया है।

## निकोबार द्वीपसमूह पहुंचा दक्षिण पश्चिम मानसून

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है और इसके लिए मानसून जीवनरेखा की तरह काम करता है।

भारत के लिए खुशखबरी है कि दक्षिण पश्चिम मानसून निकोबार द्वीपसमूह पहुंच गया है। भारतीय मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। मौसम विज्ञानियों ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंचने की उम्मीद है।

### श्री रेणुकाजी झील में डूबकर युवक की मौत

**नाहन।** श्री रेणुकाजी झील में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। अभी तर मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। 10 दिन के भीतर श्री रेणुकाजी झील में डूबने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 8 मई को भी एक व्यक्ति का शव झील से बरामद किया गया था।

शनिवार दोपहर पुलिस को झील में किसी व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन काफी जद्दोजहद के बाद भी डूबे व्यक्ति का कोई पता नहीं लग पाया। इसके बाद डीएसपी मुकेश डडवाल ने सेना के गोताखोरों से संपर्क किया और शाम 6:00 बजे के आसपास सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। आधे घंटे बाद सेना के जवानों को शव झील से बाहर निकालने में कामयाबी मिली।

# ईमान बेचने वाले विधायकों की खुल रही है कुंडली : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आम परिवार का व्यक्ति जब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पहुंचता है, तब वह हथियार नहीं डालता , योद्धा की तरह लड़ता है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर दिन में सपने देखना छोड़ दें, वर्तमान कांग्रेस सरकार भगवान के आशीर्वाद से पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी।

जयराम ने धनबल का प्रयोग करने के बाद जो नया काला कोट शपथ लेने के लिए सिलाया था, वह दर्जी के पास ही पड़ा रहेगा। जिन विधायकों ने भाजपा को अपना ईमान बेचा है, उनकी पूरी कुंडली खुल रही है। जनता जान चुकी है कि बिकाऊ विधायक एक महीना हिमाचल की सीमा के अंदर क्यों नहीं आए। वे सरकार गिराने की साजिश रचने में लगे थे और परिवार को भी मुंह दिखाने काबिल नहीं थे। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के जगातखाना में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि आजाद विधायक भी इतने पैसे में बिके कि उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। जयराम फ्लॉप डायरेक्टर हैं, उनकी दो फिल्में रिवाज बदलेगा व ऑपरेशन लोटस फ्लॉप हो चुकी हैं, तीसरी फिल्म कंगना मंडी के अंगना भी फ्लॉप होगी। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 26 साल से भाजपा सांसद चुनकर जा रहे हैं, लेकिन संसदीय क्षेत्र में कोई बड़ी योजना नहीं ला पाए। भानुपल्ली-बिलासपुर-लेह लाइन की 50 प्रतिशत लागत 1,250 करोड़ रुपए हिमाचल प्रदेश सरकार दे रही है, जमीन भी हमने दी है।

**मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के जगातखाना में की सतपाल रायजादा के समर्थन में चुनावी जनसभा**



चुनावी सभा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, सतपाल रायजादा व अन्य।

**जनसभा** भीड़ ने मंच के आसपास लगाई बैरिकेडिंग तोड़ी, भाषण दिए बिना ही लौटे दोनों नेता

# राहुल गांधी और अखिलेश की सभा में हंगामा

**एजेंसी, प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में विपक्षी गठबंधन की एक जनसभा होनी थी, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को शामिल होना था, लेकिन सभा में जमकर हंगामा होने की वजह से ये सभा नहीं हो सकी।

इस दौरान भीड़ बेकाबू हो गई। भीड़ ने मंच के आसपास लगाई गईं बैरिकेडिंग तोड़ दीं। इस दौरान रैली स्थल पर भगदड़ जैसा माहौल दिखा। दोनों नेताओं के पहुंचते ही कार्यकर्ता बेकाबू हो गए और नेताओं के मंच तक पहुंच गए। हंगामा इतना जबरदस्त हुआ कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव बिना भाषण दिए ही मौके से निकल गए। फूलपुर लोकसभा सीट पर राहुल और अखिलेश की संयुक्त जनसभा होनी थी। हंगामे में कई लोगों को चोटें भी आईं । इसके साथ ही मीडिया कर्मियों के कैमरा स्टैंड भी टूट गए। इससे पहले रांची में भी विपक्षी गठबंधन की सभा में हंगामा हुआ था, जिसमें दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए और जमकर हाथापाई हुई थी।



अखिलेश यादव ने प्रशासन पर ठीकरा फोड़ते हुए जिलाध्यक्ष अनिल यादव पर भी नाराजगी जताई है।

### विपक्षी गठबंधन ने कांग्रेस को दी है इलाहाबाद सीट

उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल लोकसभा सीटों में इलाहाबाद सीट का नाम भी आता है। लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, मुरली मनोहर जोशी, जनेश्वर मिश्रा जैसे राजनीतिक दिग्गजों के साथ-साथ अमिताभ बच्चन यहां से सांसद रह चुके हैं।

विपक्षी गठबंधन ने इस बार इलाहाबाद सीट कांग्रेस को दी है, जहां से उज्ज्वल रमण सिंह प्रत्याशी हैं। वहीं फूलपुर सीट से समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य को मैदान में उतारा है।

सांसद मालीवाल से मारपीट का मामला

# सीएम केजरीवाल के घर से सीसीटीवी डीवीआर जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सांसद स्वाति मालीवाल की कथित पिटाई के केस में दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर में जांच शुरू कर दी है। पुलिस की टीम रविवार को मुख्यमंत्री आवास के अंदर प्रिंटर, लैपटॉप लेकर पहुंची। कुछ देर बाद दिल्ली पुलिस की टीम यहां से सीसीटीवी का डीवीआर अपने साथ लेकर बाहर निकली।

कल ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज ली थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना के वक्त का फुटेज नहीं मिला है। पुलिस ये भी कह रही है कि बिभव कुमार जांच में सहयोग नहीं कर रहा है।

इससे पहले शनिवार को दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने बिभव कुमार की हिरासत पर बहस करते हुए कोर्ट को बताया, हमने डीवीआर मांगा, वह पेन ड्राइव में दिया गया। फुटेज खाली पाई गई। पुलिस को आईफोन दे दिया गया है, लेकिन अब आरोपी पासवर्ड नहीं बता रहा है। फोन को फॉर्मेट कर दिया गया है। अपर लोक अभियोजक ने कहा कि आरोपी घटना स्थल पर मौजूद था। दिल्ली पुलिस को सीसीटीवी से छेड़छाड़ की आशंका है।




# अनंत चुनावी बिसात




## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# चंबा में मैराथन, लाहौल के ताबो पहुंचे साइकिल सवार

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 'स्वीप' के तहत गतिविधियों का आयोजन

**एमएम डैनियल, चंबा**

लोकसभा निर्वाचन-2024 में जिला चंबा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से 19 मई को जिला मुख्यालय चंबा में मैराथन का आयोजन किया गया।

मैराथन ऐतिहासिक चौगान मैदान से शुरू होकर करियां स्थित वन विभाग की चेक पोस्ट तक जाकर वापस मिलेनियम गेट पहुंचकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित मैराथन 'मेरा वोट मेरा भविष्य' थीम पर आधारित है। इस अवसर पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल द्वारा मैराथन के प्रतिभागियों को स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। उपायुक्त ने युवा आइकन फरहान मिर्जा को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। मैराथन में पुरुष वर्ग में अमित प्रथम रहे, मनोज कुमार दूसरे और रोहित कुमार तीसरे स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग में तनिष्का बराल प्रथम, सत्य दूसरे व शानू कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। इस मौके पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की धर्मपत्नी प्रियंका रेपसवाल, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान, जिला नोडल अधिकारी स्वीप अरविंद सिंह चौहान, एसडीएम चंबा एवं सहायक निवार्चन अधिकारी अरुण शर्मा, डीआरओ जगदीश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

**अनंत ज्ञान, काजा**

शिमला के रिज से चली साइक्लिंग एक्सपीडिशन दुनिया के सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ टशीगंग में मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए स्पीति पहुंच गई। जहां ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों द्वारा इसका भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिमला के रिज मैदान से साइक्लिंग एक्सपीडिशन के साइकिल सवार शिमला से 436 किलोमीटर की दूरी तय कर स्पीति के काजा में पहुंचे हैं। लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइक्लिंग एक्सपीडिशन आयोजित की गई है। ये साइकिल सवार 20 मई को टशीगंग (15256 फुट) पहुंचेंगे। स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पाल उनके साथी क्षितिज शिमला से टशीगंग जाएंगे।

स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साइक्लिस्ट जसप्रीत पाल ने कहा इस एक्सपीडिशन के माध्यम से देश के मतदाताओं को संदेश दिया जा रहा है कि मतदान का कितना महत्व है। एक जून को हिमाचल प्रदेश में मतदान होना है। जिस तरह विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र में 100 प्रतिशत मतदान होता है, उसी तरह हर मतदान केंद्र पर अधिक से अधिक मतदान होना चाहिए। इस मौके पर स्वीप के नोडल अधिकारी अजीत डोगरा सहित सेरकोंग स्कूल का स्टाफ और अन्य लोग मौजूद रहे।




ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों के साथ साइकिल सवार।

## चुनावी चुटकी

### हवा में नेता उड़ा दिए हैं

**हवा** में नेताओं के उड़ने की बात पता चल रही है। हिमाचल में ये कैसी हवा चल रही है। कुछ आसमान पर चढ़ा दिए गए हैं, धरती से पकड़ मिटा चल दिए हैं। ब्रांडिंग के नाम पर यह काम चल रहा है, कोई तो बताओ अब तूफान नहीं चल रहा है। गर्मी में आसमान पर झुलस जाओगे, फिर अपनी हालत वहां किसको बताओगे। गुब्बारे बनाकर टांग दिए हैं, एक ही खुंडी से बांध दिए हैं। विरोधी तो जहां पैदल जा रहे हैं, वहां से आपके गुब्बारों की बात सुना रहे हैं। हाई प्रोफाइल पब्लिसिटी और ब्रांडिंग के दम पर आगे बढ़ रहे हैं, उधर पैदल रास्तों से होकर गांव गांव प्रचार कर रहे हैं। रौनकी ताऊ ने भी खूब सुनाया है किस्सा, गुब्बारे में छिप रहा है चेहरे वाला हिस्सा। मेले में गुब्बारे दिखाकर तमाशा दिखाने वाले, अब लोग समझ चुके हाथ नहीं आने वाले। ताऊ का कहना है बिना हवा के गुब्बारा कैसे उड़ रहा है। हवा उसमें नकली भरी थी फिर भी मुड़ चुका है। ताऊ का साफ है कहना, गुब्बारे को न देख रहे भाई न बहना। सुनते थे गुब्बारे की बहुत कहानी, अब पता चला ये तो वोट की थी कहानी। नेताओं के हवा में उड़ते देखने वालों में नहीं रहा क्रेज, अब किसी दूसरे तरीके से उनको दिखानी होगी अपनी इमेज। -राजेश शर्मा



### सेकेंड लाइन परेशान

**हिमाचल** के विधानसभा उपचुनावों में सेकेंड लाइन के कुछ नेताओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है। अब कांग्रेस से भाजपा और भाजपा से कांग्रेस प्रत्याशी तो बदल रहे हैं, लेकिन सेकेंड लाइन के नेताओं को अपने भाषण सेट करने में परेशानी हो रही है। नेताओं ने तो पार्टी बदल ली है, लेकिन सेकेंड लाइन वाले वहीं पुरानी पार्टी में आस लगाए बैठे हैं। मेहमान बनकर आए प्रत्याशियों को संबोधित करके उन्हें सम्मान देना पड़ रहा है, जिनको पानी पी पीकर गालियां देते थे। जनता तो वही है सुनने वाली। क्षेत्र भी नहीं बदले हैं, अब सेकेंड लाइन के नेताओं की किरकिरी जनता में जरूर हो रही है। खासकर चौदह माह पहले जिनको गालियां देकर, खामियां बताकर जनता में एक माहौल बनाया था, अब उनकी प्रशंसा और कसीदे पढ़ने पर ये मजबूर हैं। रौनकी ताऊ भी समझ चुके हैं, अब जनता भी समझ चुकी है। सियासत में कुछ लोग जनता को मूर्ख समझते हैं, लेकिन जनता अब उनको ही सबक सिखाने पर आ गई है। सोशल मीडिया में जमकर सेकेंड लाइन और दूसरे नेताओं ने अपनी फजीहत देख समारोहों से दूरी बना ली है। ताऊ का भी कहना है कि समारोह में न आने के पीछे वजह उन्होंने इन नेताओं की तलाश ली है। उनकी पुराने भाषणों को लेकर जनता ने क्लास ली है।



# कांग्रेस सत्ता में आई तो नौकरी की गारंटी पक्की : आनंद शर्मा



जयसिंहपुर में जनसभा के दौरान जनता का अभिवादन स्वीकार करते कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा।

**अजय पाल, पंचरुखी**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व उद्योग, वाणिज्य एवं कपड़ा मंत्री आनंद शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की देश के युवाओं के लिए प्रस्तावित युवा न्याय गारंटी को देश के भविष्य के लिए एक गेमचेंजर योजना करार दिया है। आनंद शर्मा ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। हालांकि सरकारी आंकड़े बरोजगारी की दर साढ़े 12 फीसदी बताते हैं, मगर उनके अनुमान के अनुसार देश में बेरोजगारी दर साढ़े 16 से 17 फीसदी के स्तर पर है।

रविवार को कांगड़ा के लोअर खैरा, जालग, पंचरुखी, तिनबड़, जयसिंहपुर व आलमपुर में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने रोजगार गारंटी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि कांग्रेस प्रशिक्षु (अप्रेंटिस) एक्ट, 1961 को हटाकर प्रशिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) अधिकार अधिनियम लाएगी। यह कानून 25 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या कॉलेज स्नातक के लिए निजी एवं सरकारी क्षेत्र की कंपनी में एक साल का प्रशिक्षुता कार्यक्रम प्रदान करेगा। इस कानून के तहत हर प्रशिक्षु को एक लाख रुपए प्रति वर्ष का मानदेय दिया जाएगा, जो नियोक्ता कंपनी और सरकार द्वारा समान रूप से वहन किया जाएगा। कानून युवाओं को कौशल प्रदान करेगा, रोजगार क्षमता बढ़ाएगा और करोड़ों युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करेगा।

**बोले- सरकारी स्कूलों में विभिन्न प्रयोजनों के लिए विशेष शुल्क लेने की प्रथा को समाप्त करेगी कांग्रेस**

कांग्रेस प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पेपर लीक (प्रश्न पत्र लीक) होने के मामलों का निपटारा करने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन करेगी और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकारी स्कूलों में विभिन्न प्रयोजनों के लिए विशेष शुल्क लेने की प्रथा को समाप्त करेगी। निजी स्कूलों द्वारा ली जाने वाली फीस में अधिक समानता, सामर्थ्य और पारदर्शिता के लिए कांग्रेस राज्य सरकारों को शुल्क विनियमन समितियों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करेगी। (अनंत ज्ञान)

# विपक्ष केवल परिवारवादी पार्टियों का गठबंधनः राजीव भारद्वाज



प्रचार अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज, पवन काजल व अन्य पदाधिकारी ।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

भाजपा के कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने अपने चुनावी जनसंवाद के दौरान कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश की चारों सीटों पर प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा। भारद्वाज ने कांगड़ा मंडल के तहत जमानाबाद, खोली, भडिआड़ा, समैला, दौलतपुर, तकीपुर तथा गहलियां में नुक्कड़ सभाएं कीं।

उन्होंने कहा कि 400 सीटों के साथ नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने हर एक दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाए हैं। आज भारत कई क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने जहां गरीब परिवारों का विश्वास जीता है, वहीं महिला सशक्तिकरण और युवाओं को नए अवसर व वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं देकर देश के हर वर्ग की सेवा करने का प्रयास किया है। भारद्वाज ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेता अरविंद केजरीवाल निर्भया मामलों के दौरान धरने पर बैठे थे, लेकिन उनके ही आवास पर उनकी ही पार्टी की एक महिला सांसद के साथ मारपीट की गई। ऐसे नेता सत्ता में रहने के लायक नहीं हैं। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों का अधिकार छीन कर वर्ग विशेष को आवंटित करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस राम विरोधी और सनातन विरोधी होने के साथ-साथ राष्ट्र विरोधी भी है। आज देश के टुकड़े-टुकड़े करने के नारे लगाने वाले लोगों को कांग्रेस ने इस लोकसभा चुनाव में टिकट दिया है। घमंडिया गठबंधन केवल परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन है, जिनका जनता से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सुक्खू सरकार अपने स्वार्थ के लिए काम कर रही है और सिर्फ गांधी परिवार की सेवा कर रही है। हिमाचल प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार को सिरे से खारिज कर दिया है। सुक्खू सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा दी गई आपदा की सहायता राशि अपने चहेतों में बांटी।

**भाजपा प्रत्याशी बोले दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों का अधिकार छीन कर विशेष वर्ग को बांटना चाहती है कांग्रेस**

## पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी भोरंज मंडल द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, संगठन मंत्री उत्तराखंड अजय कुमार व चारों सेक्टरों के प्रभारी व सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता, महिलाएं व बुजुर्ग इस दौरान उपस्थित रहे। प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की वजह से ही आज भारतीय जनता पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची है, जो पूरे विश्व में सबसे अधिक कार्यकर्ताओं की पार्टी बनकर उभरी। उन्होंने ने कहा कि कार्यकर्ता कभी बूढ़ा नहीं होता न कभी रिटायर होता है।

# युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खोलेगी कांग्रेस सरकारः अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली युवा कांग्रेस के युवा सम्मेलन में शिरकत की। घालुवाल के पूरी पैलेस में आयोजित इस युवा सम्मेलन में हजारों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस सम्मेलन में आस्था अग्निहोत्री, हमीरपुर के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा की धर्मपत्नी अंजना रायजादा विशेष रूप से उपस्थित रहे। युवा कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष निगम भंडारी, जिला अध्यक्ष राघव ठाकुर, हरोली ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, हरोली ब्लॉक अध्यक्ष विनोद बिट्टू भी उपस्थित रहे।

इस मौके पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल की सरकार रोजगार के लिए काम कर रही है, युवाओं को रोजगार मिले इसकी प्राथमिकता तय की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के द्वार सरकार खोलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी, उद्योग, स्वरोजगार के साधन हो इन सब में हिमाचलियों को प्राथमिकता मिले इसको लेकर के हम काम कर रहे हैं।



घालूवाल में कांग्रेस के युवा सम्मेलन में उपस्थित युवा।

# लोगों के घरों का बिजली का बिल शून्य करेगी मोदी की योजना : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा भाजपा शासन में 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर बनाकर दिए गए हैं और पीएम नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि अगले 5 वर्षों में 3 करोड़ पक्के घर और बनाए जाएंगे। कोई भी पक्की छत के बिना नहीं रहेगा।

देश के लोगों के घरों का बिजली का बिल शून्य करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर घर पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे और जो बिजली बच जाएगी, उसे सरकार खरीदेगी, ताकि यह लोगों की आमदनी का भी माध्यम बन सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी दी गई 300 यूनिट की गारंटी भी याद नहीं। आने वाले वर्षों में हर घर तक पाइप से गैस को पहुंचाया जाएगा। आज देश के 10 करोड़ 74 लाख परिवार यानी देश की 40 प्रतिशत आबादी को पीएम नरेंद्र मोदी ने 5 लाख तक के निशुल्क इलाज की सुविधा दी है।



भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप समर्थकों के साथ।

## लोकतंत्र के लिए कांग्रेस की जीत जरूरी : नरसेठ

**शिमला।** ब्लॉक अनुसूचित जाति विभाग शिमला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के लिए जुब्बल-नावर-कोटखाई में घर-घर जाकर प्रचार कर समर्थन मांगेगा। यह बात ब्लॉक अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मुन्नी लाल नरसेठ ने खड़ापत्थर में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद सुरेश कश्यप का कार्यकाल पूरी तरह से निराशाजनक रहा हैं। नरसेठ ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए भाजपा को हराना होगा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने गत 15 महीनें में हर क्षेत्र में कार्य किया है। नरसेठ ने कहा कि जुब्बल नावर कोटखाई में सड़कों के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा हैं।

## भाजपा प्रत्याशी ने बेटे के नाम पर बनवाए करोड़ों रुपए के जाली दस्तावेजः विक्कू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने रविवार सुबह क्षेत्र के तनोह पंचायत के सोरला में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां मुख्यमंत्री ने अपने बच्चों के लिए रखी जमापूंजी को आपदा के समय प्रदेश हित में लगा दिया। वहीं, दूसरी तरफ 9 लोगों ने प्रदेश के हितों को बेच दिया।

उन्होंने कहा कि हद तो तब हुई जब कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी ने बेटे के नाम पर करोड़ों रुपए के टेंडर में जाली दस्तावेज बना कर टेंडर की गड़बड़ी की। अब पीडब्ल्यूडी विभाग ने कांगड़ा में मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति बेटे के भविष्य के साथ ऐसा कर सकता है, तो कुटलैहड़ के युवा वर्ग का हित कैसे करेगा। उन्होंने कहा कि आज वे लोग फिर साथ मांगने लोगों के द्वार आ रहे हैं, पर उनका साथ क्यों। 14 महीने में कुटलैहड़ को ठेके पर गिरवी रखने वाले इन दगाबाजों को अब सबक सिखाने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि ऐसा व्यक्ति जो पहले लोगों को आर्थिक सहायता के नाम पर पैसा देता है और बाद में फोटो खिंचवा कर उनको धमकता है, ऐसा व्यक्ति कैसे समाजसेवी हो सकता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जो भी पैसा क्षेत्र के लोगों को बांटा गया वह भी लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाया, क्योंकि जो व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए परिवार की अनदेखी कर सकता है वह कैसे जनमा का सेवक हो सकता है।

**सियासत** — एक पर सांसद पिता और सरकार का आशीर्वाद, दूसरे के सिर पर मोदी का हाथ

# सुल्तानपुरी के दो, कश्यप के तीन राउंड पूरे

**एसपी जैरथ, नाहन**

हिमाचल प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर अब केवल 11 दिन शेष बचे हैं, तो वहीं कड़ी टक्कर के साथ कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी गांव-गांव, घर-घर पगडंडियां नाप रहे हैं।

शिमला संसदीय क्षेत्र की 17 विधानसभाओं में जहां दोनों पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील कर रहे हैं, तो वहीं प्रत्याशी भी बड़े-बड़े दावों के साथ अपनी क्षमताओं के कसीदे पढ़ रहे हैं। बड़ी बात तो यह है कि कांग्रेस के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी जहां केवल विधानसभा क्षेत्र में केवल दो राउंड ही कर पाए हैं, वहीं भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने बाजी मारते हुए तीन राउंड पूरी तरह कंप्लीट कर लिए हैं। हालांकि सुरेश कश्यप के प्रचार में संगठन जहां मोदी के नाम के साथ केंद्रीय योजनाओं के दम पर जीत का दावा कर रहे हैं, वहीं प्रत्याशी सुरेश कश्यप भी एमपी फंड का शत-प्रतिशत सभी विधानसभा क्षेत्रों में खर्च कर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। प्रत्याशी सुरेश कश्यप का कहना है कि जिस गांव से कांग्रेसी प्रत्याशी ताल्लुक रखते हैं, वह अपनी पंचायत के प्रधान और उपप्रधान का विश्वास खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी प्रत्याशी के गांव के प्रधान और उपप्रधान ने कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा का दामन थामा है। वहीं, विनोद सुल्तानपुरी का कहना है कि दोनों ही पहले से भाजपा के हैं। यह बात भाजपा सरकार में मंत्री रहे सहजल अच्छी तरह जानते हैं। सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रधान और उपप्रधान अपनी नाकामी को लेकर न केवल पंचायत, बल्कि पूरे क्षेत्र में जाने जाते हैं। सुल्तानपुरी ने यह भी कहा कि हाल ही में पंचायत के लिए एक करोड़ से अधिक की धनराशि विकास कार्य के लिए उपलब्ध कराई गई थी, मगर इन दोनों की वजह से यह धनराशि खर्च नहीं हो पाई। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि उनके सर पर उनके स्वर्गीय पिता व पूर्व सांसद रहे केडी सुल्तानपुरी का हाथ है। (अनंत ज्ञान)

**गांव-गांव और घर-घर पगडंडियां नाप रहे कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी**





## पानी की समस्या से जूझ रहा बिलासपुरः त्रिलोक जम्वाल

**बिलासपुर।** बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पेयजल समस्या को लेकर जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने के साथ ही प्रदेश सरकार को भी आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर शहर समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र में लोग पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बावजूद इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। चुनावी बेला में कांग्रेस सरकार आसमान से तारे तोड़कर लाने जैसे वादे कर रही है, लेकिन लोगों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा तक उपलब्ध करवाने में नाकाम इस सरकार के चुनावी वादों की हकीकत का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। यदि समस्या का समाधान तुरंत नहीं किया गया तो धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि पिछले कई दिनों से वह सदर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र में ऐसी एक भी पंचायत नहीं मिल पाई है, जहां लोगों ने पानी की समस्या की शिकायत नहीं की हो।

## बढ़-चढ़कर मतदान करे जनताः राजीव शर्मा

**बंगाणा।** ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा के कुटलेहड़ विधानसभा से आजाद प्रत्याशी राजीव शर्मा उर्फ फौजी ने अपना प्रचार अभियान जोरों से शुरू कर दिया है। राजीव शर्मा ने कुटलैहड़ की जनता से आह्वान किया है कि विधानसभा के चुनाव बहुत जल्दी आ गए हैं जिसका कारण जनता जानती है। जिनको जनता ने 5 साल के लिए कुर्सी दी थी, उनसे संभाली नहीं गई और जो संभालना चाहते हैं, उनको मौका नहीं मिलता है। उन्होंने जनता से चुनाव में बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की और प्रदेश की सरकार को स्थिर करने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 15 महीने के बाद उपचुनाव आना प्रदेश को शर्मसार करता है। आखिर क्यों ऐसे कारण बने कि उपचुनाव करवाया जाएं। जनता को यह सोचना चाहिए और प्रदेश के विकास में सरकार का सहयोग करना चाहिए।



मतदान का संदेश




लडभड़ोल स्कूल के एनएसएस के स्वयंसेवियों ने मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया।

जागरूकता अभियान



स्वीप कार्यक्रम के तहत जोगिंद्रनगर गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



मंडी सांस्कृतिक राजधानी है। ऐसे में यहां संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए धरातल पर काम करने की आवश्यकता है। यहां प्रतिभाएं तो हैं, लेकिन मंच नहीं है। मंच मिलने पर ये प्रतिभाएं विश्वभर में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। संगीत से लेकर साहित्य तक बहुत सी प्रतिभाएं आज मंच की आस में हैं। प्राचीन धरोहरों को संजोने की आवश्यकता है, ताकि आनी वाली पीढ़ियों को इतिहास बताया जा सके। **दीपिका, मंडी।**



हमारे संसदीय क्षेत्र में बीते 10 साल में काफी विकास हुआ है। बात चाहे स्वास्थ सुविधाओं ही हो या बेहतर शिक्षा की। लोग भाजपा के साथ हैं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जिताएंगे। **करण सोनी, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**



अपने मत का प्रयोग सूझ-बूझ से करें। किसी भी राजनीतिक बहकावे में न आएं। आपका वोट कीमती है। आपका एक वोट आपके भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। महिलाओं की सुरक्षा मुख्य मुद्दा है इसके लिए राजनेताओं को जमीनी स्तर मजबूत करना चाहिए। लूट-घसूट की राजनीति बंद होनी चाहिए। **तमन्ना देवी, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**



मंडी सांसद से हम उम्मीद रखते हैं कि वह यहां के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए गंभीर प्रयास करे और केंद्र से जनकल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय स्तर पर क्रियान्वित करवाए। पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास करे, ताकि यहां पर्यटक आएं और हिमाचल की आर्थिकी सुदृढ़ हो। **अमित, मंडी।**



मतदान करना मेरा अधिकार है और पहली बार मतदान करने का अवसर मिला है और काफी खुश हूं। पहला मतदान खाली नहीं जाएगा। इसके लिए पहले ही अच्छे उम्मीदवार कि पहचान करके ही मतदान किया जाएगा। **हैप्पी सिंह, बड़सर।**



हमारा वोट महत्वपूर्ण है। लोगों को सोच-समझकर मतदान करना चाहिए। आज के समय में सब पढ़े-लिखे हैं, ऐसे में लोकसभा चुनाव में लोगों को यही देखना जरूर है कि कौन सी पार्टी विकास कर रही है और रोजगार का प्रावधान कौन कर रहा है। बेरोजगारी कैसे दूर हो सकती है। **सुरजीत सिंह, हमीरपुर।**

# कंगना सिर्फ पीएम मोदी के नाम का कर रही जाप : विक्रमादित्य

## कुल्लू जिले में कई चुनावी जनसभाएं कर भाजपा पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**मंडी** संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सांसद बनने के बाद वह विदेशों से आने वाले सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने के लिए बागवानों की आवाज को प्रमुखता से उठाएंगे।

युवाओं के लिए घरद्वार पर रोजगार व स्वरोजगार के द्वार खुले, यह उनका मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए विजन है।

विक्रमादित्य ने रविवार को कुल्लू जिले के भूट्टी, बनोगी देवरी, न्यूली, रैला, पुखरी, तलाडा और जिभी में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनका विकास का विजन सामने है, जबकि भाजपा की प्रत्याशी कंगना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ही जाप कर रही है। राजनीति कोई पेशा नहीं है, जनसेवा का एक बड़ा माध्यम है।

**राजनीति कोई पेशा नहीं जनसेवा का एक माध्यम**



चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।

### भाजपा प्रत्याशी की हार देख बौखलाए जयराम, क्षेत्रवाद की कर रहे राजनीति

**कंगना** रनौत की हार देखकर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बौखला गए हैं और अब वह मंडी में क्षेत्रवाद की राजनीति कर रहे हैं। कंगना के उस वक्तव्य पर, जिसमें वह कह रही है कि एक ही परिवार कुर्सी से चिपके रहना चाहते हैं पर कहा कि प्रदेश के लोगों ने स्व. वीरभद्र सिंह को छह बार मुख्यमंत्री के तौर पर चुना। सांसद प्रतिभा सिंह को मंडी से 3 बार सांसद के तौर पर चुना। कंगना ऐसे बयान देकर प्रदेश के जनमत व 70 लाख लोगों की भावनाओं का अपमान कर रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भी अपमान कर रही है कि देश में जो विकास हुआ है, वह सब 2014 के बाद ही हुआ है।

# विक्रमादित्य के परिवार ने स्कूटरों पर बेचे थे सेब, आज खुद जमानत पर : कंगना

## सत्ता की भूख के कारण इस परिवार ने नहीं छोड़ा मंत्री और अध्यक्ष पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य के परिवार ने स्कूटरों पर सेब बेचे थे और आज वह खुद भी जमानत पर हैं। बल्ह विधानसभा क्षेत्र के तहत भंगरोटू में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कंगना ने विक्रमादित्य के परिवार को पावर हंगरी परिवार की संज्ञा दी।

उन्होंने कहा कि मंत्री पद और अध्यक्ष पद में से इस परिवार को एक पद नैतिकता के आधार पर छोड़ देना चाहिए था, लेकिन सत्ता की भूख के कारण यह ऐसा नहीं कर पाए।

भाजपा पार्टी के ऐसे संस्कार नहीं हैं कि एक ही परिवार कुंडली मारकर बैठा रहे। विपक्षी गठबंधन को महाजहरीला गठबंधन बताया। इस गठबंधन में एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचारी शामिल हैं।

**विक्रमादित्य के परिवार को दी पावर हंगरी परिवार की संज्ञा**




भंगरोटू में कंगना रनौत को सम्मानित करतीं महिलाएं।

### 15 माह में डगमगा गई सुक्खू सरकार

**सीएम** सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि जयराम ठाकुर को फ्लॉप डायरेक्टर बताने वाले पहले यह जान लें कि जयराम ठाकुर ने पूरे 5 साल तक स्थिर सरकार चलाई थी, लेकिन कांग्रेस की सरकार तो 15 माह में ही डगमगा गई। 4 जून को कांग्रेस की फिल्म इस कद्र फ्लॉप होगी कि पर्दे से ही उतर जाएगी। केंद्र के साथ-साथ प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगी। प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य मीडिया को बुलाकर अपनी ही सरकार को काम न होने पर कोसते हैं और इस्तीफा दे देते हैं, लेकिन 5 मिनट बाद ही सुक्खू भाई-सुक्खू भाई करके गलफहमियों डालने लग जाते हैं। उन्होंने विक्रमादित्य के रोने की मिमिक्री भी की। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता सौंपने की ठान चुकी है। कांग्रेस लोगों को धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर भड़काने में लगी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी यहां जनसभा को संबोधित किया। इस मौके विधायक इंद्र सिंह गांधी भी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 को नाहन और मंडी में करेंगे जनसभाएं

**नाहन।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के चुनावी प्रचार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी 24 मई को नाहन और मंडी में चुनावी जनसभाएं करेंगे। पीएम शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पक्ष में प्रचार करेंगे, जबकि मंडी संसदीय क्षेत्र से कंगना रनौत के लिए चुनावी सभा करेंगे। यह जानकारी सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सिरमौर प्रवास तय हो गया है।

# आजाद विधायक का नया नाम 'केएल बिके' : सुक्खू



नालागढ़ के पंजैहरा में जनसभा को संबोधित करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नालागढ़ के आजाद विधायक बिके हुए हैं। पहले ऐसे आजाद विधायक हैं, जो इस्तीफा स्वीकार करवाने के लिए विधानसभा के बाहर धरना दे रहे हैं और हाईकोर्ट में इस्तीफा मंजूर करवाने के लिए बार-बार पहुंच रहे हैं, क्योंकि उन पर अटैची का दबाव है।

नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पंजैहरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज इसलिए उनका नामकरण करने जा रहा हूं, जिन्हें अब 'केएल बिके' के नाम से जाना जाएगा। उन्हें मेरी तरफ से दिया गया सम्मान नहीं, भाजपा की तरफ से अटैची में भरकर दिया सामान पसंद आया। बिकाऊ पूर्व विधायक आजाद चुनकर गए थे, उन्हें किस बात का डर था। उन्होंने नालागढ़ की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने बद्दी में भी जनसभा को संबोधित किया। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पूरे पांच साल चलेगी और भरपूर विकास करेगी। इस मौके पर शिमला संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, दून विधायक राम कुमार चौधरी आदि मौजूद रहे।

### हरदीप बावा के पास काम लेकर आओ सभी करूंगा

**मुख्यमंत्री** ने पूर्व में कांग्रेस से प्रत्याशी रहे हरदीप सिंह बावा का हाथ उठाकर क्षेत्र की जनता से कहा कि आप अपने काम लेकर हरदीप बावा के पास आओ, मैं हर काम करूंगा और विकास में कमी नहीं आने की जाएगी। आजाद विधायक केएल ठाकुर के बोलने पर हर काम किए, लेकिन उन्हें सम्मान रास नहीं आया।

# झूठी गारंटियों की फ्लॉप फिल्म दिखाते रहे सुक्खू : राणा

## कहा- जनता को नहीं कर सकते गुमराह, आर्थिक तंगी का रोना उनकी उपलब्धि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/सुजानपुर**

**सुजानपुर** से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू ने जनता को गुमराह किया है। 15 माह की झूठी गारंटियों की फ्लॉप फिल्म दिखाकर वे जनता को गुमराह नहीं कर सकते।

आर्थिक तंगी को लेकर जितना रोना उन्होंने रोय हैं, यही एकमात्र उनकी उपलब्धि है। रविवार को चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री की रैलियां और नुक्कड़ सभाएं भी बिग फ्लॉप साबित हो रही हैं। इस वजह से उनकी मानसिक स्थिति भी उनका साथ नहीं दे रही और वह अपने भाषणों में भी शब्दों की मर्यादा लांघ रहे हैं। उनकी सरकार की लुटिया क्यों डूबी, उसकी असली वजह वह जनता को बताने से घबरा रहे हैं।

**रैलियां फ्लॉप होने से मानसिक स्थिति नहीं दे रही साथ**



चुनावी जनसभा के दौरान लोगों के साथ राजेंद्र राणा।

### जनता करेगी अहंकारी मुखिया का बिस्तर पैक

**मुख्यमंत्री** ने सिर्फ संस्थान बंद करने और चुने विधायकों को जलील करने के साथ-साथ उनके विधानसभा क्षेत्र में विकास पर अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन पहली जून को जनता मित्रों की सरकार के इस अहंकारी मुखिया का बोरिया बिस्तर पैक कर देगी। जनता षड्यंत्रों की राजनीति के मास्टरमाइंड को सत्ता से हटाने का पूरा मन बना चुकी है और देश व प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार बनने वाली है। जनता इस बार गुमराह नहीं होगी, बल्कि सबक सिखाएंगी।

# जनता दलबदलुओं को सिखाएगी सबक: डोगरा



कक्कड़ में लोगों को साथ एनसीपी प्रत्याशी रविंद्र डोगरा।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता से एनसीपी प्रत्याशी रविंद्र सिंह डोगरा ने कक्कड़ में जनसभा को संबोधित किया और लोगों से समर्थन मांगा। लोगों से एनसीपी के चुनाव चिन्ह घड़ी पर मोहर लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दलबदलूओं को सबक सिखाने के लिए लोगों ने कमर कस ली है। अब लोग इन पार्टियों से परेशान हो चुके हैं।

# सीएम को सिर्फ मित्रों की चिंता: लखनपाल

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

**भाजपा** प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने रविवार को भीषण गर्मी के बीच बड़सर पंचायत सहित आसपास की पंचायतों में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं सहित लखनपाल समर्थक भारी संख्या में शामिल हुए, जो 2012 के चुनावों से उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को केवल वही लोग पसंद हैं, जो उनकी जी हुजूरी करते हैं। यदि कोई विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं, जनता से किए गए वादों पर बात करता है तो वह सब उन्हें काले नाग दिखाई देते हैं। जनता के आशीर्वाद से पिछली सरकारों ने बड़सर के विकास में भरपूर योगदान दिया, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री ने संस्थाओं को बंद करवा दिया। मुख्यमंत्री का इतिहास विधायकों को जलील करना व प्रदेश के विकास को रोकने का रहेगा। मुख्यमंत्री को जनता की नहीं, सिर्फ अपने मित्रों की चिंता है। (अनंत ज्ञान)



# धर्माणी ने ढटवालिया के पक्ष में मांगे वोट

**अनंत ज्ञान,बिझड़ी**

**बड़सर** में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए फील्ड में पूरी ताकत झोंक दी है।

बड़सर विधानसभा उपचुनाव प्रभारी एवं कांग्रेस सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को सुभाष ढटवालिया के पक्ष में बणी पंचायत में जनसभाएं की और जनता को कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताया। उन्होंने लोगों से पहली जून को कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील की। जनता कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाकर विधानसभा में भेजें, विकास कार्य मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू खुद करवाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता राजेश बन्याल सहित सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कांग्रेस की मंशा सिर्फ अपने परिवार वालों की चिंता करना व नीयत में भ्रष्टाचार: बिंदल

## कहा- गरीब परिवारों की सेवा ही मोदी की गारंटी, देश में किया चौतरफा विकास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि देश में पिछले दस साल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौतरफा विकास हुआ है। पिछले एक दशक में देशभर में करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज विकास की हर रोज नई गाथाएं लिखता जा रहा है। कांग्रेस की मंशा सिर्फ अपने परिवार वालों की चिंता व नीयत में मात्र भ्रष्टाचार है। राहुल गांधी बताएं कि रायबरेली के लिए क्या किया? प्रधानमंत्री ने दस वर्ष में यूपी के विकास के लिए 18,55,000 करोड़ रुपए भेजे हैं। जब मनमोहन सिंह की सरकार थी, तो उत्तर प्रदेश को क्या दिया गया था? सिर्फ चार लाख करोड़ दिए थे। अमेठी और रायबरेली के लोग वर्षों से गांधी परिवार को अपना नेता मान रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें अपना नहीं माना है। प्रियंका गांधी कहती हैं कि रायबरेली व अमेठी मेरे परिवार की सीट है। सीट किसी परिवार की नहीं है।



### प्रदेश की चारों सीटों पर जीतेगी भाजपा

**हिमाचल** की जनता ने मन बना लिया है कि प्रदेश की चारों सीटों पर भाजपा की जीत होगी और एक बार केंद्र में फिर से मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनेगी। साथ ही 6 विधानसभा सीटें जीत कर पुनः प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है।

**सियासत** पार्टी के कई पदाधिकारी सरेआम उतरे हैं बगावत पर, सोशल मीडिया में वायरल हो रहे ऑडियो-वीडियो

# दलबदलुओं पर कार्रवाई को लेकर भाजपा हाईकमान ऊहापोह में

**विक्रम ढटवालिया, बड़सर (हमीरपुर)**

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र में दलबदलुओं पर कार्रवाई की गाज गिरा दी जाए या फिर और इंतजार कर लिया जाए? इसी ऊहापोह में भाजपा हाईकमान है। पार्टी के कई पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता यहां पर खुलेआम बगावत पर उतरे हुए हैं। उनके ऑडियो-वीडियो भी सोशल मीडिया में खूब चर्चा में हैं।

चुनाव प्रचार के भीतरी ढांचे को इन लोगों से लगातार खतरा बना हुआ है। क्योंकि जिस अंदाज में इनकी गतिविधियां जारी हैं, पार्टी का कुनबा यहां अजीबोगरीब पशोपेश में दिखने लगा है।

पार्टी के ढांचे में बड़े स्तर पर यहां पर 'दरार' देखी जा रही है, उसकी भरपाई किन नेताओं के हवाले की गई है। क्या यह भरपाई हो भी पाएगी या फिर तमाशा देखकर भाजपा के वरिष्ठ नेता आला नेताओं को कोसने के अलावा और कुछ भी करने की हालत में नहीं रहेंगे। (अनंत ज्ञान)





- चुनाव प्रचार के भीतरी ढांचे को बगावत करने वालों का खतरा
- तप्पा ढटवाल में बदल रहे समीकरण

### ढटवालिया से भाजपा के लिए समस्या खड़ी

**कांग्रेस** ने इस बार सुभाष ढटवालिया को विशेष क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया। इस वजह से भाजपा के लिए समस्या खड़ी की है। अब यदि क्षेत्रवाद के घोड़े की सवारी भाजपाइयों की अंदरुनी स्थिति पर सवार हो गई तो फिर क्षेत्र में चुनावी दंगल बेहद रोचक हो जाएगा। भाजपा की मुश्किलें बढ़ जाएंगी, क्योंकि भाजपा के भीतर 'मैं ना मानू' वाली स्थिति जारी रही, चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव भी आ सकता है। काबिलेगौर है कि यहां पर भाजपा ने इस बार ऑपरेशन लोटस में शामिल तीसरी मर्तबा चुने गए कांग्रेस के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को पार्टी प्रत्याशी बनाया है।

### 'विभीषणों' पर नजर रखने के लिए लगाईं ड्यूटियां

**पार्टी** ने बूथ स्तर पर ऐसे लोगों की तैनाती करने का सिलसिला शुरू कर दिया है, जो चुनाव प्रचार में दलबदलुओं पर नजर रख पाएंगे। उत्तराखंड से भी कई वरिष्ठ कार्यकर्ता इन दिनों बड़सर कर पहुंचे हुए हैं। उनकी ड्यूटियां ऐसे लोगों के साथ लगाई गई हैं, ताकि पल-पल की रिपोर्ट हाईकमान को मिल सके। काबिलेगौर हो कि क्षेत्र में संदिग्ध पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भूमिका को लेकर अलग-अलग रिपोर्ट्स आला नेताओं को भेजी जा चुकी हैं।

# 10 हजार लीटर शराब की नष्ट

## नशे का गढ़ माने जाने वाले छन्नी बेली में नूरपुर पुलिस की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा लोकसभा चुनाव के तहत नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत थाना डमटाल के अंतर्गत नशे का गढ़ माने जाने वाले छन्नी बेली में रविवार को थाना प्रभारी कल्याण सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान करीब 10000 लीटर कच्ची शराब को बरामद करके उसे नष्ट किया गया। जिला पुलिस नूरपुर द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता के दौरान 16 मार्च से लेकर 19 मार्च की अवधि के दौरान पुलिस जिला नूरपुर के विभिन्न स्थानों में अब तक आबकारी अधिनियम के तहत 74 मामले अलग-अलग थानों में पंजीकृत किए गए हैं। इनमें कुल 7,07,050 एमएल अवैध शराब तथा 9,17, 250 मिलीलीटर देसी शराब तथा 2,27, 500 मिलीलीटर बियर, 3280 लीटर स्पिरिट तथा 9,09 450 की नकद राशि बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि भविष्य में भी नशे के खिलाफ अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस जिला नूरपुर का अभियान जारी रहेगा।



नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान के तहत रविवार को छन्नी बेली में अवैध कच्ची शराब नष्ट करते पुलिस कर्मी।

## कड़ोआ जख मंदिर परिसर में की कुओं की सफाई

**डाडासीबा।** डाडासीबा के अंतर्गत गांव कड़ोआ शिव जख मंदिर परिसर के अंदर बने पीने के पानी के कुओं की कड़ोआ के युवाओं ने साफ-सफाई की। सफाई अभियान में अजय धीमान, मोहन लाल,राकेश कुमार, लकी धीमान, सुभाष चंद, अंकुश, कार्तिक, आयुष और राजेश ने अपना श्रमदान दिया। यह युवा हर नेक कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है।



# जयसिंहपुर कॉलेज में छात्रों से चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में निर्वाचन आयोग कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों व विभिन्न छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्वीप प्रोग्राम के नोडल अधिकारी प्रिंस जसरोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय में शिरकत की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा व प्रो. विकास कालोत्रा, डॉ. इंद्र कुमार, प्रो सुमिक्ष्ल सूद, प्रो. ललिता शर्मा, डॉ. आस्था गुप्ता, प्रो. सरजनी नेगी शामिल रहे। इस कार्यक्रम के तहत प्रिंस जसरोटिया ने महाविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही साथ मतदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने महाविद्यालय आए मुख्य वक्ता व उनके मतदान जागरूकता के लिए कर रहे उल्लेखनीय प्रयासों के लिए उनकी सराहना की तथा छात्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।



जयसिंहपुर कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र व अन्य।

# श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में प्लेसमेंट ड्राइव में 8 छात्र सिलेक्ट



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में अंतरराष्ट्रीय कंपनी कंधारी बेवरेजेज (कोका कोला) की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज की अध्यक्षता में इस ड्राइव में साई पॉलिटेक्निक कॉलेज के डिप्लोमा मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल के साथ बीटेक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। डायरेक्टर प्लेसमेंट सुलक्ष्य कुमार मुरगई ने बताया कि कंधारी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी है जिसे अप्रैल, 1993 को निगमित किया गया था। कंपनी के अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्लांट्स पंजाब, हरियाणा समेत जम्मू-कश्मीर में मौजूद है। कठुआ में आने वाले समय एक बहुत बढ़ा प्लांट खोला जा रहा है जिसके लिए कंपनी ने साई कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया।

ग्रुप के चेयरमैन एस के पुंज द्वारा कंपनी ऑफिशल्स में विशेष रूप से चंडीगढ़ से आए डायरेक्टर विजय शर्मा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके बाद सिलेक्शन प्रक्रिया आरंभ हुई,जिसमें कंपनी प्रेजेंटेशन,लिखित परीक्षा व पर्सनल इंटरव्यू के बाद 8 छात्रों का चयन हुआ।

डायरेक्टर प्लेसमेंट सुलक्षय कुमार मुरगई ने बताया कि गत कई वर्षों के भांति इस वर्ष भी हमारे छात्रों पर कंपनी ने विश्वास किया और उनकी प्रतिभा को आंकते हुए उन्हें पुनः यह अवसर दिया गया जिसके लिये उनका आभार व्यक्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

# एंजल स्कूल भवारना में गुरु वंदन कार्यक्रम में छात्रों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, डरोह**

जीसीएम एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में भारत विकास परिषद के सौजन्य से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद के अध्यक्ष समीर सूद ने शाखा के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष ने शाखा के गण्यमान्यों को सम्मानित किया। स्कूल की छात्राओं ने वंदे मातरम और वंदना की सुंदर प्रस्तुति देकर भारत माता का गौरव गान किया। स्कूल के प्रधानाचार्य समीर सूद ने कहा कि स्कूल में समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों में अच्छे संस्कार और देशभक्ति की भावना जागृत हो। शाखा के सचिव रिपन सूद ने बताया कि परिषद का लक्ष्य स्वामी विवेकानद के आदर्शों पर चलते हुए जनमानस की भलाई करना है। उन्होंने बच्चों को जीवन में गुरु की महत्ता के बारे में बताया। भारत विकास परिषद ने स्कूल के मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत शाखा कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुओं को सम्मानित किया गया ताकि बच्चों में गुरुओं के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना जागृत हो। इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ सदस्य दीवान नागपाल, अश्विनी गोयल, सुदेश भागड़ा, रीना धीमान, सोनिया सूद, जतिन, राजीव सूद, सोनी गुप्ता, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## वन संपदा बचाने को मांगा सहयोग

**देहरा।** ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर की प्रधान ममता देवी ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही इन दिनों आगजनी की काफी घटनाएं हो रही हैं। इन दिनों फसल काटने के बाद किसानों द्वारा खेतों की साफ-सफाई करते समय झाड़ियों को काट कर जलाया जा रहा है। छोटी सी लापरवाही कई बार किसानों की खुद की संपदा व सरकारी वन संपदा को जला कर भस्म कर देती है। वन संपदा आग की भेंट चढ़ जाती है, जिसे बचाने के लिए प्रधान ने लोगों से सहयोग की अपील की है। डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा ने किसानों से आग्रह किया है कि जब भी वे अपने खेतों में घासनियां जलाने जाते हैं तो सबसे पहले खेतों को लगाए गए बाड़ से उचित दूरी बनाए रखें।

# सुरेंद्र मनकोटिया ने सतपाल रायजादा के लिए मांगे वोट



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया डोर-टू-डोर प्रचार करते हुए।

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने रविवार को जसवां परागपुर के विभिन्न क्षेत्रों मे डोर-टू-डोर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेश प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा के लिए वोट मांगे। इस दौरान इनके साथ जसवां परागपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

सुरेंद्र सिह मनकोटिया ने कहा कि भाजपा का धन-बल का घमंड सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपा नेताओं के अहंकार को प्रदेश की जनता देख रही है। धन-बल के जरिए भाजपा नेता प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। भाजपा का असली चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है। भाजपा नेता अहंकार में हैं, लेकिन कांग्रेस के पास जनबल है। आगामी लोकसभा चुनाव और छह विधानसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

प्रदेश की जनता का आशीर्वाद मुख्यमंत्री के साथ है। भाजपा नेता धनबल का जितना मर्जी जोर लगा लें, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू के किए कामों को प्रदेश के हर कोने कोने तक कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ मिल कर जनता तक पहुंचाएंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश की सेवा तन मन से कर रहे और उसके नतीजे जनता के हित में आ रहे हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी रिकॉर्ड तोड़ मतों से हासिल करेंगे जीत: विवेक



**नूरपुर।** लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेंगे। चुनाव प्रचार के दौरान मिल रहे जनसमर्थन से यह साबित हो चुका है कि जनता अब देश में बदलाव चाहती है। कांग्रेस ओबीसी विभाग प्रभारी विवेक ने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा और विधानसभा की छह सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। प्रत्याशियों की जीत को लेकर जहां प्रदेश की जनता अपार स्नेह दे रही है तो वहीं पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मेहनत कर पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस को मिल रहे समर्थन से भाजपा के होश उड़ गए हैं। एक ओर देश की सबसे हॉट सीट मानी जा रही मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा बैकफूट पर चली गई है तो दूसरी हॉट सीट चंबा-कांगड़ा पर भी कांग्रेस प्रत्याशी व वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भाजपा की नींद हराम कर दी है। वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा को मिल रहे समर्थन से भाजपा सकते में आ गई है।

# हेल्थ इज वेल्थ

# खाना खाने का मन नहीं? समझो, आपको है अरुचि की बीमारी

**रोजमर्रा** की जिंदगी में अक्सर यह सुनने को मिलता है कि आज मेरा खाना खाने का मन नहीं है। खाना भी स्वादिष्ट बना हो, भूख भी लगी हो पर खाने का मन न करे, उसे अरुचि कहते हैं।

नगरोटा बगवां के डॉ.रामस्वरूप चांद, बीएएमएस,डीएनएनवाई का कहना है कि बड़ी ही असमंजस की स्थिति बन जाती है, पर यह सब जान बूझ कर नहीं अपितु इसी छुपी हुई बीमारी अरुचि कहा जाता है। आयुर्वेद में इसके अन्य भेद यथा भक्तद्वेष (भोजन का नाम सुनने, देखने और स्पर्श करने पर अनिच्छा और द्वेष होना) और अभक्तच्छंद (क्रोध, भय और प्रतिकूल परिस्तिथि में होने पर भोजन की अनिच्छा) माने गए हैं। अरुचि होने पर मुंह का स्वाद कड़वा, मुंह से पानी या लार का चलना,जिह्वा का मैला होना, खट्टापन, मुंह से दुर्गंध आना, बेचैनी और बारंबार उठना बैठना,भोजन से स्वतः ही दूरी बनाए रखना इत्यादि लक्षण पाए जाते हैं। शास्त्रीय योगों में दाडिमाष्टक चूर्ण, लवंगादि चूर्ण, तालिसादि चूर्ण, सितोपलादि चूर्ण, रोचन चूर्ण, प्रभाकर चूर्ण, हिंग्वादि वटी, अविपत्तिकर चूर्ण, यवनिपडव चूर्ण, अमलपितान्तक पाक और भोजनोपरांत द्राक्षासव का सेवन अरुचि दूर करता है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि अरुचि, अग्निमांद्य और अजीर्ण यह तीन अलग-अलग बीमारियां है।

– प्रस्तुतिः डॉ.रामस्वरूप चांद



### अदरक रस और शहद से भी फायदा



डॉ.रामस्वरूप चांद का कहना है कि अरुचि में तक्र (छाछ, मट्ठा) 100 मिलीलीटर में भुनी राई, भुना जीरा, सौंठ और सेंधा नमक , प्रत्येक 10 ग्राम लेकर महीन चूर्ण कर मिलाकर पीने से फायदा होता है। सिर्फ अदरक रस और शहद को मिलाकर खाने या चाटने से भी लाभ होता है। बिजोरा नींबू की केशर,सेंधा नमक में शहद मिला कर मुंह में रखने तथा अनारदाना चूसने से भी अरुचि दूर होती है। काली मिर्च का चूर्ण शहद में मिलाकर चाटने से भी लाभ होता है।

### नींबू की शिकंजी भी लाभकारी

**इसके** अतिरिक्त नींबू की शिकंजी जिसमें आधा गिलास चीनी के शर्बत में एक छोटे नींबू का रस निचोड़ कर, लौंग और काली मिर्च का चूर्ण बुरक कर पिलाना लाभकारी होता है। इससे पहले अनार रस, जीरा और चीनी का समभाग लेकर उसका काढ़ा बनाकर उसमें स्वादानुसार चीनी या नमक मिलकर तथा तिलतेल या शहद डालकर मुंह में कुल्ला करने से भी अरुचि और मुखदुर्गंध दूर होती है। इमली और गुड़ को पानी में घोल कर दालचीनी, बड़ी इलायची और काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर पीने से या गरारे करने से भी अरुचि दूर होती है।



### घरेलू उपचार हितकारी होते हैं



डॉ. रामस्वरूप चांद का कहना है कि इसके इलाज के लिए औषधयुक्त कंवलयोग( कुल्ला )का प्रयोग, रुचिवर्द्धक और जठराग्नि को बढ़ाने वाले वाले पेय तथा मुखशोधन हेतु घरेलू उपचार हितकारी होते हैं। अरुचि होने पर सबसे पहले सफेद और काला भुना जीरा, अदरक, भुनी अजवायन, पुदीना की पत्ती, अनारदाना, काली मिर्च, इमली, काला नमक, किशमिश, अकरकरा और पीपर (मघ) की सममात्रा लेकर महीन चटनी पीस कर इसमें आवश्यक्तानुसार चीनी या गुड़ मिलाकर सुरक्षित रख लें और मरीज को थोडा थोड़ा चाटने को दें, भोजन के प्रति रुचि बढ़ जाएगी।

# पौष्टिक आहार लें... कैंसर से बचें



**हिमाचल** प्रदेश में कैंसर की बीमारी गंभीर समस्या बनकर उभर रही है। प्रदेश में हर साल करीब पांच हजार लोग कैंसर का शिकार हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में कैंसर के मामलों में पुरुषों में लंग कैंसर और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामले ज्यादा पाए जा रहे हैं। कैंसर के जोखिम होने से सिगरेट, धूम्रपान, शराब, धूप, प्रदूषण, तनाव, लाइफ स्टाइल की वजह से कैंसर होता है। ऐसे में सवाल है कि आखिर किस तरह से कैंसर से बचा जा सकता है। सोलन अस्पताल से सेवानिवृत्त डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि कैंसर के खतरे को कम करने के लिए संतुलित आहार बनाए रखना जरूरी है। पौष्टिक भोजन, फल, हरी सब्जियां और लाल मांस कैंसर को रोकने में मदद कर सकता है। फलों और सब्जियों में पाए जाने वाले कई विटामिन, मिनरल्स कैंसर को रोकने में मदद कर सकते हैं।

–प्रस्तुतिः डॉ. एनके गुप्ता

### नियमित करें एक्सरसाइज



**डॉ.** गुप्ता का कहना है कि स्तन और पेट के कैंसर को कम करने के लिए रोज एक्सरसाइज करना जरूरी है। हर दिन कम से कम 30 मिनट के लिए मॉड्रेट एक्टिविटी जरूर करें, जैसे तेज चलना, साइकिल चलाना या तैरना लाभदायक है। व्यायाम अतिरिक्त वजन बढ़ने से रोकने में मदद कर सकता है या वजन कम होने से बचा सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका वर्तमान वजन क्या है। जब आप शारीरिक गतिविधि में भाग लेते हैं, तो आप कैलोरी जलाते हैं। गतिविधि जितनी अधिक तीव्र होगी, आप उतनी ही अधिक कैलोरी जलाएंगे। नियमित रूप से जिम जाना अच्छी बात है, लेकिन अगर आपको हर दिन व्यायाम करने के लिए बड़ा समय नहीं मिल पाता है तो चिंता न करें। व्यायाम के लाभ प्राप्त करने के लिए बस अपने पूरे दिन अधिक सक्रिय रहें। व्यायाम आपके रक्त के प्रवाह को सुचारू रखता है, जिससे हृदय और रक्त वाहिका, जिसे कार्डियोवस्कुलर कहा जाता है, का खतरा कम हो जाता है।

# पित्त की पथरी का कारण हैं शारीरिक जटिलताएं

**पित्त** की पथरी की समस्या आम तौर पर बढ़ती जा रही है। खान पान के अलावा शारीरिक जटिलताओं के कारण यह समस्या होती है। पथरी से पीड़ित कई लोगों में कोई लक्षण नहीं होते हैं। ये अक्सर नियमित एक्स-रे, पेट की सर्जरी या अन्य चिकित्सा प्रक्रिया के दौरान पाए जाते हैं। इसके अलावा कुछ मामलों में दर्द और उल्टी आना भी इसके लक्षण होते हैं। डॉक्टर एसके नंदा सीनियर सर्जन ने बताया कि पित्त की पथरी में दर्द का एहसास तब होता है। यदि कोई बड़ा पत्थर पित्ताशय से निकलने वाली नली को अवरुद्ध कर देता है, तो आपको पेट के मध्य से दाएं ऊपरी हिस्से में ऐंठन वाला दर्द हो सकता है। इसे पित्त शूल के नाम से जाना जाता है। यदि पथरी छोटी आंत के पहले भाग में चली जाए तो दर्द दूर हो जाता है। मूल रूप से पित्त की पथरी की समस्या के कारण कम से कम 30 मिनट तक दाहिने ऊपरी या मध्य ऊपरी पेट में दर्द होता है। दर्द लगातार या ऐंठन वाला हो सकता है। यह तीखा या नीरस महसूस हो सकता है। कई लोगों को हल्का बुखार भी हो सकता है। इस समस्या से त्वचा और आंखों के सफेद भाग का पीला पड़ना भी कारण हो सकता है। पित्ताशय की पथरी या पित्ताशय की सूजन का पता लगाने के लिए उपयोग किए जाने वाले परीक्षणों में पेट का अल्ट्रासाउंड, पेट का सीटी स्कैन, एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेजनोपैंक्रेटोग्राफी (ईआरसीपी) पित्ताशय रेडियोन्यूक्लाइड स्कैन एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड चुंबकीय अनुनाद कोलेजनोपचारोग्राफी (एमआरसीपी) परक्यूटेनियस ट्रांसहेपेटिक कोलेजनियोग्राम शामिल हैं।

– प्रस्तुतिः डॉ. एसके नंदा



### दूरबीन के माध्यम से ऑपरेशन



**शल्य** चिकित्सा की पित्त की पथरी का समाधान है। दूरबीन के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके पित्ताशय को निकाला जाता है। अधिकांश समय, जब तक लक्षण शुरू न हों तब तक सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती है। हालांकि, वजन घटाने की सर्जरी की योजना बना रहे लोगों को प्रक्रिया से गुजरने से पहले पित्ताशय की पथरी निकलवाने की आवश्यकता हो सकती है।

### लेप्रोस्कोपिक तकनीक का प्रयोग

**डॉक्टर** एसके नंदा ने बताया कि सामान्य तौर पर, जिन लोगों में लक्षण होंगे उन्हें तुरंत या पथरी पाए जाने के तुरंत बाद सर्जरी की आवश्यकता होती है। इस स्थिति में लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी नामक तकनीक का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में छोटे सर्जिकल चीरों का उपयोग किया जाता है, जो तेजी से रिकवरी की अनुमति देता है। एक मरीज अक्सर सर्जरी के एक दिन के भीतर अस्पताल से घर जा सकता है।



### चिकित्सकों की सलाह पर खान पान



अतीत में, ओपन कोलेसिस्टेक्टोमी (पित्ताशय की थैली को हटाना) सबसे अधिक बार किया जाता था। हालांकि, यह तकनीक अब कम इस्तेमाल में है। सामान्य पित्त नली में पित्त पथरी का पता लगाने या उसका इलाज करने के लिए ईआरसीपी और स्फिंक्टरोटॉमी नामक एक प्रक्रिया की जा सकती है। ऐसे रोगियों को भविष्य में चिकित्सकों की सलाह पर खान पान रखना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### विदेशी महिला से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना मैक्लोडगंज में एक विदेशी महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी अपनी शिकायत में इजरायली युवती ने बताया है कि दो दिन पहले वो मसाज करवाने के लिए एक पार्लर में गई थी जहां पटना निवासी एक व्यक्ति ने मसाज के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए के तहत मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### कांगड़ा में चिट्टे सहित तीन गिरफ्तार

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत कांगड़ा बाईपास में गाड़ी नंबर एचपी 39ई 8003 में बैठे तीन व्यक्तियों अभिषेक निवासी मैक्लोडगंज, गौरव श्याम नगर व अक्षय शर्मा निवासी श्याम नगर से 6.85 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना कांगड़ा में उक्त तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### चरस सहित पकड़ा दार्जलिंग का युवक

**मैक्लोडगंज।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत भागसु नाग से मैक्लोडगंज सड़क पर विशन तमांग पुत्र गोरे तांमाग निवासी गांव गुम, जिला दार्जलिंग से 36 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने चरस को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उधर एसएचओ मैक्लोडगंज यादेश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### महिला का रास्ता रोककर की मारपीट

**धर्मशाला।** पुलिस थाना रक्कड़ के तहत मनजीत सिंह निवासी कटोह टिक्कर, जिला कांगड़ा ने कटोह निवासी महिला का रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई झगड़ा, मारपीट व जान से मारने की धमकियां दी। इस संदर्भ में पुलिस थाना रक्कड़ में भारतीय दंड संहिता 341, 506, 323,504,509 के तहत दर्ज किया गया है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### देहरा में मारपीट के दो मामले दर्ज

**देहरा।** पुलिस थाना देहरा के तहत सुभाष निवासी गांव ज्वाल जिला ऊना ने दीपक शर्मा पुत्र तिलक राज निवासी अमोकलां जिला ऊना के साथ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व गाली-गलौज की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना देहरा में भारतीय दंड संहिता 323, 325, 504 में मामला पंजीकृत किया गया है। वहीं थाना देहरा के अंर्तगत कुलदीप सिंह पुत्र दिलभाग सिंह निवासी गाव कडोल ने राजिंद्र कुमार पुत्र प्रकाश चंद निवासी कडोल का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व गाली-गलौज की है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना देहरा में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 326, 504के तहत मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामलों की पुष्टि की है।

### पंचरुखी में लड़ाई-झगड़ा करने पर केस

**पंचरूखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत सुरिंद्र कुमार पुत्र मस्त राम व रवि कुमार पुत्र मस्त राम निवासी मोलीचक्क ने मौलीचक्क निवासी महिला का रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व गाली गलौज की है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना पंचरुखी में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323,504, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### मारपीट करने पर क्रॉस एफआईआर दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना खुंडियां के तहत प्रशोत्तम सिंह निवासी टिप उपरला ने गांव के ही देश राज के साथ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना खुंडियां में भारतीय दंड संहिता की धारा 341,323, 504,506के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। वहीं क्रॉस एफआईआर करवाते हुए देश राज निवासी टिप उपरला ने प्रशोत्तम सिंह निवासी टिप उपरला पर लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 341,323, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### असंभव को संभव कर देती है प्रार्थना : हरीशानंद

**कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा मटौर में वीपी शर्मा के घर में आध्यात्मिक



प्रवचनों का आयोजन किया गया। जिसमें आशुतोष महाराज के परम शिष्य स्वामी हरीशानंद ने प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि ऐसा कौन है जो अपने जीवन में सफल नहीं होना चाहता, प्रत्येक व्यक्ति को सफल होने की तीव्र इच्छा होती है परंतु क्या आप जानते हैं, इस सफलता के लक्ष्य को प्राप्त कैसे किया जा सकता है। कहते हैं इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमारे मन में मुख्य रूप से तीन चीज होनी बहुत जरूरी हैं प्रथम जो आप बनना चाहते हैं उसे पर सदैव कार्य करें दूसरा अपनी कमियों को और अपनी उपलब्धियां पर सदैव मनन करें और तीसरा सदैव प्रार्थना करते रहना की मेरे मन में मैं भाव न आ जाए जो इंसान इन तीनों चीजों से जुड़ा रहता है वह सदैव सफल रहता है। कहते हैं जीवन में प्रार्थना का बहुत महत्व रहता है प्रार्थना किस्मत के बंद दरवाजे को खोलती है प्रार्थना से ईश्वर कृपा का प्रसाद निरंतर मिलता रहता है प्रार्थना भावों को जागृत करती है।

### पेंशनरों को गुमराह करने का आरोप

**नूरपुर।** अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञान ठाकुर व पूर्व कर्मचारी नेता जगदीश चौहान ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि चुनानों के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता कुछ जिलों में जाकर मौजूदा सरकार के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रहे हैं। अपने आप को कर्मचारी हितैषी होने का ढिंढोरा पीट कर पेंशनरों को गुमराह कर के अपने पक्ष में रिझाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके सपने पूरे होने वाले नहीं हैं क्योंकि पेंशनर भली भांति जानते हैं कि कौन सरकार कर्मचारी हितैषी है और कौन कर्मचारी विरोधी है। उक्त नेताओं ने कहा कि पेंशनर भाजपा नेताओं से पूछना चाहते हैं कि 2017 से लेकर 2022 तक हिमाचल प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार रही है और उसी दौरान कर्मचारियों व पेंशनरों को छठा वेतनमान लागू किया गया तो उनके द्वारा उस समय डबल इंजन की सरकार होते हुए एरियर ब अन्य भत्ते क्यों नहीं दिए गए।

### मनियाला में शिव महिमा का गुणगान

**गरली।** मनियाला में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के आठवें दिन कथा व्यास आदर्श शर्मा ने काशी विश्वनाथ व 12 ज्योतिर्लिंग की महिमा का गुणगान कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कथा व्यास आदर्श शर्मा ने शिव महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गंगा तट स्थित काशी विश्वनाथ शिवलिंग का दर्शन हिंदुओं के लिए सबसे श्रेष्ठ माना गया है। काशी की मान्यता है कि प्रलय आने पर भी यह स्थान बना रहेगा।इसकी रक्षा के लिए भगवान शिव इस स्थान को अपने त्रिशूल पर धारण कर लेंगे।

# शांता कुमार को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की पैरवी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने के लिए शांता कुमार को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की मांग उठी है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के पूर्व सदस्य्य गंगा राम तेजा ने शांता कुमार का नाम पद्म पुरस्कार के लिए नामित करने की पहल की है। उनके साथ समाज के बुद्धिजीवी वर्ग ने भी शांता को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की पैरवी की है। प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री रह चुके शांता कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए जिन्हें आज भी याद किया जाता है। उन्होंने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की। 90 बर्ष की आयु में



भी वह समाज की बेहतरी के लिए आए दिन अपने सुझाव व विचार व्यक्त करते रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए सरकारी खर्चों में कटौती करके प्रदेश का घाटा कम किया था। विद्युत परियोजना से रॉयल्टी प्राप्त करने के लिए बड़ा आंदोलन खड़ा किया और केंद्र की नरसिम्हा राव सरकार से प्रदेश को 12 प्रतिशत रॉयल्टी दिलाई जिसका लाभ आज भी प्रदेश को मिल रहा है। भेदभाव बिना समाज के हर वर्ग तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अंत्योदय अन्न योजना लागू की। उन्होंने नया सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग सृजत करके दुर्गम क्षेत्रों में भी नल द्वारा पीने का पानी पहुंचाया तथा महिलाओं को सिर पर घड़ा रख कर पानी लाने की प्रथा से छुटकारा दिलाया। आज भी उन्हें पानी बाले मुख्यमंत्री के नाम में जाना जाता है। शांता को प्रशासान पर मजबूत पकड़ के लिए तो जाना जाता रहा है, वहीं उन्होंने काम नहीं तो वेतन नहीं जैसे कठोर निर्णय भी लिए।

> शांता कुमार की कार्यशैली व उनके द्वारा प्रदेश व समाज को दिए गए योगदान को देखते पद्म विभूषण, पद्म भूषण या पद्म श्री से अलंकृत किया जाना चाहिए। वर्ष 2025 पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। राष्ट्रीय पुरस्कार ऑनलाइन पोर्टल पर शांता कुमार का नामांकन भर कर नगरोटा बगवां से इसकी शुरूआत कर दी है।
>
> **गंगा राम तेजा, पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग**

> जनहित में कठोर निर्णय लेने की क्षमता रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार को पद्म पुरस्कार दिया जाना चाहिए। शांता कुमार आज भी समाज का सही मार्गदर्शन करने का काम कर रहे हैं। इसके चलते पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार को पद्म पुरस्कार मिलना चाहिए
>
> **अमर सिंह कटोच, पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी ग्राम पंचायत हटवास।**

> शांता कुमार ने कभी भी सिद्धांतो से समझौता नहीं किया चाहे उन्हें इसकी कीमत ही क्यों न चुकानी पड़ी है। उनके द्वारा शरू की गई योजनाएं आज भी लागू हैं, जिनका लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति को मिल रहा है। ऐसी महान हस्ती को पद्म पुरस्कार से नवाजा जाना चाहिए। लोगों को भी इस मुहिम में साथ देना चाहिए।
>
> **पुरुषोत्तम चौधरी ,पूर्व पंचायत समिति चेयरमैन, नगरोटा बगवां।**

> नर सेवा नारायण सेवा की भावना से कार्य करने एवं गरीबों के लिए एतिहासिक अंत्योदय योजना की शरूआत करने वाले शांता कुमार को पद्म पुरस्कार से नवाजा जाना चाहिए। प्रदेश की जनता भी ऑनलाइन पोर्टल पर उनका नाम नामित करे।
>
> **डॉ. राम स्वरुप चांद, समाजसेवी, नगरोटा बगवां।**

## अमतराड़ मेले में कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन की कांगड़ा टीम द्वारा नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के अमतराड़ मेले में स्थानीय कोरोना योद्धाओं और समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र और फाउंडेशन का मग देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय मेला कमेटी के सम्मानित सदस्य और बेटियां फाऊंडेशन टीम से पूजन भंडारी राज्य समन्वयक, अशोक गौतम जिला कांगड़ा सलाहकार, सवीन रियालच जिला कांगड़ा यूथ ऑफिसर, त्रिलोक धीमान जिला उपाध्यक्ष मौजूद रहे। मेला कमेटी सदस्यों ने टीम के मान सम्मान में टीम के पदाधिकारियों को बैज और पगड़ी द्वारा सम्मानित किया गया। मेला कमेटी प्रधान त्रिलोक धीमान ने संस्था का धन्यवाद किया।

# चड़ी के जंगल में भड़की आग

## वन विभाग के कर्मचारी मुस्तैदी से डटे, लपटों पर नहीं पा सके काबू

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

वर्तमान में आसमान से पड़ती तेज धूप तथा वनों में लगातार लग रही आग के चलते गर्मी का पारा क्षेत्र में चढ़ा हुआ है। वहीं इस साल वनों में आग लगने के मामलों में काफी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। शनिवार शाम को धर्मशाला के साथ लगते चड़ी क्षेत्र के जंगल में लगी आग का असर पूरे क्षेत्र में दिखा।

चड़ी के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वन विभाग के कर्मचारी मुस्तैदी से डटे रहे, लेकिन इसके बावजूद रविवार शाम तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। इससे पूर्व घरोह के मैटी, तपोवन के साथ लगते जंगल के अलावा मैक्लोडगंज क्षेत्र के जंगल आग की चपेट में आ चुके हैं। आलम यह कि वन विभाग के फिल्ड स्टाफ की छुट्टियां फायर सीजन के चलते रद्द करने के बावजूद उनकी तादाद जंगलों में लग रही आग के मुकाबले ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं विभाग के अधिकारी



वन विभाग के रेंज ऑफिसर सुमित शर्मा ने बताया कि चड़ी क्षेत्र के साथ लगते जंगल में शनिवार को लगी आग को रविवार शाम को कड़ी मशक्कत के बाद भी बुझाया नहीं जा सका। उन्होंने कहा कि वनों में आग लगने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं तथा इससे वन्य संपदा के अलावा जंगली जीवों का भी नाश हो रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वनों में जाने या अनजाने आग न लगाएं तथा आग लगाने वालों के बारे में कोई सूचना मिलने पर विभाग को सूचित करें।

### जल रहे वन, विभाग जुटा रहा धन

स्थानीय लोगों तथा कारोबारियों के भारी विरोध के बावजूद वन विभाग अब त्रियुंड ट्रैक पर ट्रैकिंग की एवज में शुल्क ले रहा है। वहीं एक ओर जहां जंगलों में लगातार जंगलों में आग धधक रही है तो वहीं वन विभाग में कर्मियों के टोटे के बावजूद करीब दर्जन भर वन कर्मी राजस्व जुटाने के नाम पर पर्ची काटने में व्यस्त हैं। ऐसे में वन विभाग के लिए आग से निपटना चुनौती बना हुआ है।

## प्राथमिक अध्यापकों ने सीखे अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने के गुर

**अनंत ज्ञान, जवाली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में प्राथमिक शिक्षकों की दो दिवसीय अंग्रेजी माध्यम क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समापन खंड परियोजना अधिकारी एवं रावमापा जवाली के प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा, डाईट धर्मशाला के समन्वयक प्रवीण चौधरी व खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार की मौजूदगी में हुआ। इस कार्यशाला में जवाली खंड के 85 प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन कमल सिंह एवं रोहिनी शर्मा ने शिक्षकों को अंग्रेजी माध्यम से पठन-पाठन के गुर सिखाए। इसके साथ ही अध्यापकों ने भी विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से अपनी शिक्षण पद्धति के बारे जानकारी प्रदान की। डाईट धर्मशाला के समन्वयक प्रवीण चौधरी ने बताया कि जिला परियोजना अधिकारी नीना के मागदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य प्राथमिक अध्यापकों को पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से गणित एवं अंग्रेजी के टिप्स से रू-ब-रू करवाना है, ताकि प्राथमिक स्कूलों के बच्चे अंग्रेजी माध्यम से आगे की पढ़ाई करने में सक्षम हों।



जवाली स्कूल में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर मौजूद शिक्षक।

### अंकिता बनी प्रेई पंचायत की प्रधान

**गगल।** ग्राम पंचायत प्रेई में किशोरी पंचायत का सफलतापूर्वक गठन किया गया। जागोरी संस्था की प्रवक्ता पूजा व चंद्रकांता ने कहा कि इसमें 70 लोगों ने भाग लिया, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं और किशोरियों की भागीदारी रही। इस नवगठित पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडल समूह, किशोरियों व आम जानता द्वारा अंकिता को वोट के माध्यम से प्रधान चुना गया, जबकि कनन को उपप्रधान निर्वाचित किया गया। सभी की सहमति द्वारा सुजेन को सचिव, सुनेहा व नैंसी को सलाहकार नियुक्त किया गया। अंकिता और कनन ने अपने पदभार ग्रहण करने के बाद सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया और पंचायत की योजनाओं और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

### ई-ट्रांसमिशन से मिलेंगे पोस्टल बैलेट पेपर

**धर्मशाला।** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 21518 सैन्य जवानों को ई-ट्रांसमिटिड पोस्टल बैलेट पेपर भेजे जाएंगे ताकि सैन्य जवान भी अपने मतदान का प्रयोग कर सकें। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने दी। उन्होंने बताया कि यह पोस्टल बैलेट पेपर सभी 17 सेगमेंट्स में भेजे जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने सर्विस वोटर्स की सुविधा के लिए ई-पोस्टल बैलेट लागू किया है। पोस्टल मतदान के तरीके में बदलाव करते हुए इसे ऑनलाइन माध्यम से मतदाता तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। सर्विस वोटर्स को ई-मेल के जरिए पोस्टल बैलेट भेजा जाएगा इसके साथ ही सर्विस वोटर को ई-मेल भी भेजी जाएगी जिसमें पिन होगा। पिन तथा मोबाइल नंबर भरने पर वोटर के मोबाइल पर वन टाइम पासवर्ड आएगा।

### व्यय एजेंटों के साथ बैठक 23 को

**धर्मशाला।** कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र तथा धर्मशाला विस उपचुनाव के लिए व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी आईआरएस ने कहा कि प्रत्याशी के नामांकन के दिन से लेकर परिणाम घोषित होने तक के सारे खर्च को प्रत्याशी के चुनाव व्यय खाते में जोड़ा जाएगा और प्रचार के सारे खर्च का हिसाब परिणाम घोषित होने के एक महीने के अंदर देना होगा। रविवार को धर्मशाला में डीसी आफिस के सभागार में व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी की अध्यक्षता में प्रत्याशियों के चुनावी व्यय की जांच तथा मिलान के लिए आयोजित प्रत्याशियों के व्यय एजेंट्स के साथ पहली बैठक आयोजित की गई। दूसरी बैठक 23 मई तथा 28 मई को निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 95 लाख रुपये से अधिक की राशि व्यय करने पर प्रत्याशी के विजयी होने पर भी उसकी सदस्यता जा सकती है।

### कांग्रेस काल में रुक गया विकास: चक्षु

**धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के मीडिया को-ऑर्डिनेटर रहे व वर्तमान में



हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सहप्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि जब प्रदेश के लोगों ने भाजपा सरकार को प्रदेश की सेवा का मौका दिया तो पूर्व मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश के एक समान विकास को अपना लक्ष्य बनाया। बिना किसी भेदभाव के काम किया। जनहित को सर्वोपरि रखा। समाज के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए हिमाचल को शिखर की ओर ले जाने का काम किया। पांच साल के कार्यकाल में रिकॉर्ड सडक़ें बनाई, हिमकेयर, गृहिणी, सहारा, शगुन, स्वावलंबन जैसी योजनाओं से प्रदेश के लोगों को सशक्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस काल में प्रदेश का विकास रूक गया है।

### शेष अवस्थी की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन

**बैजनाथ।** जिला कांगड़ा के उपमंडल बैजनाथ क्षेत्र से संबंधित अग्रणी साहित्यिक संस्था शेष साहित्य सदन पपरोला ने मूर्धन्य शिक्षक एवं साहित्यकार शेष अवस्थी की पुण्यतिथि पर शेष अवस्थी के पुत्र रजनीश अवस्थी के सौजन्य से एक कवि सम्मेलन का आयोजन कर शेष जी की पुण्य स्मृति में कविता पाठ द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक शक्ति चंद राणा एवं संस्था के सदस्यों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कर्नल विवेक प्रकाश सिंह, उनकी धर्मप ी शुचिता अवस्थी, विशिष्ट अतिथि स्तंभकार एवं लेखक अनुज आचार्य एवं डॉक्टर धनीराम संख्यान और रजनीश अवस्थी को हिमाचली शाल टोपी एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। शेष साहित्य सदन की कवियत्री कमलेश सूद एवं साहित्यकार शक्ति चंद राणा ने साहित्यकारों को परिचित करवाया।

# विकास के नाम पर वोट करेगी जनताः पठानिया

## शाहपुर के बोडू सारना में उप मुख्य सचेतक ने किया चुनाव प्रचार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के बोडू सारना में कांगड़ा-चंबा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने प्रचार किया। पठानिया ने जनता से लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के लिए समर्थन जुटाया। पठानिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कांगड़ा-चंबा की जनता को मान सम्मान दिया जो आनंद शर्मा को लोकसभा का प्रत्याशी दिया जो कि नेशनल स्तर का नेता है और अलग अलग पदों पर केंद्र में मंत्री के रूप में कार्य किया है। इससे कांगड़ा-चंबा की जनता को इसका जरूर लाभ मिलेगा। विधानसभा शाहपुर की जनता विकास के नाम पर वोट करेगी न कि झूठी पार्टी बीजेपी को। कांग्रेस पार्टी विकास के नाम पर वोट मांगती है, जो बोलती है वह करके दिखाती है। आनंद शर्मा को भारी मतों से जिता कर कांगड़ा चंबा की जनता दिल्ली भेजेगी। कांग्रेस पार्टी की जैसे ही केंद्र में सरकार बनेगी तो कांगड़ा-चंबा लोकसभा सदस्य को मंत्री पद मिलेगा जिससे कांगड़ा-चंबा क्षेत्र का विकास होगा।



विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का स्वागत करते ग्रामीण।

### बाबा सिद्ध गोरिया के चरणों में लगाई हाजिरी

**शाहपुर।** विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर के चंगर क्षेत्र परगोड़ के बाबा सिद्ध गोरिया के चरणों मे हाजिरी लगा कर पूजा-अर्चना करके आशीर्वाद लिया। उन्होंने सिद्ध बाबा गोरिया परगोड़ छिंज मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पठानिया ने कहा कि 4 जून के बाद परगोड़ मेला कमेटी के साथ बैठकर जो भी विकास कार्य बताएंगे उनको पूरा किया जाएगा और पर्यटन की दृष्टि से बाबा सिद्ध गोरिया के प्रांगण को संवारा जाएगा। उन्होंने माली के विजेता उपविजेता पहलवानों को पुरस्कृत भी किया।

# लोकसभा और विस उपचुनाव की ईवीएम एवं वीवीपैट की हुई दूसरी रेंडजमाइजेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र तथा धर्मशाला विस उपचुनाव के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की दूसरी रैंडमाइजेशन सामान्य पर्यवेक्षक राहुल तिवारी की अध्यक्षता में ईएमएस 2.0 सॉफ्टवेयर का उपयोग करके पूरी हो गई।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा उपस्थित थे तथा जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। रैंडमाइजेशन उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में की गई। रैंडमाइजेशन से पहले उम्मीदवारों के प्राधिकृत व्यक्तियों को रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे अवगत करवाया गया। रैंडमाइजेशन के उपरांत प्रत्याशियों के प्राधिकृत व्यक्तियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सूची प्रदान कर दी गई। रैंडमाइजेशन के उपरांत अब यह तय हुआ है कि कौन सी मशीन किस बूथ को भेजी जानी है। पहली रैंडमाइजेशन में केवल यह तय हुआ था कि किस विधानसभा में कौन सी मशीन भेजी जाएगी। निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश निर्देशों के अनुसार ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का दूसरा रैंडमाइजेशन किया गया। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की 17 विधानसभाओं में 1910 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। अब सूची के अनुसार ही इन पोलिंग बूथों पर ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को भेजा जाएगा। रैंडमाइजेशन के दौरान ही कुछ मशीनें रिजर्व रखी गई हैं ताकि किसी मशीन में अगर तकनीकी खराबी आ जाए तो उसे रिजर्व मशीन से बदला जा सके। इसके अतिरिक्त कुछ मशीनों को प्रशिक्षण के लिए आवंटित किया गया है।

> 17 विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए हैं 1910 पोलिंग बूथ

**प्रचार** धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार के दौरान बोले कांग्रेस प्रत्याशी

# विकास कार्यों में नहीं रखी जाएगी कोई कसरः जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और जनता से किए वादों को समय रहते पूरा करेगी। प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने 10 में से 5 गारंटियां पूरी कर दी हैं और शेष गारंटियां भी जल्द पूरी कर दी जाएंगी। आम जनता भाजपा के झूठ पर भरोसा न करे कि 4 जून को भाजपा की सरकार बनेगी।

कांग्रेस उपचुनावों में सभी सीटें जीतेगी। यह बात कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने रविवार को धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों में अपने चुनाव प्रचार के दौरान कही। जग्गी ने अपने चुनाव प्रचार को धार देते हुए रविदास मंदिर टंग, टीका चतेहड़, लोअर चैतड़ू, कंड वार्ड-14, गुरुद्वारा कोतवाली बाजार, चैलियां सकोह व रेडियो कॉलोनी में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर जनसंपर्क किया और लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

जग्गी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का पूरा आशीर्वाद उन पर है और धर्मशाला के विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान देवेंद्र सिंह जग्गी के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी, पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण, रक्कड़ पंचायत प्रधान इंदू बाला, राजीव शर्मा, महापौर नीनू शर्मा, पार्षद अनुराग धीमान, बाघणी पंचायत प्रधान सुरेश कुमार पप्पी सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस व सेवा दल आदि विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



योल में आयोजित नुक्कड़ सभा में लोगों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी।

### 35 लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी की रविवार को आयोजित नुक्कड़ सभाओं के दौरान करीब 35 लोग भाजपा को छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस में शामिल हुए लोगों ने कहा कि वह भाजपा की जनविरोधी नीतियों और धर्मशाला में गलत टिकट आवंटन से आहत हैं, इसलिए वह कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी पैंशन बहाली को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान योजना, सुख आश्रय योजनाओं को भी जनहितैषी बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मचंद शर्मा बने ग्राम सुधार सभा के प्रधान

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम सुधार सभा हनोह, जड़ोह, फकड़ुही के चुनाव रघवीर सिंह चौहान व तेज सिंह चौहान संयोजक की अध्यक्षता में संपन्न हुए, जिसमें धर्म चंद शर्मा को दोबारा ग्राम सुधार सभा हनोह, जड़ोह, फकड़ुही का सर्वसहमति से प्रधान चुना गया। साथ ही लेखराज भड़ोल उपप्रधान, राजकुमार शर्मा सचिव, कश्मीर सिंह गारला को-ऑडिटर व देशराज को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

### ककड़ियार के हर्षित को मिलेगी नेशनल स्कॉलरशिप




**डिडवी टिक्कर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ककड़ियार के हर्षित ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप पास की है। प्रधानाचार्य कंचनबाला सोनी ने बताया कि हर्षित 9वीं कक्षा का छात्र है और इसे बारहवीं तक प्रत्येक माह 1000 स्कालरशिप मिलेगी। इस खुशी में स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### बिक्रम नेगी ने आनंद शर्मा के लिए मांगे वोट

**नूरपुर।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा वैसे-वैसे चुनावी जनसंपर्क अभियान में तेजी होती जा रही। इसी के मद्देनजर नूरपुर की पंचायत सुल्याली, लौहारपुरा के टालू में नूरपुर पूर्व विधायक अजय महाजन की अध्यक्षता में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के समर्थन में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया है। इस अवसर पर नूरपुर विधानसभा चुनाव प्रभारी उत्तराखंड विधायक बिक्रम नेगी मुख्य तौर पर शामिल रहे। इस नुक्कड़ सभा में कांग्रेस नेता योगेश महाजन, लौहारपुरा पंचायत प्रधान कृष्ण हीर आदि उपस्थित रहे। नुक्कड़ सभा में सभी वक्ताओं ने मोदी सरकार द्वारा 2014 व 2019 में किए वादों को पूरा नहीं किए जाने को लेकर तीखा प्रहार किया। पूर्व विधायक अजय महाजन ने भाजपा पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि पहले के वायदे पूरे हुए भी नहीं हैं उसके बावजूद एक और गारंटी लेकर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किस बात को लेकर आश्वस्त है कि वह तीसरी बार भी जीत हासिल कर सकती है, क्योंकि इस सरकार ने न तो 2014 में किए वायदे पूरे किए हैं न ही 2019 में। महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। भाजपा को इसका जवाब जनता इस चुनाव में जरूर देगी।

### देसी शराब सहित एक व्यक्ति पकड़ा

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ को उस समय सफलता हाथ लगी जब मुकाम वन भुलाणा में राज कुमार पुत्र जगान नाथ निवासी गांव चंबे द्या बेहड़ु में एक व्यक्ति बोरे में देसी शराब लेकर जा रहा था, जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसमें 6000 एमएल ऊना नंबर की शराब बरामद हुई। पुलिस ने व्यक्ति पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### राजनीतिक विज्ञापन का प्रमाणीकरण करवाना जरूरी: देवगन

**मंडी।** उपायुक्त एवं मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि एमसीएमसी द्वारा 24 घंटे लोकसभा चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा बिना पूर्व प्रमाणीकरण के राजनीतिक विज्ञापन का प्रसारण करने अथवा प्रिंट मीडिया में पेड न्यूज लगाने की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित करने से पहले इसका पूर्व प्रमाणीकरण करवाना जरूरी है। पूर्व प्रमाणीकरण के लिए राज्य स्तर पर शिमला में तथा जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा बल्क एसएमएस इत्यादि के लिए पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है। वहीं प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशन के लिए चुनाव के अंतिम 48 घंटों में पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है। आवेदक निर्धारित प्रपत्र पर विज्ञापन संबंधी जानकारी, ऑडियो-वीडियो फाइल व स्क्रिप्ट की स्व-हस्ताक्षरित कॉपी भेज कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तरीय एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय मंडी में आवेदन करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय दूरभाष नंबर 01905-222535 पर संपर्क करके की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया में राजनीतिक विज्ञापन को प्रसारित करने के लिए किसी भी दल या उम्मीदवार ने अभी तक आवेदन नहीं किया है।

### कलबोग के 7 परिवारों ने कांग्रेस का दामन थामा



**कोटखाई।** उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलबोग से संबंध रखने वाले अमरजीत सर्गेइक, कृष्ण राजटा, राजेश भरोटा, सुमन चौहान, लायक राम डोगरा, अजय सर्गेइक व भूपिंद्र धांटा ने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और उनके द्वारा क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में घर वापसी की है। शिक्षा मंत्री ने सभी का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा और वरिष्ठ कार्यकर्ता व पूर्व प्रधान घमनलाल राजटा की उपस्थित रहे।

### भोरंज कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष के पिता का निधन

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के पपलाह गांव में रविवार सुबह भोरंज कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के पिता बक्शी राम का निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार चले हुए थे। उनके पैतृक में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी मौत पर भोरंज विधायक सुरेश कुमार, भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, राजीव लाल मैहर, धर्म चंद, किशोरी लाल, वेद प्रकाश इत्यादि ने शोक प्रकट कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

# मेडिकल कॉलेज में पंखे नहीं दे रहे हवा

## 35 से 40 डिग्री तापमान में मरीज हो रहे परेशान

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के पुरुष वार्ड 305 में तीन पंखे खराब हो गए हैं। इस वजह से छत के पंखों के नीचे लगे हुए बेड पर इलाज ले रहे मरीज को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह पंखे लगभग 5 दिन से खराब चल रहे हैं, लेकिन मरीजों के कई बार बोलने के बाद भी इनकी कोई शुद्ध नहीं ले रहा।

अभी जिला हमीरपुर के तापमान की बात की जाए तो लगभग 39 डिग्री तक पहुंच गया है। आलम यह है कि हर बेड के ऊपर एक-एक पंखा लगा हुआ है, ताकि हर मरीज को राहत मिल सके। सूत्रों और मरीजों की माने तो पंखे 4 से 6 दिन से खराब चल रहे हैं। खराब पंखों के चलते एक तो मरीज को बीमारी से जूझना पड़ रहा है। दूसरी तरफ 40 डिग्री तापमान का सामना करना पड़ रहा है।

मेडिकल वार्ड में शायद ही कभी कोई बेड खाली रहता हो। यहां पर लगाए गए सभी बेड मरीजों से भरे रहते हैं। बेशक बेहतर व्यवस्था की गई है, लेकिन इन दिनों कुछ पंखे खराब चल रहे हैं। इस वजह से मरीज तथा उनके तीमारदार परेशान हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में लगे पंखे, जो कि 4 दिन से खराब पड़े हैं।

> **मेडिकल** वार्ड में सीलिंग फैन खराब चल रहे हैं तो जल्द ही इनकी मरम्मत करवा दी जाएगी। वार्ड सिस्टर के पास इलेक्ट्रिशियन का नंबर भी दिया गया है। समस्या का शीघ्र ही समाधान कर दिया जाएगा।
> **-अजय शर्मा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट**

# कर्नल एसएस रावत ने एनसीसी कैडेट्स को दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एटीसी-185 के दूसरे दिन की कार्रवाई सुबह व्यायाम गतिविधियों के साथ आरंभ हुई तथा ड्रिल अभ्यास हुआ। इसके पश्चात विभिन्न लेक्चर में प्वॉइंट 22-राइफल को खोलने और जोड़ने का अभ्यास करवाया गया और युवा का राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा मैप रीडिंग में रूढ़ि चिन्ह के बारे में कैडेटों को जानकारी दी गई। उसके पश्चात स्वास्थ्य व्यवस्था, सफाई, व्यक्तित्व विकास, लीडरशिप कौशल इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई।

कंपनी कमांडर कर्नल एसएस रावत ने एनसीसी का राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा सैनिक अनुशासन के बारे में सभी कैडेटों को अवगत कराया तथा उन्हें कैंप में अनुशासन बनाने तथा कैंप के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उसके उपरांत विभिन्न खेल गतिविधियों जैसे की वॉलीबाल, बास्केटबाल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कैंप में कुल 570 कैडेट कंपनी कमांडर कर्नल एसएस रावत की अगुवाई में तथा 6 एएनओ, 3 जेसीओ, 6 पीआई स्टाफ और एक महिला कैडेट इंस्ट्रक्टर की उपस्थिति में जेएनवी डूंगरी में आयोजित किया जा रहा है।



परेड में हिस्सा लेते एनसीसी कैडेट्स।

# भागवत सप्ताह के समापन पर विश्व शांति के लिए महायज्ञ



भागवत के समापन पर महायज्ञ में आहुतियां डालते हुए क्षेत्रवासी।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में चल रहे भागवत सप्ताह के समापन पर पूर्ण आहुति डाल डालते हुए विश्व शांति के लिए एक विशाल महायज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोउच्चारण से आचार्य शशि शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस महायज्ञ में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भागवत कथा कमेटी ने इस भागवत सप्ताह के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों एवम युवक मंडल धंगड़ का विशेष रूप से धन्यवाद किया हैं।

## मोहनी शर्मा अध्यक्ष व गीता कश्यप बनीं महासचिव

**शिमला।** आंगनबाड़ी वर्कर्ज एवं हैल्पर्स यूनियन संबंधित सीटू की बसंतपुर प्रोजेक्ट इकाई का सम्मेलन मेला ग्राउंड सुन्नी में संपन्न हुआ। सम्मेलन में 27 सदस्यीय इकाई का गठन किया गया। मोहनी शर्मा अध्यक्ष, गीता कश्यप महासचिव, अमरा देवी कोषाध्यक्ष, ईशरा देवी, खेमा कश्यप, ललिता देवी उपाध्यक्ष, लता देवी, लता सचिव व खीमी भंडारी, बनीता, रमा, कौशल्या, कांता, निर्मला पॉल, पुष्पा देवी, संजू शर्मा, अनीता, सुभद्रा, पार्वती, गीता, कुशल कंवर को इकाई सदस्य चुना गया। सम्मेलन को सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, खिमी भंडारी, मोहनी शर्मा, ईशरा देवी ने संबोधित किया।

उन्होंने प्री-प्राइमरी में सौ प्रतिशत नियुक्ति, इस नियुक्ति में 45 वर्ष की शर्त खत्म करने, सुपरवाइजर नियुक्ति के लिए भारतवर्ष के किसी भी मान्यता प्राप्त विश्विद्यालय की डिग्री को मान्य करने, वरिष्ठता के आधार पर मैट्रिक व ग्रैजुएशन किए कर्मियों की सुपरवाइजर में तुरंत भर्ती करने आदि कई निर्णय लिए तथा मोदी सरकार को सत्ता से हटाने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार को चेताया है कि अगर आईसीडीएस का निजीकरण किया गया व आंगनबाड़ी वर्कर्स को नियमित कर्मचारी घोषित न किया गया तो आंदोलन और तेज होगा। आईसीडीएस को वेदांता कंपनी के हवाले करने के लिए नंद घर की आड़ में निजीकरण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस से भविष्य में कर्मियों को रोजगार से हाथ धोना पड़ेगा।

# मुख्यमंत्री से मिला विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, नादौन**

विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से नादौन में मिला। इसमें विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम जिला इकाई हमीरपुर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, इंजीनियर विजय डोगरा, महासचिव विजय शर्मा, इंजीनियर राजेंद्र शर्मा, इंजीनियर जोगिंद्र शर्मा, इंजीनियर वीके शर्मा के अलावा हमीरपुर नादौन, बड़सर, सुजानपुर, देहरा, ज्वालामुखी, गगरेट, ऊना, बंगाणा इकाइयों के प्रतिनिधियों सहित लगभग 80 लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

> **सीएम ने राज्य स्तरीय बैठक बुलाने व सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का दिया आश्वासन**

इस मौके पर मुख्यमंत्री के समक्ष पेंशनर्स की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया गया। मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर बिजली बोर्ड में रिंदम चौधरी को स्थायी प्रबंध निदेशक लगाए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा बिजली बोर्ड के अंदर पेंशनर्स की जो भी समस्याएं हैं उनको आपसी बातचीत के माध्यम से अतिशीघ्र हल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि 4 जून के बाद विद्युत बोर्ड पेंशन फोरम की राज्य स्तरीय बैठक बुलाकर सभी आवश्यक मसलों पर सकारात्मक रूप से चर्चा की जाएगी और पेंशनर्स व विद्युत बोर्ड के हित में निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा की बिजली बोर्ड की मजबूती के लिए प्रतिनिधिमंडल बैठक में जो सुझाव देगा, विचार-विमर्श के बाद उस पर भी अमल किया जाएगा। बैठक में प्रतिनिधि मंडल ने पुरानी पेंशन बहाली करने का मामला उठाया जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा की चुनाव के बाद बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन बहाली कर दी जाएगी इसके लिए मैं प्रतिबद्ध हूं।

# ज्ञान का उत्थान मोदी-अनुराग का अरमान : रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

> **भाजपा नेता व विधायक श्री नैनादेवी का बड़ा बयान**
> **कहा, ज्ञान मॉडल पर कदम बढ़ा रहे अनुराग**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं श्री नैनादेवी विधानसभा से विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि ज्ञान का उत्थान ही मोदी और अनुराग का अरमान है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने विकसित भारत के विजन को स्पष्ट करते हुए कहा था कि वह देश में केवल चार ही जातियों को मानते हैं और वह गरीब युवा अन्नदाता और नारी, जिसको एक साथ जोड़कर उन्होंने ज्ञान का नाम दिया है।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में वह इन सभी यानी ज्ञान को विकसित सुदृढ़ और सक्षम बनाने की और जोर देते हैं और जो प्रधानमंत्री मोदी का अरमान है, वही हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर का ध्येय है। ठाकुर ज्ञान मॉडल पर कदम बढ़ा रहे हैं। उनके नामांकन के मौके पर भी मोदी विजन की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

रणधीर ने कहा कि पांचवीं बार लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे अनुराग ठाकुर का नामांकन इस बार कुछ खास रहा है अपने नामांकन के समय उन्होंने 4 प्रस्तावकों की जो टीम तैयार की है, उसमें प्रधानमंत्री मोदी के विजन को खासतौर पर ध्यान में रखकर उसे इसमें शामिल किया गया है।

मोदी मानते हैं कि इस देश में चार जातियां हैं, जिनके कल्याण के लिए वह काम कर रहे हैं। जिसे ज्ञान मॉडल का नाम दिया गया हैं। अनुराग ने जिन चार लोगों को अपना प्रस्तावक बनाया है, उसमें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा से जोगिंद्र सिंह जो गरीब परिवार से होकर समाज सेवा व संगठन में निरंतर अपनी भूमिका निभा रहे हैं, युवा के तौर पर युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सनी शुक्ला, किसान यानी अन्नदाता के तौर पर राजेंद्र गर्ग और महिला के तौर पर भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष अर्चना ठाकुर को शामिल किया गया है।

इन्हीं वर्गों के लोगों को चार जातियां मानकर उनके कल्याण के लिए मोदी सरकार काम कर रही है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है युवाओं के कल्याण के लिए देशभर में योजनाएं चलाई जा रही हैं करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज देने की योजना भी शुरू की गई है। मोदी सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चला कर उन्हें फायदा पहुंचाया है।

## पठानकोट पुलिस की प्रवेश द्वारों पर कड़ी नजर : उप्पल

**पठानकोट।** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत आदित्य उप्पल जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर पठानकोट की अध्यक्षता में रणजीत सागर बांध कमेटी हॉल में इंटर स्टेट वाइस मीटिंग आयोजित की गई। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा सोहेल मीर एसएसपी पठानकोट, हरदीप सिंह एसएसपी कठुआ, सुरिंद्र शर्मा एडीएम कठुआ आदि उपस्थित थे। आदित्य उप्पल ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार का नशा आदि बाहरी राज्यों से पंजाब में प्रवेश न कर सके। उन्होंने कहा कि जिला पठानकोट पुलिस लगातार गेटों पर चौकसी बरत रही है और छोटी से छोटी गतिविधियों को भी गंभीरता से ले रही है और लोकसभा चुनाव की सफलता के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## सुबोध ने पास की एनएमएमएस परीक्षा



**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोटा के छात्र सुबोध ने एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद, केंद्रीय मुख्य शिक्षक संदीप शर्मा, प्रवक्ता सुनील कुमार और डीपीई संदीप सहित समूचे स्टाफ सदस्यों ने सुबोध को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# उम्रदराज प्रशिक्षुओं के लिए रखी वन टाइम सेटलमेंट या पेंशन की मांग

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

2009 से चल रहे गुरिल्ला संग के आंदोलन को शुरू हुए बहुत समय गुजर चुका है। मगर आज तक एसएसबी गुरिल्ला प्रशिक्षुओं के लिए सरकार की तरफ से कोई राहत नहीं मिल पाई है और न ही गुरिल्लाओं के पक्ष में कोई बात की गई है।



पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रीतम सिंह एवं अन्य।

रविवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय गुरिल्ला संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रीतम सिंह ने बताया कि भारत और चीन की लड़ाई के बाद सीमा की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने एक योजना तैयार कर एसएसबी प्रशिक्षित स्वयंसेवियों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया। ये स्वयंसेवी पूरी तरह से प्रशिक्षित होते थे और देश के सीमावर्ती इलाकों में आपातकाल की स्थिति में फौज की मदद ओर दुश्मनों की गतिविधियों को प्रभावित करने में सक्षम थी। उन्होंने कहा कि संघ राजनीति का शिकार हुए हैं। भाजपा की अटल सरकार में जब आडवाणी गृहमंत्री थे तो उन्होंने इस योजना को समाप्त करने की ठानी और वर्ष 2001 के बाद इसको बंद कर दिया गया।

हांलाकि बाद में काफी प्रयासों के बाद गुरिल्लाओं के लिए 5 जोन बनाए गए, जहां पर सरकार की सहमति से गुरिल्लाओं को अन्य विभागों में समायोजित करने की बात रखी गई, मगर इस पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामला अब काफी समय से सुप्रीमकोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि गुरिल्लाओं की मांग है कि जो प्रशिक्षु उम्रदराज हो रहे हैं उन्हें या तो वन टाइम सेटलमेंट दिया जाए या फिर उनके लिए पेंशन की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा, कुल्लू सर्कल के अध्यक्ष नुपराम ओर गुरिल्ला प्रशिक्षु दीप लाता उपस्थित रहे।

# घुमारवीं शहर में लगे होर्डिंग दे रहे हादसों को न्योता

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

एक तरफ मौसम विभाग बार-बार प्रदेश में तेज अंधड़ चलने की चेतावनी दे रहा है। वहीं, दूसरी तरफ घुमारवीं नगर परिषद के तहत शहर के बीचों-बीच लगाए बड़े-बड़े होर्डिंग के तेज अंधड़ से गिरने पर लोगों की जान जोखिम में डाल सकते हैं। पिछले दिनों मुंबई में एक बड़े होर्डिंग के गिर जाने के बाद भी नगर परिषद घुमारवीं शहर में लगे अवैध होल्डिंग्स को हटाने में कोई रुचि नहीं दिख रहा है।

शहर में जगह-जगह टांगे गए सैकड़ों अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर को हटाने के लिए नगर परिषद अभी तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं कर पाया है। यहां तक की किसी भी तरह के कोई नोटिस अभी तक अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों को जारी नहीं किए गए हैं, जबकि न्यायालय द्वारा कुछ महीने पहले भी प्रदेशभर के शहरों में बीचों-बीच लगे अवैध होर्डिंग्स को नहीं हटने पर नगर परिषद तथा नगर निगमों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर चुका है।



नगर परिषद घुमारवीं द्वारा अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई करना उचित नहीं समझा है। इतना वक्त बीत जाने के बाद भी नगर परिषद की बिना अनुमति के लगाए गए इन होर्डिंग्स को हटाने में लापरवाही दिखती नजर आ रही है। हैरानी की बात है कि इन अवैध होर्डिंग से एक तो लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है, वहीं दूसरी तरफ राजस्व को भी चूना लगाया जा रहा है। हालांकि नगर परिषद के अधिकारी जल्द कार्रवाई करने की बात कहकर हर बार मामले से पल्ला झाड़ते नजर आते हैं। हालांकि इसे रोकने व जुर्माना लगाने का अधिकार नगर परिषद के पास है, लेकिन नगर परिषद इन पर कोई भी कार्रवाई करने से कतरा रहा है। (अनंत ज्ञान)

> **मामला** ध्यान में है, नगर परिषद जल्द ही शहर से अवैध होर्डिंग्स को हटाने का कार्य शुरू करेगा। इसके अलावा जो बड़े-बड़े होर्डिंग्स अवैध रूप से लगाए गए हैं, उनके मालिकों को भी नोटिस से निकाले जाएंगे और आगे से इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि शहर में किसी भी प्रकार के होर्डिंग्स बिना अनुमति के न लगाए जाएं।
> **-रीता सहगल, अध्यक्ष, नगर परिषद घुमारवीं**

**प्रेस कांफ्रेंस**

## देश के टॉप-10 संसदीय क्षेत्रों में शामिल है हमीरपुर का नाम

# कांग्रेस ने रेल लाइन कार्य में हमेशा डाली बाधा: सुमित शर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल भाजपा के सचिव और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमित शर्मा ने कहा है कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर का प्रचार अभियान युद्धस्तर पर जारी है। भाजपा उनकी जीत के प्रति पूर्ण आश्वास्त है। अनुराग वर्ष 2008 में एक खेल प्रशासक से राजनीतिक जीवन में आए थे। तब से लेकर आज तक उन्होंने भारतीय जनता पार्टी एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए जो कार्य किए हैं, वह सराहनीय हैं। वहीं कांग्रेस हमेशा ही हमीरपुर रेल लाइन के कार्य में बाधाएं खड़ी करती आई है।




सुमित शर्मा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए।

रविवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 से लेकर 2014 तक देश में यूपीए की सरकार थी, जिस दौरान भ्रष्टाचार एवं अराजकता का माहौल था। इस दौरान लगातार 5 वर्षों तक बतौर राष्ट्रीय भाजयुमो अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए अनुराग ठाकुर संघर्षरत रहे।

इस दौरान यूपीए सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध कई धरना प्रदर्शनों में बढ़-चढ़कर शामिल रहे। इस दौरान कांग्रेस की यूपीए सरकार का कार्यकाल घोटालों से भरा हुआ चल रहा था, जिसे लेकर युवाओं को वह लगातार जागरूक करते रहे। इन सबके परिणाम स्वरूप वर्ष 2014 में देश में सत्ता परिवर्तन हुआ और एक जनसेवक एवं प्रधान सेवक के रूप में सशक्त नेतृत्व देश को मिला।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के उद्घोष को आगे बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि देश में 44 वंदे भारत ट्रेन चलती है, जिसमें से चौथी वंदे भारत एवं हिमाचल की पहले वंदे भारत ट्रेन हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ऊना से चलती है। वहीं देश में जहां 23 एम्स संस्थान हैं, इनमें से एक हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जिला बिलासपुर स्थित कोठीपुरा में है।

देश में जहां 700 विश्वविद्यालय हैं, तो इनमें से एक हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के देहरा में बना है। साथ ही देश में जहां 370 के करीब मेडिकल कॉलेज हैं, तो इनमें से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में जिला हमीरपुर में स्थित मेडिकल कॉलेज भी है। देश में 25 ट्रिपल आईटी संस्थान हैं, जिनमें से एक जिला ऊना के सलोह में स्थित है। इस अवसर पर राकेश ठाकुर, तेज प्रकाश चोपड़ा, अनिल परमार, अंकुश दत्त, विक्रांत भारद्वाज, विक्रम बन्याल, विकास शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# ऊना में चुनावों को लेकर प्रशासन अलर्ट

## जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने निगरानी नाकों का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

चुनावों के दौरान में ऊना जिले में आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने जिले में विभिन्न नाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसएसटी और फ्लाइंग टीमों की कार्य प्रणाली का जायजा लिया।

उपायुक्त ने अजोली मोड और संतोषगढ़ में नाकों पर तैनात टीमों का निरीक्षण कर वहां तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से करें। किसी भी संदिग्ध वाहन की तत्काल चेकिंग करें और अनाधिकृत नकदी, शराब व हथियार की रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को दें। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने में एसएसटी और फ्लाइंग टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जतिन लाल ने बताया कि जिला में चुनावों के मद्देनजर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन उड़न दस्ते और स्थैतिक निगरानी टीमें, एक वीडियो निगरानी टीम और एक-एक वीडियो अवलोकन टीम, सहायक व्यय पर्यवेक्षक टीमें व अकाउंटिंग टीमें बनाई गई हैं।


ऊना के एक नाके पर चेकिंग के लिए पहुंचे उपायुक्त जतिन लाल।

### वाहनों पर पैनी नजर

**वहीं,** उन्होंने बताया कि चुनावों के चलते 25 अंतरराज्यीय और 121 राज्यातंरिक नाके लगाए गए हैं। नाकों पर पूरी मुस्तैदी से निगरानी की जा रही है। वाहनों की आवाजाही पर पैनी नजर रखी जा रही है। प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनावों के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा जतिन लाल ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद जिला में चैकिंग के दौरान उड़ने दस्ते और स्थैतिक टीमों ने 3.27 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की ड्रग, लीकर, कैश व अन्य चीजों को बरामद कर जब्त किया है।

## बाबा पहाड़िया मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम 4 जून से

**बंगाणा।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर, जो कि पंजैहन थाना खास गांव में स्थित है, में 4 से 7 जून तक विशाल धार्मिक समागम होने जा रहा है। बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैहन थाना खास के मुख्य सेवादार एवं गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार ने बताया कि चार जून को मंदिर परिसर से सौ फुट झंडे को उतारा जाएगा और पांच जून को कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 6 जून को सुबह श्री सत्य नारायण की कथा होगी, के उपरांत तंग पूजन होगा और कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 7 जून को हवन यज्ञ होगा और झंडा रस्म अदा की जाएगी। इसके उपरांत बाबा पहाड़िया की सवारी निकलेगी और गायक जोगी रत्ते बाला बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालकनाथ का गुणगान करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज इन क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20 मई सोमवार को 33/11 केवी सब-स्टेशन बंगाणा की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव हेतु 33/11 केवी सब-स्टेशन बंगाणा के अंतर्गत आने वाले फीडरों 11 केवी झगरेट, 11 केवी धुंदला, 11 केवी हटली, 11 केवी तलमेहड़ा, 11 केवी धानाकलां, 11 केवी बंगाणा और 11 केवी लठयानी की तथा इनके अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से दिन में कई बार बंद हो सकती है। विद्युत उपमंडल बंगाणा के सहायक अभियंता ई. उदित सिंह ने सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की है।

### जौनी क्रिकेट कप में झड़ग बना विजेता



**कोटखाई।** कोटखाई के जौनी में आयोजित सीताराम क्रिकेट कप मेमोरियल का सफल समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में लगभग 80 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला झड़ग और बद्दल के बीच खेला गया। इसमें झड़ग विजेता बना। विजेता टीम को 100000 की नगद राशि और ट्रॉफी नाम के स्वरूप दिया गया। वहीं, विजेता रही टीम को 51000 प्लस ट्रॉफी इनाम दिया गया

### सनोली में दहाजा कार्यक्रम 25 मई को

**ऊना।** नगर परिषद संतोषगढ़ के साथ लगती ग्राम पंचायत सनोली में बाबा सिद्ध चानो हस्त बलि जी कि आपार कृपा से बाबा सिद्ध चानो जी का दहाजा 25 मई दिन शनिवार को बड़ी धूमधाम से करवाया जा रहा है। जानकारी देते हुए भगत गुरदास राम ने बताया कि शनिवार को सुबह नौ बजे बाबा जी के निशान साहिब चढ़ाए जाएंगे और शाम सात बजे से दहाजा कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। इसमें गांव जखेड़ा से भगत गंगा राम एंड पार्टी बाबा जी का गुणगान करेंगे। इसमें शाम को बाबा जी का लंगर अटूट बरतेगा। कमेटी ने इस कार्यक्रम में आने के लिए सारी संगत से बिनती है कि आप बाबा जी के दहजा में आकर आशीर्वाद प्राप्त करें। और सुख समृद्धि की कामना करें। इस अवसर पर सेवादार जिंदर, साधु राम, हरीश भाटिया, सोहन लाल, योगेश, लवली, राम लाल, काला भाटिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### मतगणना के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**ऊना।** लोकसभा चुनाव और दो विधानसभा उपचुनावों के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात मतगणना स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला 20 मई को सुबह दस बजे लता मंगेशकर कला केंद्र समूरकलां में होगी। कार्यशाला में मतगणना की बारिकियों बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने दी है। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार व नोडल अधिकारियों को निर्धारित तिथि और स्थान पर व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने को कहा है।

### पीड़ित की मदद को आगे आई दिव्या ज्योति संस्था

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत करमाली में स्थित दिव्या ज्योति कुटलैहड़ संस्था द्वारा ग्राम बंगाणा उपमंडल की निवासी श्रीमति कोमल जो की कैंसर से पीड़ित हैं तथा किडनी फ़ेलियर की समस्या से जूझ रही हैं। उनको इस संस्था की तरफ से 10000 रुपए की सहायता राशी प्रदान की गई। आपको बता दें कि इस संस्था द्वारा समय समय पर जरूरतमंदों की सहायता की जाती रही है। कोई भी व्यक्ति अगर जरूरतमंद है तो वह इस संस्था से संपर्क कर सकता है।

## अमरेहड़ा में आग की भेंट चढ़ीं मधुमक्खी पालक की 50 पेटियां



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल में जहां एक तरफ राजनीति ने माहौल को गरम दिया है। वहीं, दूसरी तरफ निचले हिमाचल में आजकल आग की घटनाओं ने लोगों की रातों की नींद मिटा दी है। बात करें जिला ऊना के तहत बंगाणा की तो यहां सारे जंगल लगभग जला दिए गए हैं और कहीं न कहीं कुछ लोग अपने हित के लिए इन सारी घटनाओं को अंजाम देते हैं कई लोगों के घर जल गए, और कई जीव बेसहारा हो गए।

इसी कड़ी में आज शाम करीब तीन बजे के बाद उपमंडल बंगाणा के मलांगड़ पंचायत के अमरेहड़ा में मधुमक्खी पालक द्वारा रखे 40 से 50 पेटियां आग की भेंट चढ़ गए। इसमें करीब डेढ़ से दो लाख तक का नुकसान का अनुमान है। मधुमक्खी पालक धूनी चंद ने बताया कि वे इस व्यवसाय को अपने स्तर पर करते हैं लेकिन आज हुई इस घटना से सारी उम्मीदें धराशाई हो गई है।

उन्होंने बताया कि एक साल पहले इस कार्य के लिए बैंक से ऋण भी लिया है जो अभी भरने की उम्मीद थी लेकिन इस घटना से सारी उम्मीदें धारी की धरी रह गई।

स्थानीय वार्ड सदस्य डॉक्टर अमर चंद शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नुकसान का आंकलन अभी मुश्किल है लेकिन जहा तक आंकलन की बात है तो डेढ़ लाख से अधिक का हो सकता है। उन्होंने लोगो से जंगलों में आग न लगाने की अपील की।

## आईटीआई ऊना में आज होंगे साक्षात्कार

**ऊना।** आईटीआई ऊना में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड फरीदाबाद, हरियाणा की ओर से 20 मई को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार में फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, डीजल मैकेनिक, मैकेनिक मोटर व्हीकल आदि ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आईटीआई के प्रधानाचार्य ई. अंशुल भारद्वाज ने बताया कि इंटरव्यू में केवल युवक ही भाग ले सकते हैं। कंपनी प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया कि जो अभ्यर्थी उपरोक्त ट्रेड्स में आईटीआई कर चुके हैं या कर रहे हैं, जिनकी उम्र 18 से 26 वर्ष के बीच है, वे कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी ई. सतीश कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 10,840 रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ-साथ रियायती दरों पर कैंटीन, ड्रेस, सेफ्टी शूज व ट्रांसपोर्ट सुविधा मिलेगी। अभ्यर्थी अपने साथ 8 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित मूल प्रमाण पत्र लाएं। वहीं, आईटीआई ऊना में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड फरीदाबाद, हरियाणा की ओर से 20 मई को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।

## छंज्यार जंगल में आग लगने से लाखों रुपए की वन संपदा जलकर हुई राख

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

वन परिक्षेत्र भराड़ी के तहत आने वाले छंज्यार जंगल में पिछले चार दिनों से लगातार आग की घटनाएं होने से चार किलोमीटर के क्षेत्र में लाखों रुपए की वन संपदा जलकर राख हो गई। वहीं, कहीं जंगली जीव जंतु भी इस आग की भेंट चढ़ गए। छंज्यार जंगल पिछले चार दिनों से लगातार आग की भेंट चढ़ रहा है। आगे को बुझाने के बावजूद बार-बार जंगल आज की भेंट चढ़ रहा है। शनिवार को भी लगातार चौथे दिन जंगल एक बार फिर आग की भेंट चढ़ गया ।

आग की लपटें देखकर गांव वालों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी समय रहते घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने गांव वालों के साथ मिलकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। वन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते कर्मचारियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालत यह है कि जंगल में लगने वाली इस आग वाली जगह पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियों का पहुंचना भी मुश्किल है। यही कारण है कि विभाग के कर्मचारियों को स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ों के टहनियां के झाड़ू बनाकर आग पर काबू करने में लगे हुए है। बताते चले कि इस जंगल में करीब चार दिन से लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही है। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारी एक तरफ आग बुझाकर चले जाते हैं। वहीं, थोड़े देर बाद दोबारा जंगल में आग लग जाती है। जंगल के साथ ही रिहायशी गांव होने के कारण गांव वाले रात भर जाग जाकर पहरा देने में लगे हुए हैं। जबकि वन विभाग के कर्मचारी भी आग बुझाने के बाद लगातार जंगल में सूखी पत्तियां तथा अन्य चीज की पत्तियों को हटाने के काम में लगे हुए हैं, ताकि आग को आगे बढ़ने से रोका जा सके। वहीं, चार दिनों से जल रहे इस जंगल से वन विभाग की लाखों रुपए की वन सम्पदा जलकर राख हो चुकी है। दूसरी तरफ वन विभाग के अधिकारी लगातार लोगों से आग्रह कर रहे हैं कि जंगलों में आग ना लगाए साथ ही जंगल से 100 मीटर की दूरी पर किसी भी तरह की आग जलाने की कोशिश ना करें। क्योंकि हवा के झोंके से आज की लपटें उठकर जंगल में पहुंच जाती है और यही कारण है कि जंगल में बार-बार आग लगने की घटनाएं हो रही है।।


जंगल की आग बुझाते हुए स्थानीय लोग।

## भाजपा प्रत्याशी को हराकर कुटलैहड़ कांग्रेस को करेंगे एकजुट : देशराज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



जिला ऊना उपमंडल बंगाणा के तहत हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज मौदगिल ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कुटलैहड़ कांग्रेस एकजुट है और कुटलैहड़ से बागी हुए पूर्व विधायक हैं जो अब भाजपा प्रत्याशी हैं। उनको हराकर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को और सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ की जनता से विश्वासघात किया है।

इसके लिए कुटलैहड़ की जनता उनको कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा बहुत ही मजबूत स्थिति में है और उनकी जीत सुनिश्चित है। कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा कुटलैहड़ के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी विवेक शर्मा पर अपना विश्वास जिताया है।

इसके लिए कुटलैहड़ कांग्रेस का प्रचार-प्रसार जोर-शोर से चला हुआ है और जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जहां-जहां भी नुक्कड़ सभाएं हो रही हैं। वहीं से उनको भरपूर जन समर्थन की लोग बातें कर रहे हैं और पूर्व बागी विधायक को गद्दार की संज्ञा दे रहे हैं। कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो डरे और सहमे हुए हैं और वह यह भी जानते हैं कि विवेक शर्मा भारी मतों से जीतेंगे और माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ही प्रदेश के मुख्यमंत्री रहेंगे। माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है और जल्द ही इलेक्शन के रिजल्ट के बाद प्रदेश सरकार की महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी को पूरा कर दिया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री की एक और गारंटी पूरी होगी। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुटलैहड़ दौरे के दौरान कहा है कि जल्द ही पूरे प्रदेश में जल शक्ति विभाग में 10000 नौकरियां निकाली जाएगी। इसमें हरोली विधानसभा की तर्ज पर कुटलैहड़ विधानसभा में भी नौकरियां दी जाएगी।



जुन्गा (शिमला)। मतदान के महत्व बारे लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुंन्गा में चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया। चाहे कुछ भी हो मजबूरी वोट डालना है जरूरी के नारों से जुन्गा कस्बा गूंज उठा । इससे पहले प्रधानाचार्य सुमन चंदेल वर्मा ने जागरूकता रैली को हरि झंडी दिखाकर शहर के लिए रवाना किया। बच्चों ने हाथ में बैनर इत्यादि उठाकर लोगों को मतदान करने बारे संदेश दिया ।

## इस बार कांग्रेस की सरकार बनना तय: जगत राम

**ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय इंटक व देश के प्रमुख प्रगतिशील मजदूरों कर्मचारियों की यूनियन तथा किसान मोर्चा के सूत्रों मुताबिक पहले चार चरणों में हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन की काफी चढ़त है और अंदर खाते इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है। इस बार मोदी और भाजपा की कोई लहर नहीं देश के आम लोग मोदी की महंगाई बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार के विरोध में खामोश लहर है और देश के मेहनतकश ईमानदार वह देशभक्त लोग मोदी को सत्ता से बाहर करने के लिए एकजुट हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश की चर्चा करते हुए जगत राम ने बताया कि हिमाचल में चार लोकसभा सीटों पर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस की जबरदस्त जीत होगी। इनमें मंडी से विक्रमादित्य सबसे अधिक लीड लेंगे क्योंकि स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह का आज भी काफी प्रभाव है। दूसरे क्षेत्रों में वह विधानसभा के उपचुनाव में आम लोगों में देश की तरह गुस्सा है। हिमाचल प्रदेश कर्मचारी प्रधान प्रदेश है यहां पर सरकारी नौकरी पर ही लोग ज्यादातर निर्भर रहते हैं और कोई भी बड़ा सरकारी उद्योग नहीं है।

## गेयटी थियेटर में राज्यपाल ने किया एकादश कला प्रदर्शनी का शुभारंभ


कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल को तस्वीर भेंट करने का दौर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय कला परिषद् के तत्वावधान में रविवार को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में एकादश कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। राज्यपाल ने पांच दिवसीय इस कला प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के 11 कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने कहा कि कला एक सार्वभौमिक भाषा है जो सीमाओं से परे जाकर हम सभी को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि यह हमारे विचारों, भावनाओं और हमारे आस-पास की दुनिया का प्रतिबिंब है। राज्यपाल ने कहा, 'यहां प्रदर्शित पेंटिंग केवल कला की कृतियां नहीं हैं, वे कलाकारों के दिलोदिमाग की खिड़कियां हैं, जिनमें से प्रत्येक एक अनोखी कहानी कहती है और कई तरह की भावनाएं पैदा करती है। शुक्ल ने कहा कि यहां प्रदर्शित प्रत्येक चित्र आपकी कड़ी मेहनत और जीवन की सुंदरता और जटिलता को कैनवास पर उतारने की आपकी क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमारे सांस्कृतिक परिदृश्य को समृद्ध बनाने और कलाकारों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने में आपका योगदान अमूल्य है। राज्यपाल ने इस अवसर पर, भारतीय कला परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर काले ने राज्यपाल का स्वागत किया।

## बिलासपुर में स्टूडेंट ट्रेनिंग डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।**

हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन द्वारा जिला बिलासपुर मुख्यालय स्थित ब्रिज मार्शल अकादमी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय बगटुर (मार्शल आर्ट) रेफरी सेमिनार और स्टूडेंट ट्रेनिंग डेवलपमेंट प्रोग्राम का विधिवत समापन हो गया।

सेमिनार की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा, राज्य महासचिव सराज अख्तर एवं टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने की। जबकि मुख्यातिथि के रूप में लाडली फाउंडेशन की जिला महासचिव एवं सुप्रसिद्ध लेखिका सुमन चड्ढा ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार मृदुल शर्मा, सराज अख्तर एवं टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने मुख्यातिथि लाडली फाउंडेशन की जिला महासचिव सुमन चड्ढा को हिमाचली टोपी हिमाचली शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि लाडली फाउंडेशन की जिला महासचिव सुमन चड्ढा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल लोगों को असफलता से निपटना भी सिखाते हैं। हिमाचल प्रदेश भगत और संगठन के टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने बताया कि बगटुर मार्शल आर्ट रेफरी सेमिनार और स्टूडेंट ट्रेनिंग डेवलपमेंट प्रोग्राम में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 80 खिलाड़ीयों ने बगटुर फेडरेशन इंडिया के पदाधिकारी अरशद अजीज एवं नेशनल रेफरी सोहेल हसन भट्ट ने प्रशिक्षण दिया ।

## संतोषगढ़ में खाटू श्याम जी का संकीर्तन महोत्सव 25 को

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़ ( ऊना )**

श्री श्याम मित्र मंडल (ऊना) के तत्वावधान में नगर परिषद संतोषगढ़ में तीसरी बार करवाए जा रहे श्री खाटू श्याम जी, सालासर बालाजी के भव्य संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 25 मई को किया जाएगा। श्री खाटू श्याम भव्य कीर्तन दरबार कार्यक्रम को लेकर मंडल से जुड़े सदस्यों ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शरू कर दिया है।

25 मई को संतोषगढ़ नगर परिषद में मंडल की ओर से करवाए जाने वाले कीर्तन दरबार की तैयारियों के बारे बताते हुए श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी मुकेश बस्सी, मोहिंद्र, सुमित चावला, हितेश, नंदन, वंश, साहिल मेहन, राकेश सोनी, अंकुश, विवेक व परीक्षित ने बताया कि ऊना जिला में तीसरी दफा करवाएं जा रहे श्री श्याम बाबा (खाटू वाले) व श्री सालासर बाला जी, वृंदावन के प्रेम मंदिर, अयोध्या धाम की तरह राम लला जी के भव्य स्वरुप व श्रृंगार के दर्शन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जोकि विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि कीर्तन का आयोजन संतोषगढ़ नगर में पुरानी पानी की टंकी एवं शनिदेव मंदिर के समीप किया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से संकीर्तन को भव्य व सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है।

संकीर्तन कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका जयपुर से रजनी राजस्थानी, पटियाला पंजाब से आदित्य गोयल व ऊन्ना से नमिश बस्सी अपनी मधुर आवाज के जरिए खाटू वाले श्याम व बाला जी की महिमा का गुणगान करेंगे।

**चुनाव** ईवीएम-वीवीपैट का दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन संपन्न, तैयारियां जोरों पर

## मतदान के लिए 1133 वीवीपैट मशीनें होंगी उपयोग

**अनंत ज्ञान, ऊना**

चुनाव आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया की उपस्थिति में उपायुक्त कार्यालय ऊना के एनआईसी कक्ष में रविवार को ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का दूसरे चरण की ऑनलाइन रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा किया गया।

लोकसभा आम निर्वाचन और विधान सभा उपचुनाव के लिए ऊना जिले के समस्त मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) एवं वीवीपैट मशीनों (वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) की दूसरे चरण की ऑनलाइन रेंडमाइजेशन में निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के जरिये ईवीएम एवं वीवीपैट की पूरी पारदर्शिता के साथ रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है। ऊना जिले में लोकसभा निर्वाचन तथा दो विधानसभा उपचुनावों के मतदान के लिए 976 ईवीएम तथा 1133 वीवीपैट मशीनें प्रयोग में लाई जाएंगी। वहीं, ऊना जिले में चुनावों को लेकर 516 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में 118 पोलिंग बूथ हैं।

वहां लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए 156 ईवीएम (156 सीयू, 156 बीयू) तथा 188 वीवीपैट तथा विधानसभा उपचुनाव के लिए 165 ईवीएम (165 सीयू, 165 बीयू) और 177 वीवीपैट मशीनें दी गई हैं। गगरेट में 91 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहां लोकसभा मतदान के लिए 120 ईवीएम (120 सीयू, 120 बीयू) तथा 144 वीवीपैट और विधानसभा उपचुनाव के लिए 127 ईवीएम (127 सीयू,127 बीयू) तथा 136 वीवीपैट मशीनें प्रदान की गई हैं। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए 102 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहां के लिए 135 ईवीएम (135 सीयू, 135 बीयू) और 162 वीवीपैट मशीनें दी गई हैं। वहीं, हरोली विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के लिए 106 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहां के लिए 142 ईवीएम (142 सीयू, 142 बीयू) और 169 वीवीपैट मशीनें दी गई हैं। ऊना विस में 99 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहां के लिए 131 ईवीएम (131 सीयू, 131 बीयू) और 157 वीवीपैट मशीनें दी गई हैं। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम,निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



ईवीएम-वीवीपैट के दूसरे चरण के रेंडमाइजेशन के कार्य को देखते अधिकारी

## बंगाणा में आज होगी 'रन फॉर डेमोक्रेसी'

**ऊना।** ऊना जिले में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से विविध गतिविधियां आयोजित करके लोगों को चुनावों में मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार 20 मई को उपमंडल बंगाणा में सुबह 8 बजे 'वोट करेगा कुटलैहड़' जागरूकता संदेश के साथ 'रन फॉर डेमोक्रेसी' मेराथन आयोजित होगी। यह मैराथन बंगाणा टैक्सी स्टैंड से आरंभ होकर हटली चौक पर संपन्न होगी। मैराथन का उद्देश्य युवाओं समेत सभी मतदाताओं को निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि मैराथन में 18 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं मेडल, स्मृति चिन्ह और स्वीप की शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

धन एक वस्तु है, जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, इसके विपरीत है अधर्म का खजाना।
-स्वामी दयानंद सरस्वती



## संपादकीय

# चुनावों में धनबल का दुरुपयोग

भारत में चुनाव बहुत महंगे होते जा रहे हैं, जो कि बेहद चिंता का विषय है। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से दो महीनों में प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक देशभर से 8,889 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातुएं और मुफ्त उपहार जब्त किए हैं। अभी तो सिर्फ चार चरणों में ही चुनाव हुआ है, जबकि तीन चरण और बाकी हैं। ऐसे में यह राशि और ज्यादा बढ़ेगी। जब्त की गई राशि 2019 के आम चुनाव की अवधि के दौरान की गई कुल बरामदगी से ढाई गुना से ज्यादा है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि धनबल का इस्तेमाल कितने बड़े पैमाने पर हो रहा है। सवाल यह है कि चुनावों में धनबल का इतना ज्यादा इस्तेमाल आखिर क्यों हो रहा है? इसके कई कारण हैं। दरअसल, नेता सत्ता की लालसा में इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें किसी भी तरीके से सत्ता तक पहुंचना होता है और इसके लिए वे साम, दाम, दंड, भेद की चाणक्य नीति चलते हैं। साथ ही पैसे के बल पर वोटर को खरीदना चाहते हैं। जिन्हें खाने का शौक हो उन्हें खिलाते हैं, जिन्हें पीने का शौक हो उन्हें पिलाते हैं और जिन्हें गिफ्ट का शौक हो उन्हें गिफ्ट देते हैं।

हालांकि चुनाव आयोग ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में खर्च की सीमा अलग-अलग तय कर रखी है। लोकसभा चुनाव में हर उम्मीदवार 95 लाख तक और विधानसभा चुनाव में 40 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है, बावजूद इसके उम्मीदवारों की ओर से पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। उन पर कोई चेक नहीं है। प्रत्याशी झूठा शपथ पत्र देने से भी गुरेज नहीं कर रहे। जब एक पंचायत प्रधान के चुनाव में ही लाखों रुपए खर्च हो जा रहे हैं तो अनुमान लगाइए कि प्रत्याशी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में किस हद तक जा सकते हैं। चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के नेताओं और मंत्रियों के घर से करोड़ों रुपए पकड़े जा रहे हैं। ऐसे में आम जनता भला कैसे विश्वास कर सकती है कि चुनाव में धन का दुरुपयोग रुकेगा। सही मायने में ईमानदार प्रत्याशी चुनाव जीत ही नहीं सकता है, क्योंकि आजकल हर किसी को खाने की आदत पड़ी है। केंद्र सरकार ने चुनावों में राजनीतिक दलों के चंदा जुटाने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से चुनावी बांड की घोषणा की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की ओर से हाल ही में इस बाबत की गई सख्त टिप्पणियों को देखकर लगता है कि चुनावी बांड स्कीम भी संदेह के घेरे में है। चुनावी बांड के जरिए सभी राजनीतिक दल खूब पैसा बटोर रहे हैं।

माना जाता है कि इस रकम का बड़ा हिस्सा कालाधन होता है, जबकि राजनीतिक दल कहते हैं कि यह पैसा उन्हें अपने समर्थकों से चंदे के रूप में मिलता है। सुनने में यह योजना काफी पारदर्शी लगती है, लेकिन इसके आलोचक भी कम नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में ये बातें हैं, लेकिन संसद के पास बहुमत से न्यायालय के निर्णयों को पलटने की ताकत है इसलिए ऐसे मामलों में न्यायालय भी चुप रहता है। यदि देश के नेतृत्व में इतना साहस हो कि सर्वप्रथम पार्टी फंड को आम जनता के लिए पारदर्शी बना सके तो ही राजनीति से धनबल पर नियंत्रण हो सकता है और चुनाव भी निष्पक्ष हो सकते हैं। सवाल यह है कि चुनावों में धनबल रुके कैसे? आज निष्पक्ष चुनाव कराना काफी मुश्किल होता जा रहा है। चुनाव खर्च का मसला बहुत चिंतनीय और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर प्रश्न बना हुआ है। लंबे समय से इस पर चर्चा होती रहती है पर कोई ठोस नतीजा अब तक नहीं निकल पाया है। सरकारी तंत्र से सरकारी राशि की बंदरबांट को बंद कर जन योजनाओं पर खर्च किया जाना चाहिए। चुनावों में धनबल पर लगाम लगाने की चुनाव आयोग की कोशिशों का अब तक कोई विशेष असर दिखाई नहीं दिया है। भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि आज अच्छे लोग चुनाव लड़ने की बात सपने में भी नहीं सोचते हैं। राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे से संबंधित कानून सशक्त बनाया जाना चाहिए तभी गलत तरीकों पर रोक लगाई सकती है। निश्चित रूप से इससे चुनाव में भी पारदर्शिता आएगी। ■

# मधुमक्खियों की घटती संख्या पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा



दिनेश दमाथीआ
वरिष्ठ लेखक

विश्व मधुमक्खी दिवस विशेष

हम इंसान इस धरा पर रहने वाले विभिन्न जीव-जंतुओं से भलिभांति परिचित हैं। हम सभी किसी न किसी रूप में एक-दूसरे पर निर्भर हैं। ऐसे में हम अपने आसपास के वातावरण में मधुमक्खियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। ये मधुमक्खियां ऐसी नायक हैं, जो पेड़-पौधों पर लगने वाले फूलों और हमारी फसलों को परागित करने के लिए अथक प्रयास करती हैं। इन्हीं की वजह से हमारा वातावरण फूलों की सुगंध से महकता रहता है।

विश्व मधुमक्खी दिवस इन अद्भुत कीटों यानी मधुमक्खियों को सम्मानित करने का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन का उद्देश्य मधुमक्खियों और अन्य परागणकों के हमारे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को पहचानना और स्वीकार करना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2017 में शुरू किया गया विश्व मधुमक्खी दिवस हर साल 20 मई को मनाया जाता है। विश्व मधुमक्खी दिवस मनाने के लिए 20 मई का दिन ही क्यों चुना गया, इसके पीछे कारण यह है कि 18वीं शताब्दी में मधुमक्खी पालन पेशे के अग्रणी और आधुनिक मधुमक्खी पालन तकनीकों के आविष्कारक एंटोन जंसा का जन्म 20 मई को ही हुआ था। 1734 में स्लोवेनिया में पैदा हुए एंटोन जंसा को अपने समय के सबसे महान मधुमक्खी पालकों में से एक माना जाता है। उनकी अंतर्दृष्टिपूर्ण टिप्पणियों और नवीन प्रथाओं ने आधुनिक मधुमक्खी पालन की नींव रखी।

जंसा की विरासत न केवल दुनिया भर के मधुमक्खी पालकों की प्रथाओं में अद्वितीय है, बल्कि विश्व मधुमक्खी दिवस के महत्व में भी अद्वितीय है। सीधे शब्दों में कहें तो इन मधुमक्खिों का शहद हमारी खाद्य आपूर्ति के में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। तितलियों, पक्षियों और चमगादड़ों जैसे अन्य परागणकों के साथ ये मधुमक्खियां फूलों के पौधों के प्रजनन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनमें कई फल, सब्जियां और अन्य कृषि उत्पाद शामिल हैं, जिनके बगैर इस धरती पर जीवन संभव नहीं है। यहां यह जानना जरूरी है कि हम जो भोजन करते हैं, उसका लगभग एक तिहाई हिस्सा परागण पर निर्भर करता है और मधुमक्खियां दुनिया की लगभग 75 प्रतिशत प्रमुख फसलों के परागण के लिए जिम्मेदार हैं। सेब से लेकर बादाम तक, और खीरे से लेकर सभी सब्जियों तक, मधुमक्खियां कई प्रकार के खाद्य पदार्थों के उत्पादन में योगदान देती हैं जो हमें पोषण प्रदान करते हैं। लेकिन उनका महत्व सिर्फ खाद्य उत्पादन से कहीं अधिक है। ये मधुमक्खियां जैव विविधता को बनाए रखने और पर्यावरण के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जंगली पौधों को परागित करके वे जंगलों, घास के मैदानों और अन्य प्राकृतिक आवासों के विकास में सहायता करते हैं।

अफसोस की बात यह है कि आज दुनिया भर में मधुमक्खियां अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही हैं। आवास की हानि, कीटनाशकों का उपयोग, जलवायु परिवर्तन और बीमारी कुछ ऐसे खतरे हैं, जिनकी वजह से मधुमक्खियों की आबादी दिन-ब-दिन गिरती जा रही है। मानवजनित प्रभावों के कारण वर्तमान प्रजातियों के विलुप्त होने की दर सामान्य से 100 से 1000 गुना अधिक है। लगभग 35 प्रतिशत अकशेरुकी परागणकों, विशेष रूप से मधुमक्खियों और तितलियों, और लगभग 17 प्रतिशत कशेरुकी परागणकों, जैसे चमगादड़, विश्व स्तर पर विलुप्त होने का सामना कर रहे हैं। यदि यही हाल रहा, तो फल, नट और कई सब्जियों की फसलों जैसे पौष्टिक फसलों को चावल, मक्का और आलू जैसी प्रमुख फसलों द्वारा तेजी से प्रतिस्थापित किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप अंततः असंतुलित आहार होगा। गहन कृषि पद्धतियां, भूमि उपयोग परिवर्तन, एकल फसल, कीटनाशक और जलवायु परिवर्तन से जुड़े उच्च तापमान मधुमक्खी आबादी के लिए सभी समस्याएं पैदा करते हैं, इनके विस्तार से हमारे द्वारा उगाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। मधुमक्खियों की आबादी में कमी से न केवल खाद्य सुरक्षा को खतरा है, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता को भी खतरा है। मधुमक्खियों और अन्य परागणकों के बिना, पौधों के जीवन की विविधता कम हो जाएगी, जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य से लेकर वन्यजीव आबादी तक सब कुछ प्रभावित होगा।

इन संभावित खतरों को देखकर मधुमक्खियों की सुरक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई करना हम सभी की जिम्मेदारी है। परागण-अनुकूल उद्यान विकसित करने से लेकर कीटनाशकों के उपयोग को कम करने और स्थानीय मधुमक्खी पालकों, व्यक्तियों को समर्थन देने, समुदायों और सरकारों का समर्थन करके हमें मधुमक्खियों के संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी। मधुमक्खियों के महत्व और उनके सामने आने वाले खतरों को समझकर हम खुद को और दूसरों को अपनी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बना सकते हैं। मधुमक्खियों को बचाने में शिक्षा और जागरूकता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विश्व मधुमक्खी दिवस लोगों को जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित करने और हमारी दुनिया में मधुमक्खियों के महत्वपूर्ण योगदान का दिवस मनाने का अवसर प्रदान करता है। आइए इस दिन हम उन तमाम जीवों के संरक्षण के लिए प्रण लें, जो धरती पर जीवन को बनाए रखने में मदद करते हैं। छोटे पराग संग्राहकों के रूप में मधुमक्खियों की विनम्र शुरुआत से लेकर हमारी फसलों को परागित करने में उनकी आवश्यक भूमिका तक, मधुमक्खियां सभी जीवित चीजों के अंतर संबंध का उदाहरण देती हैं। लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि मधुमक्खियों का अस्तित्व बचाए रखना हमारा कर्तव्य है। उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए मिलकर काम करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आने वाली पीढ़ियों को इन असाधारण जीवों और जानवरों द्वारा प्रदान की गई अमूल्य सेवाओं से लाभ मिलता रहे।

आप चाहें एक अनुभवी मधुमक्खी पालक हों या एक साधारण व्यक्ति जो अपने परिश्रम का फल भोगता हो, मधुमक्खियों पर सभी को गर्व होना चाहिए। अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें मधुमक्खियों की सुरक्षा और संरक्षण का जिम्मा लेना पड़ेगा। इनका संरक्षण किसी एक आदमी के बस की बात नहीं है। समाज के हर वर्ग और आयु के व्यक्ति को इनके संरक्षण के लिए आगे आना पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## नजरिया

# नकली दवाइयों से खराब हो रही हिमाचल की साख

बीबीएन को फार्मा का हब कहा जाता है। यह औद्योगिक क्षेत्र हिमाचल के सोलन जिले में पड़ता है। यहां प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की दवाइयों का निर्माण किया जाता है। बड़े से बड़े राग की इवाइयां भी यहीं बनती हैं। लेकिन आए दिन दवाओं के सैंपल फेल होने और नकली दवाइयों का यहां निर्माण होने से प्रदेश की छवि देश और दुनिया दोनों में खराब हो रही है। समाचार पत्रों में जब लोग ऐसी खबरें पढ़ते हैं तो उनकी जी बहुत घबराता है क्योंकि जब इंसान बीमार पड़ता है तो दवाई ही उसे उस बीमारी से निजात दिलाती है। अगर वह नकली दवा खाता रहेगा तो फिर ठीक कैसे होगा।

अभी हाल ही हिमाचल के पड़ोसी राज्य पंजाब की पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने यहां बड़े स्तर पर हो रहे नकली दवाओं के निर्माण का पर्दाफाश किया है। इस खुलासे के बाद हरकत में आए राज्य विभान ने नकली दवाएं बनाने वाले उद्योग का लाइसेंस रद्द कर दिया, लेकिन यह उद्योग कुछ दिन बाद फिर से दवाएं बनाने का काम शुरू कर देगा क्योंकि ऊंची पहुंच के चलते इसका लाइसेंस दोबारा से रिन्यू हो जाएगा।

यही वजह है कि हिमाचल में नकली दवाओं का धंधा खूब फल-फूल रहा है। कुछ बहु-राष्ट्रीय कंपनियों को छोड़कर शेष दवा कंपनियां देश के विभिन्न बाजारों में घटिया, नकली और प्रतिबंधित दवाओं के गुप्त रूप से निर्माण और आपूर्ति के लिए जांच के दायरे में रही हैं। जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो प्रवर्तन और नियामक निकायों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। हर साल करोड़ों रुपए की नकली दवाओं का निर्माण बिना किसी के संरक्षण के संभव नहीं लगता।



लेखक : राजीव कुमार
गुलेर, कांगड़ा (हिप्र)

हिमाचल के उच्च न्यायालय ने भी इस बात पर दुख व्यक्त किया कि सोलन जिले के बद्दी-बरोटीवाला क्षेत्र में नकली दवा का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है और ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाना एक चुनौती बन गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

कविता

## गुरु प्यारा



डॉ.राजीव डोगरा
जनयानकड़, कांगड़ा

*न देखा मैं सृजनहारा ।*
*न देखा मैं पालनहारा ।।*
*मैं देखा अपना गुरु बलिहारा ।*
*जिन भव पार मुझे उतारा।।*
*न देखा मैं राम प्यारा ।*
*न देखा मैं कृष्ण न्यारा ।।*
*मैं देखा अपना गुरु प्यारा।*
*जिन दर्श दिखाया।।*
*न देखी मैं काली मैया ।*
*न देखी मैं दुर्गा मैया ।।*
*मैं देखा अपना गुरु प्यारा ।*
*जिन दिखाई हर लीला न्यारी।।*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### मशहूर हिंदी साहित्यकार

**सुमित्रानंदन पंत** हिंदी साहित्य में छायावादी युग के चार स्तंभों में से एक हैं। वह नए युग के प्रवर्तक के रूप में आधुनिक हिंदी साहित्य में उदित हुए। सुमित्रानंदन पंत ऐसे साहित्यकारों में गिने जाते हैं, जिनका प्रकृति चित्रण समकालीन कवियों में सबसे बेहतरीन था। आकर्षक व्यक्तित्व के धनी सुमित्रानंदन पंत के बारे में साहित्यकार राजेंद्र यादव कहते हैं कि पंत अंग्रेजी के रूमानी कवियों जैसी वेशभूषा में रहकर प्रकृति केंद्रित साहित्य लिखा करते थे। जन्म के महज छह घंटे के भीतर उन्होंने अपनी मां को खो दिया। कॉलेज में पढ़ते समय वर्ष 1921 में असहयोग आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के अंग्रेजी स्कूलों, कॉलेजों, न्यायालयों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों का बहिष्कार करने के आह्वान पर उन्होंने महाविद्यालय छोड़ दिया और घर पर ही हिंदी, संस्कृत, बंगला और अंग्रेजी भाषा-साहित्य का अध्ययन करने लगे। महात्मा गांधी के सान्निध्य में उन्हें आत्मा के प्रकाश का अनुभव हुआ। पंत 1950 से 1957 तक आकाशवाणी में परामर्शदाता रहे। 1958 में युगवाणी से वाणी काव्य संग्रहों की प्रतिनिधि कविताओं का संकलन चिदंबरा प्रकाशित हुआ, जिसके लिए उन्हें भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। 1960 में कला और बूढ़ा चांद काव्य संग्रह के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। 1961 में पद्मभूषण से विभूषित हुए। 1964 में विशाल महाकाव्य लोकायतन का प्रकाशन हुआ। कालांतर में उनके अनेक काव्य संग्रह प्रकाशित हुए। अविवाहित पंत के अंतस्थल में नारी और प्रकृति के प्रति आजीवन सौंदर्यपरक भावना रही।



सुमित्रानंदन पंत
जन्म : 20 मई, 1900
मृत्यु : 28 दिसंबर, 1977

# भीषण गर्मी में धधकते जंगलों से दहकती हिमाचल की भूमि

वनों का हमारे जीवन में भौगोलिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्व होता है। इनकी छत्रछाया में ही भारतीय सभ्यता और संस्कृति फलीभूत हुई है। वनों की महत्ता किसी से छुपी नहीं हैद्व अत: इनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता। पेड़-पौधों से ही हमें शुद्ध हवा ,वनस्पति और खाद्य पदार्थ मिलते हैं जो हमारे दैनिक जीवन में बहुत महत्व रखते हैं। हमारे वन न जाने कितने जीव-जंतुओं तथा जानवरों का ठिकाना होता है, लेकिन वर्तमान समय में जंगलों का अस्तित्व खतरे में है। हर साल गर्मी का मौसम आते ही देश के पहाड़ी राज्यों के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो जाता है। जंगल की यह आग हर साल अपना विकराल रूप धारण कर रही है। यह आग न केवल जंगल , वन्य जीव,वनस्पति, इंसान की आर्थिक स्थिति के लिए भी खतरे उत्पन्न कर रही है, बल्कि इसका विपरीत प्रभाव समूचे पारिस्थितिक तंत्र पर भी पड़ रहा है।

गर्मियों के इस सीजन में 1 अप्रैल से 17 मई तक प्रदेश के 12 सर्किलों में आग की 313 घटनाएं दर्ज की गई हैं। प्रदेश भर में पिछले डेढ़ माह में इन आग की घटनाओं में 2,162 हेक्टेयर भूमि पर वन संपदा राख हो गई है। इसमें 50 लाख की संपत्ति के नुकसान का आकलन किया गया है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 17 मई शाम तक बिलासपुर में 18, चंबा में 9, धर्मशाला में 82 हमीरपुर में 62, कुल्लू में 1, मंडी में 47, नाहन में 41, रामपुर में 8, शिमला में 12, सोलन में 30 जंगलों में आग दर्ज की है।

जंगल की आग या वनाग्नि के पीछे जलवायु परिवर्तन या ग्लोबल वार्मिंग तो सबसे बड़ा कारण है ही लेकिन आग लगने की घटनाओं को लेकर वन विभाग ने भी दावा किया है कि इनमें से कई घटनाएं मानव निर्मित या कभी-कभी जानबूझकर भी जंगलों में आग लगाने के कारण हो रही हैं। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं ने दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन का संकट खड़ा कर दिया है। वनाग्नि लगने की सभी घटनाओं के लिए 75त्न इंसान जिम्मेदार है। प्राकृतिक रूप से बिजली गिरने या अत्यधिक गर्मी की वजह से भी जंगल में आग लग सकती है, लेकिन ऐसा अपेक्षाकृत बहुत कम होता है। अक्सर मानवीय लापरवाही के चलते फेंकी गई माचिस की तीली या सुलगती सिगरेट की चिंगारी या फिर लोगों द्वारा अपनी जमीन में की जा रही कांटों की सफाई करते समय आग लगाने से भी जंगल में आग लग जाती है।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

ग्रीष्म ऋतु में प्रचंड गर्मी पड़ी है, जिससे आग जल्दी से फैलती है क्योंकि बड़ी मात्रा में शुष्क ईंधन और गर्म लू के चलने के कारण छोटी आग की लपटों को भी धधकती ज्वाला में तब्दील कर सकती है। जंगल की आग से जैव विविधता पर भी बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जंगल में रह रहे विभिन्न जीव तथा दुर्लभ वनस्पतियां नष्ट हो जाती हैं। न जाने कितने जीवों की प्रजातियां हमेशा के लिए लुप्त हो जाती हैं। पक्षियों के छोटे-छोटे बच्चे और अंडे सब आग में जलकर भस्म हो जाते हैं। जो जीव तेजी से भागने में सक्षम हैं, वे मैदानी इलाकों की ओर पलायन कर जाते हैं जिससे इंसानों की फसलों पर उजाड़ की मार पड़ती है। जो वन्य प्राणी तेजी से नहीं भाग सकते वे आग में ही जल जाते हैं। यह एक या दो वर्ष की बात नहीं है। हर साल यही होता है। जंगल में लगी आग के कारण आय के स्रोतों के नुकसान के साथ-साथ लोगों के घरों के जलने का भी खतरा बना रहता है। लोग कई-कई रातों तक जागते रहते हैं, बावजूद इसके भी कई घर और गौशालाएं जंगल की आग की चपेट में आकर जल जाती हैं। प्रतिवर्ष गर्मियों के मौसम में लोगों को अपनी लाखों की संपत्ति और पशुधन से वंचित होना पड़ता है।

जंगलों का इस प्रकार धधकना कई संकटों को निमंत्रण दे रहा है। जंगलों के जलने से उपजाऊ मिट्टी का कटाव तो तेजी से होता ही है साथ ही जल संभरण का काम भी प्रभावित होता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि वनों में लगी आग से उस क्षेत्र विशेष का भौगोलिक, आर्थिक एवं सामाजिक परिवेश व्यापक स्तर पर प्रभावित होता है, बल्कि हमारे पर्यावरण को भी काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। आग लगने के कारण सांस लेना भी दूभर हो जाता है और बच्चों तथा बुजुर्गों को विशेषतया कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस जहरीले धुएं से दम घुटने लगता है। अत: इन घटनाओं को न्यूनतम किए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। आपदा प्रबंधन के समुचित उपाय के साथ-साथ आग के प्रति संवेदनशील वन क्षेत्र में मानवीय क्रियाकलापों को बिलकुल बंद किया जाना चाहिए। जंगल धू-धू कर जलते रहते हैं, वन संपदा जलकर राख हो जाती है और वन विभाग सदैव की तरह मूकदर्शक बनकर असहाय बना बैठा रहता है। राज्य सरकार को वास्तव में वनों की सुरक्षा को लेकर जमीनी स्तर पर जंगलों की आग से निपटने के लिए सभी पहलुओं का गंभीरता से अध्ययन कर ठोस रणनीति बनानी चाहिए। आग बुझाने के नए उपकरणों सहित उन तमाम जरूरतों को पूरा करना होगा जो वनाग्नि को नियंत्रित करने के लिए जरूरी है। वनों में आग लगाने वालों के लिए सख्त से सख्त कानून बनाए जाने चाहिए और उनके लिए सख्त सजा का प्रावधान होना चाहिए।

इसके साथ ही आम जनमानस को भी प्रकृति के प्रति सचेत होने की जरूरत है। उनका भी यह दायित्व बनता है कि अपने आसपास होने वाली वनाग्नि की घटनाओं के प्रति सचेत रहें, जागरूक रहें और गांव वालों को भी जागरूक करें। आग की घटनाओं को कम करने में जितना सहयोग हो सके करने की कोशिश भी करें। यही सोच ग्लोबल वार्मिंग को कम करने तथा पर्यावरण को बचाने में कारगर साबित हो सकती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं।)**

## अपनी बात

**गर्मियां** आते ही बहुत से लोगों को लगता है अब तो बाहर घूमने के दिन आ गए हैं, लेकिन शायद वे यह नहीं समझते कि जरूरत से ज्यादा धूप के संपर्क में रहने से उनके शरीर पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आजकल देशभर में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तरी भारत में तो कई जगहों पर तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया है। शांत और ठंडे पहाड़ ही भी खूब तप रहे हैं। ऐसे में अगर आप कहीं बाहर घूमने का प्रोग्राम बना रहे हैं तो कुछ सावधानियां बरतना बेहद आवश्यक हो जाता है। गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा जिस चीज की जरूरत पड़ी है, वह है पानी। अगर शरीर को भरपूर मात्रा में पानी न मिले, तो चक्कर आना, थकान और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। ऐसे में जहां भी जाएं तो पर्याप्त मात्रा में पानी अपने साथ लेकर ही जाएं। इसके अतिरिक्त नींबू पानी और गन्ने के रस के साथ ही फलों का जूस भी समय-समय पर पीते रहें। गर्मी के मौमस में शराब, शक्कर वाले ड्रिंक और कैफीन जैसे पेय पदार्थों के अधिक सेवन से बचना चाहिए। यह डिहाइड्रेशन के खतरे को बढ़ा सकते हैं। जब प्यास लगे तो ग्लूकोज या फिर नींबू पानी ही लें। प्रोसेस्ड और तले हुए फूड्स, मीठे स्नेक्स और मीठे ड्रिंक्स का अधिक सेवन सीमित कर दें। इनसे एक तो प्यास बहुत लगती है दूसरा इनसे सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है। तले हुए के बजाय ग्रिल्ड या भुने हुए फूड आइटम्स का विकल्प चुनें और स्नेक्स के रूप में ताजे फल और सब्जियों का सेवन करें। कोशिश करें कि बहुत लंबे समय तक ट्रैवल न करना पड़े। अपने टूअर के दौरान खूद को फिट रखें, नहीं तो आपका घूमने का सारा मजा किरकिरा हो जाएगा **-नर्वदा देवी, बैजनाथ**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# हीटवेव से होने वाली मौतों में तेजी से हो रहा इजाफा चिंताजनक

प्रकृति के अत्यधिक और अंधाधुंध दोहन के परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित न हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कौड़ी सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर हैं।

भारत के साथ-साथ दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू-स्खलन, सुनामी, ग्लेशियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और न जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक खराब होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाए तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रूस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की मानें तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है।

अध्ययनकर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की मानें तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकार्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रैल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरूप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड़-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं।

दूसरी ओर वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पॉलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पॉलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है। आज एसी, फ्रिज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रिज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं, यह भी किसी से छुपा नहीं है। गर्मी के बढ़ने का कारण अंधाधुंध औद्योगिकरण भी है। शहरों में दिन-रात चलने वाले कारखानें जहर उगल रहे हैं, जो वायु प्रदूषण के साथ ही वातावरण को भी गर्म कर रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मतदान हमारा जन्मसिद्ध अधिकार : सुरजीत



**पधर ।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए रविवार को द्रंग विधानसभा के सभी ग्राम पंचायत में स्थानीय लोगों, महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह ने स्वच्छता श्रमदान कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। द्रंग विधानसभा में अनेको कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं स्कूलों में डेमोक्रेसी क्विज प्रतियोगिता करवाई जा रही है।

### किसानों को उपलब्ध होंगे हाई ब्रिड बीज



**धर्मपूर।** किसान उत्पादक सहकारी सभा धर्मपुर के मुख्य स्टोर सजाओपीपलू और सात अन्य बिक्री केंद्रों पर मक्की और धान का बीज उपलब्ध हो गया है। चरी, बाजारा, मक्की चरी, हल्दी, सोयाबीन, अदरक और कचालू के बीज पहले से ही एफपीओ ने उपलब्ध करवा दिए हैं और अब 26 मई को सात प्रकार के मोटे अनाज के हाई ब्रिड बीज भी किसानों को उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। एफपीओ के अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एफपीओ ने बीज कंपनी से अच्छी क्वालिटी के मक्की और धान के बीज क्रय किए हैं और मुद्रित एमआरपी से कम रेट पर किसानों को बिक्री किए जा रहे हैं।

### कांग्रेसी मंडी को समझ रहे पैतृक संपत्ति : राकेश

**सुंदरनगर ।** भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि सोनिया गांधी रायबरेली की सीट राहुल गांधी को ऐसे सौंप रही हैं जैसे यह उनके घर की जागीर हो, वहीं हमारे प्रदेश में कांग्रेस की अध्यक्षा व सांसद भी मंडी को अपनी जागीर समझने की भूल कर रही है। राकेश ने दावा किया कि राहुल गांधी इस बार भी रायबरेली से हारने वाले हैं और उनकी छवि एक ऐसे नेता के रूप में बन गई है जो मैदान छोड़कर भाग जाते हैं। अमेठी से चुनाव न लड़ना कांग्रेस की हार मानने का संकेत है।

### लडभड़ोल में सात दिवसीय योग शिविर शुरू



**लडभड़ोल ।** पंचवटी पार्क रिहडू में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें रिहडू अमेहड़, रैंस, फनेड, बसोना आदि गांव के 20 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर योग और प्राणायाम के बारे में विस्तार से बताया गया, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, ताड़ासन तथा कपालभाती, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीत, हास्य आसन, सिंहासन आदि के गुर सिखाए गए और उनसे होने वाले फायदों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जिला प्रभारी पतंजलि किसान सेवा समिति जोगिंद्रनगर भीम सिंह चौहान, मंडल प्रभारी भारत स्वाभिमान राजेश शर्मा, योग शिक्षक कुलदीप, उपप्रधान ग्राम पंचायत करतार व अन्य लोग मौजूद रहे।

### ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की दूसरी रेंडमाइजेशन संपन्न

**मंडी ।** ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की दूसरी रेंडमाइजेशन सामान्य पर्यवेक्षक विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में ईएमएस 2.0 सॉफ्टवेयर का उपयोग कर दूसरा रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी हो गई। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी की ओर से करण वीर, कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से संजय शर्मा, बसपा प्रत्याशी की ओर से नरेंद्र कुमार, हिमाचल जनता पार्टी प्रत्याशी की ओर से महेश सैनी, आजाद प्रत्याशी की ओर से आदित्य प्रताप सिंह उपस्थित रहे। रेंडमाइजेशन उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में की गई। कुछ मशीनों को प्रशिक्षण के लिए आवंटित किया गया है।

### पदवाहन गांव में चलाया सफाई अभियान

**पधर ।** ग्राम पंचायत बड़ीधार के महिला मंडल पदवाहन की महिलाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं महिला मंडल की प्रधान प्रोमिला देवी ने बताया कि लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशता बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके चलते गांव के रास्ते, बाबड़ियां, गांव के आसपास साफ- सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।महिला मंडल की प्रधान प्रोमिला देवी ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों के चलते सभी महिलाएं भाग लें।



# केंद्र से मान्यता प्राप्त हिमाचल का इकलौता गोसदन : पटियाल

**हिंदू** धर्म में गोसेवा को एक बहुत ही पुण्य का काम माना जाता है। देश भर में ऐसी कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं हैं, जो बेसहारा गोवंश की सेवा में दिन-रात जुटी हुई हैं।

इन संस्थाओं के अलावा केंद्र और राज्य सरकारें भी गो सेवा आयोग के माध्यम से सैकड़ों गोसदन एवं गोशालाएं चला रही हैं। एक ऐसा ही गोसदन हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के मैगल में भी चल रहा है।

यह हिमाचल का एकमात्र ऐसा गोसदन है, जिसे केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र के मंडी से



मैगल गोसदन के संचालक एमएल पटियाल

**विशेष बातचीत**

रिपोर्टर पुष्प राज की मैगल गोसदन के संचालक एवं पशु कल्याण प्रतिनिधि एमएल पटियाल से विशेष बातचीत।

**सवाल : गोसदन कब से चल रहा है और आपकी क्या भूमिका है?**

**जवाब :** वर्ष 2010 में भारत सरकार ने मुझे मंडी जिला के जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के तहत पशु कल्याण अधिकारी के रूप में नॉमिनेट किया था। मगर मैं इससे कई वर्ष पहले से ही यहां गोसदन की स्थापना के लिए प्रयास कर रहा था। मैं वर्ष 2000 में जब एचपीसीए में बतौर जनरल सेक्रेटरी काम कर रहा था, तो उस समय मैंने केंद्र सरकार से यहां गोसदन खोलने की मांग उठाई थी। इसके बाद डीआरडी के माध्यम से यहां वर्ष 2005 में गोसदन का काम शुरू हुआ और वर्ष 2007 से इसका संचालन शुरू हो गया।

**सवाल : गोसदन चलाने में लोगों का कितना सहयोग है?**

**जवाब :** यहां 130 से अधिक गोवंश है। मंडी शहर में जितने भी पशु प्रेमी हैं, वे हर रोज धन और चारे के रूप में इस गोसदन को चलाने में अपना पूरा सहयोग देते हैं। इसके अलावा प्रशासनिक अमला और जाने-माने लोग भी पूरा सहयोग करते हैं। अधिकारी यहां विजिट करते रहते हैं। जहां तक देखभाल की बात है तो मैं स्वयं ही इसका प्रबंधन देख रहा हूं। सदन के जो कोषाध्यक्ष हैं, वह राष्ट्रपति पदक से सम्मानित व्यक्ति हैं। वहीं, एचपीसीए के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर भी 2007 से ही गोसदन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**सवाल : कितने कर्मचारी काम करते हैं और इसे चलाने के लिए पैसा कहां से आता है?**

**जवाब :** गो सेवा आयोग की तरफ से हर माह प्रति पशु 700 रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा दानी सज्जन भी मदद करते रहते हैं। हिमाचल गो सेवा आयोग की ओर से पैसा सीधा ही गोसदन के खाते में डाल दिया जाता है। बस इसी से यहां का खर्च चल रहा है। यहां जितने भी पशु हैं, उनका पूरा रिकॉर्ड रखा जाता है। नोडल अधिकारी समय-समय पर यहां आकर रिकॉर्ड को चेक करते रहते हैं। यहां छह कर्मचारी काम करते हैं। इनके अलावा एक व्यक्ति मृत पशुओं को दफनाने का काम करता है।

**सवाल : कुछ दिन पहले लोगों ने क्या आरोप लगाए थे?**

**जवाब :** आरोप लगाना आसान होता है, लेकिन उन्हें साबित भी करना पड़ता है। सच्ची बात तो यह है कि यहां की स्थानीय पंचायतें गोसदन को कोई सहयोग नहीं करती हैं। उपायुक्त ने सभी पंचायतों को गोसदन चलाने में अपना सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

लेकिन कोई भी पंचायत आगे नहीं आती, उल्टा ग्रामीण यहां आकर लड़ाई-झगड़ा करते हैं और हम पर उल्टे-सीधे आरोप लगाते हैं। हमें प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। ऐसे में ग्रामीणों के आरोप लगाने से हमारे सेवाभाव में कोई भी कमी आने वाली नहीं है।

# नगर निगम का मुख्य द्वार बना सब्जी रखने का ठिकाना

## विवादों में रहा मुख्य द्वार का काम, कभी पार्षदों ने तो कभी रेहड़ी वालों ने रोका काम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी शहर में नगर निगम कार्यालय जाने के लिए लोगों को साइन बोर्ड के लिए सड़क के साथ ही नगर गेट का निर्माण किया गया लेकिन अब यह लोहे का गेट जंग लगने के लिए बेबस है। आजकल यह गेट सब्जी वालों के लिए सब्जी रखने का काम कर रहा है।

बता दें इस गेट का कार्य पहले से ही विवादों के घेरे में रहा है और बड़ी मुश्किल से गेट का स्ट्रक्चर खड़ा किया गया है, लेकिन अब इसके बाद जो कार्य होना था वो अधर में लटक गया है। बता दें कि पहले यह गेट गांधी भवन के साथ बनाया जाना था जिसका आधा काम पूरा भी हो चुका था और गेट के लिए गड्ढे भी कर दिए गए थे।

जिन्हें विवाद के कारण भर दिया गया और यह गेट हाउस में पास हुआ था जिसमें सभी पार्षदों ने सहमति जताई थी, लेकिन कार्य शुरू होते ही कांग्रेस पार्षदों ने इसे बीच में ही रोक दिया क्योंकि गेट बन जाने से गांधी भवन में बनी प्रतिमा और इमारत ढह जाती जोकि कांग्रेस के पार्षदों और मनोनीत पार्षदों को मंजूर नहीं था।

इससे पूर्व रेहड़ी पटरी वालों ने उनके रोजगार को लेकर भी सवाल खड़े किए थे कि यदि गेट बन जाएगा तो सब्जी विक्रेता कहां बैठेंगे। इस मसले को भी सुलझाने में काफी समय लगा। उसके बाद एसबीआई बैंक की इमारत के साथ इस गेट को बनाया गया जो लगभग 5 लाख की लागत और साढ़े छह मीटर ऊंचा स्ट्रक्चर बनाकर तैयार कर दिया है लेकिन उसके बाद इसके कार्य पर विराम सा लग गया है।



मुख्य द्वार के स्ट्रक्चर पर रखी सब्जियां और गेट के लोहे को लग रहा जंग।

**लेबर आते ही कार्य हो जाएगा शुरू : वीरेंद्र**

**नगर** निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि तीन से चार दिन पूर्व ठेकेदार को कार्य शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं। लेबर आते ही कार्य शुरू हो जाएगा।

# लोकसभा चुनाव में धनबल पर होगी जनबल की बड़ी जीत : सोहन लाल



चुनाव को लेकर जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व सीपीएस सोहनलाल ठाकुर ने कहा कि लोकसभा का चुनाव नैतिकता व अनैतिकता, सच्चाई व बुराई और धनबल व जनबल का होगा। इसमें जनबल की एक बड़ी जीत होगी। हर मतदाता तक प्रदेश सरकार की अब तक की उपलब्धियों और केंद्र सरकार के दस साल की जन विरोधी नीतियों को लेकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कांग्रेस कार्यकर्ता कर रहे हैं।

उन्होंने प्रदेश की 4 लोकसभा के साथ 6 विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव में भी कांग्रेस की जीत का दावा किया है। सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की गंदी मानसिकता का मुंहतोड़ जवाब देगी। भाजपा के नेता जनता को गुमराह कर रहे हैं कि प्रदेश में भी 4 जून को सरकार गिर जाएगी।

उन्होंने कहा कि वैसे 6 सीटें भी कांग्रेस जीत रही है और भाजपा के नेता उन सीटों को भी अगर अपना मानते हैं फिर भी बहुमत कांग्रेस के पास है। इसलिए भाजपा के नेता जनता को गुमराह करना छोड़ दें। इस प्रकार धनबल का प्रयोग कर राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने नेताओं की खरीद फरोख्त के लिए किया था। उसे अब हिमाचल की जनता जान चुकी है और जनता के मन में गुस्सा है और भाजपा की नीति सबके सामने आ गई है जिसका जवाब जनता 1 जून को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में जरूर देगी।

## जखेड़ू स्कूल की छात्राएं सम्मानित



**सुंदरनगर ।** राजकीय उच्च पाठशाला जखेड़ू में की दो छात्राओं हिना और तमन्ना ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए क्षेत्र और पाठशाला का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि को लेकर रविवार को पाठशाला की ओर से दोनों मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## अस्पताल ले जाते 37 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मंडी ।** मलथेहड़ में एक 37 वर्षीय व्यक्ति की सीने में दर्द होने पर उपचार के मेडिकल कॉलेज नेरचौक ले जाते समय रास्ते में ही मृत्यु हो गई है। मामले में पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाते हुए सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई अमल में लाई है। मृतक की शिनाख्त गुरमेल सिंह(37) पुत्र चेतराम गांव मलथेहड़ डाकघर गलमा तहसील बल्ह जिला मंडी के तौर पर हुई है। थाना प्रभारी बल्ह पुरुषोत्तम धीमान ने बताया कि पुलिस ने मामले में नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई है। उन्होंने बताया कि शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# कन्या भ्रूण हत्या के लिए जानी जाती थी मंडी : कंगना

**अनिल शर्मा, मंडी**



प्रेस वार्ता करती हुई कंगना रनौत व अन्य।

भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने मीडिया से रू-ब-रू होते हुए पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, संजय गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। कंगना ने कहा कि पंडित नेहरू हारे हुए नेता थे, उन्होंने कहा कि आसाम हमारे हाथ से चला गया, लेकिन आसाम हमारे हाथ से नहीं गया था, वहां के लोग भारत के नुमाइंदों से बात करने के पक्ष में थे। कंगना यहीं नहीं रुकी उन्होंने संजय गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पकड़-पकड़ कर नसबंदी की। यदि सोनिया गांधी के काले चिट्ठे खोलने लगे तो सुबह हो जाएगी।

कंगना ने कहा कि मंडी कन्या भ्रूण हत्या के लिए जानी जाती थी, लेकिन आज बेटियों की कामयाबी के लिए जानी जाती है। विक्रमादित्य परिवार का ही राजनीति में दबदबा है, आम आदमी तो राजनीति में आ ही नहीं पाता है। युवाओं को मौका मिलना चाहिए।

शिक्षा और रोजगार के सवाल पर कंगना रनौत ने कहा कि रोजगार के लिए केंद्र की योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। पांगी, भरमौर, करसोग, आनी में ऐसे क्षेत्र में जहां आज भी बच्चे झूलों में बैठ कर स्कूल जाते हैं। इस मौके पर उनके साथ सदर विधायक अनिल शर्मा और बल्ह विधायक इंद्र सिंह मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# कंगना मंडी का अपमान करने पर माफी मांगे : अलकनंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता आकाश शर्मा और अलकनंदा हांडा ने भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कंगना रनौत मंडी का अपमान करने पर माफी मांगे। अलकनंदा हांडा ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या का बयान देकर कंगना ने मंडी और यहां की महिलाओं का अपमान किया है।

देश की पहली स्वास्थ्य मंत्री रानी अमृत कौर, मंडी की पहली महिला डॉक्टर यहां से रही है, मुंबई के बाद फैशन मंडी में पहुंचता है। इस सीट पर पहले भी महिला सांसद रह चुकी हैं, लेकिन मंडी के बारे में यह कहना कि मंडी कन्या भ्रूण हत्या के लिए जानी जाती थी, तो यह बहुत ही गलत है। प्रवक्ता आकाश शर्मा ने कहा कि मंडी में सबसे पहले कार आई 1888 में तो विक्टोरिया ब्रिज बन गया था।

मंडी में भ्रूण हत्या नहीं होती थी, यह देवी देवताओं की धरती है। रानी खैरागढ़ी ने पीठ पर बच्चे को बांध कर अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला, तो सरकाघाट में सबसे अधिक वोटर महिलाएं हैं।

यहां भ्रूण हत्या नहीं होती यहां बेटियां आगे बढ़ती हैं। महासचिव देवेंद्र शर्मा ने कहा कि कंगना ने अनाप शनाप बयानबाजी कर पूरा जिला कलंकित कर दिया है।

# श्रेया लोहिया 'प्रतिभा पुष्प अवार्ड 2024' से सम्मानित



श्रेया लोहिया को सम्मानित करते हुए संस्था के सदस्य तथा अन्य अवार्डी एक साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

यूएस बेस्ड एनआरआई प्रतिभा पुष्प फाउंडेशन ने वर्ष 2024 को अवार्ड महज 15 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय फार्मूला रेस विजेता श्रेया लोहिया को दिया। एक समारोह में श्रेया लोहिया को अवार्ड से नवाजा।

श्रेया लोहिया जो महादेव सुंदरनगर की रहने वाली है ने 15 की आयु में ही फार्मूला रेस जीत ली थी। वह दिसंबर 203 में हुई प्रथम इंडिया फार्मूला 4 की सबसे युवा फीमेल चालक के तौर पर भाग लेकर पहली रेसर होने का खिताब हासिल किया था। उसे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। फाउंडेशन के ओपी मल्होत्रा, नलिन कपूर व अरुणा कपूर ने बताया कि इस बार यह आयोजन प्रतिभा कपूर के जन्मदिन पर किया जा रहा है।

# महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार तीन मुद्दों पर केंद्र विफल : संजय दत्त

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त व कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त ने जोगिंद्रनगर में कहा कि महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार तीन ऐसे मुद्दे हैं जिन पर केंद्र सरकार विफल है। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो पिछले 10 साल में जरूरतमंद वस्तुओं की कीमतों में मूल्यों में 72 प्रतिशत ग्राफ बड़ा हुआ है।

कांग्रेस ने 10 गारंटियां प्रदेश सरकार द्वारा दी गई थी, जिनमें पांच गारंटियों को पूरा कर लिया गया है तथा बाकी भी इसी साल के अंत में पूरा कर दी जाएगी तथा आगामी लोकसभा चुनावों में सभी सीटों में कांग्रेस पार्टी सत्ता में काबिज होगी। उन्होंने कहा कि पूरे 10 साल में पीएम मोदी ने एक बार भी पत्रकार वार्ता नहीं की, केवल दिखावा ही किया।

## भनवाड़ में 22 को होगा जागरण

**सुंदरनगर ।** सुंदरनगर के भनवाड स्थित मां भगवती महाकाली जालपा माई के प्रकटोत्सव का जागरण बुधवार 22 मई को होगा। जबकि भंडारा वीरवार 23 मई को होगा।

मंदिर के प्रवक्ता कपिल बंसल ने बताया कि मां भगवती महाकाली जालपा माई के जागरण में छोटी काशी मंडी की विश्व विख्यात-मां बृजेश्वरी माई के गुरु महंत ललित भाई और भंजन गायक रिंकू बरपग्गा, गायक सुरेश सुहेल, गायिका सपना गुप्ता और भाई विवेक मोरेया महामाई के चरणों में माता का गुणगान कर सभी भक्तों को निहाल करेंगे।

# कंगना का समाजसेवक के तौर पर योगदान शून्य : खुराना



युवा कांग्रेस प्रभारी जयवर्धन खुराना पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश में भाजपा के नेताओं को लगता है कि मोदी और अमित शाह द्वारा भेजी गई प्रत्याशी कंगना रनौत को चुनाव जीता कर लाना उनका फर्ज है। यह बात मंडी लोकसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस प्रभारी जयवर्धन खुराना द्वारा मंडी के सुंदरनगर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के साथ चलने वाले सुरक्षाकर्मी आम कार्यकर्ता के साथ-साथ भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं और पूर्व विधायकों को फटकने नहीं देती है। बेशक कंगना एक अच्छी अभिनेत्री हैं लेकिन एक समाज सेवक के तौर पर उनका योगदान शून्य है।

## भारतीय मजदूर संघ मंडी का अधिवेशन 23 को

**मंडी ।** भारतीय मजदूर संघ जिला मंडी का अधिवेशन 23 मई को परिवहन कैंटीन मंडी बस स्टैंड में आयोजित किया जाएगा। मंगत राम नेगी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ हिमाचल प्रदेश ने बताया कि इस अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा, प्रदेश सचिव नरेश ठाकुर व प्रदेश सचिव लक्ष्मण कपटा विशेष रूप से भाग लेंगे।

जिला मंडी की आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिड-डे मील वर्कर, सिलाई कटाई अध्यापिका, पंचायत चौकीदार, जल शक्ति विभाग कर्मचारी, लोक निर्माण विभाग कर्मचारी सहित अन्य संघ भाग लेंगे।

**हृदयविदारक** साथ जीने-मरने की मिसाल बन गई कमला और पूर्ण जोड़ी

# कोट गांव में एक ही दिन दंपती की मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



स्व. कमला देवी व पूर्ण चंद ।

साथ जीने मरने की कसमें और गीत तो आज तक कईयों ने गाए हैं लेकिन टिहरा क्षेत्र के कोट गांव के एक दंपति की एक ही दिन में हुई मौत ने इसे कसम और गीत के बजाए हकीकत में ही चितार्थ कर दिया।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि कोट गांव की कमला देवी पत्नी पूर्ण चंद पठानिया जो पूर्व सैनिक थे गत दिनों अपने घर में सुबह उठने के बाद बिल्कुल ठीक ठाक थी हालांकि उनके पति कुछ समय से अस्वस्थ थे और उस दिन भी उन्हें सांस लेने में कुछ तकलीफ हो रही थी तो उनका बेटा सुरेश कुमार डॉक्टर को लाने टिहरा अस्पताल गए और जब वे वहां पहुंचे तो कमला देवी की स्थिति बिगड़ चुकी थी और उसकी मौत हो गई।

उनका अंतिम संस्कार करने के दौरान गम और सदमे में डूबे पति पूर्ण चन्द पठानिया की तबीयत भी और ज्यादा बिगड़ गई और उन्हें तत्काल हमीरपुर ले जाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई और शाम को उनका भी पत्नी की चिता पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**पोती की शादी का कर रहे थे दोनों इंतजार**

ग्रामीणों ने बताया कि दिवंगत कमला देवी और पूर्ण चंद को अपनी पोती की शादी का इंतजार था और उसके लिए घर को बनाया और सजाया जा रहा था और उसके लिए वे अपने बेटे सुरेश पठानिया को हर रोज पूछते रहते थे। लेकिन किस को मालूम था कि अगस्त माह में होने वाली पोती की शादी से पहले ही दादा-दादी इस तरह से बिछुड़ जाएंगे। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जब वे वहां शोक व्यक्त करने गए थे तो वहां मौजूद कुछ महिलाओं ने कहा कि कमला की मौत एक सुहागन के रूप में हुई जो हर महिला की इच्छा होती है।

वहीं पत्नी की मौत के कुछ घंटों बाद ही पति का भी स्वर्ग सिधार जाना उनके आपस के प्रेम, लगाव और साथ जीने मरने की कंसम की जिंदा मिसाल कायम कायम हो गई। भूपेंद्र सिंह ने दिवंगत पति-पत्नी की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए परिवारजनों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की है।

## 21 से दस्तक देंगी मोबाइल पोलिंग टीमें

**मंडी ।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि मंडी विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग टीमें 21 मई से 26 मई तक 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के साथ-साथ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने के लिए घर-घर दस्तक देंगी।

मतदान करवाने को 12 टीमों का गठन किया गया है। एक बार अगर मतदाता किसी कारण घर पर नहीं होता है तो टीम दूसरी बार मतदाता के घर पहुंच कर मतदान करवाएगी। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट मतदान के निर्धारित शेड्यूल को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी साझा कर लिया गया है।

# सड़क किनारे खड़ीं गाड़ियां हटाई जाएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



अवैध पार्क की गई गाड़ियों को हटाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

डब रोग गांव के युवक की टैंपो द्वारा कुचलने की घटना बाद गांव के संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन के माध्यम से सरकार व प्रशासन से मांग की गई की बस स्टैंड सरकाघाट से डिग्री कॉलेज बरच्छवाड़ तक की सड़क पर फुटपाथ बनाया जाए, जरूरत के हिसाब से स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं तथा सड़क के दोनों किनारे जो गाड़ियों को खड़ी करने के लिए जो अवैध पार्किंग बनाई गई है, उधर से गाड़ियां हटाई जाए, क्योंकि दोनों तरफ रोजाना अवैध रूप से गाड़ियां पार्क करने के कारण अब तक कहीं हादसे हो चुके हैं और कई लोगों को अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ा है।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पीपल्स वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र ठाकुर, नैना देवी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, त्रिवेणी युवक मंडल डबरोग के अध्यक्ष विकास चंदेल, समाजसेवी व महिला मंडल की नेत्री उर्मिला चंदेल, पतंजलि योगपीठ से नेक राम शर्मा शास्त्री व वरिष्ठ अधिवक्ता लालचंद ठाकुर ने किया।

इस प्रतिनिधिमंडल में अजय शर्मा, अभिषेक, राजेश शर्मा, सुलोचना, आशा देवी, सुरेश शर्मा, भूप सिंह ठाकुर व सुनील ठाकुर भी शामिल हुए। एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही इन मांगों पर यथोचित कार्रवाई करेंगी तथा जल्दी ही संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गर्मी से राहत के लिए डलहौजी में पर्यटकों की भीड़



**डलहौजी।** मैदानी इलाकों में लगातार बढ़ते तापमान और असहनीय गर्मी के बीच डलहौजी में पर्यटकों की भीड़ से राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है। लोग कमोबेश गर्मियों में ही घूमने निकलते है और डलहौजी यकीनन उनके पसंदीदा स्थलों में से एक है। इस वीकेंड भी डलहौजी में बड़ी संख्या में पर्यटक आए है। पर्यटकों के डलहौजी आने का सिलसिला राज्य में मानसून आने के बाद भी जारी रहने की उम्मीद है। डलहौजी में इन दिनों पंजाब से आये पर्यटकों के मध्य सप्ताहांत अवकाश का नया चलन देखा जा रहा है। साल में कई सार्वजनिक अवकाश शुक्रवार या सोमवार को होने से उनकी संख्या और बढ़ जाती है क्योंकि इससे पर्यटकों को ज्यादा लंबा अवकाश बिताने का मौका मिल जाता है।

### बच्चों ने गाने के माध्यम से की मतदान करने की अपील

**तीसा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोह



टिकरी में स्कूल के छात्रों द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम किए जिसमें इन छात्र छात्राओं ने हर वर्ग के मतदाताओं क़ो मतदान करने की अपील की इन छात्र छात्राओं का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ मतदाताओं क़ो एक सन्देश था की मतदान सभी लोगों का अधिकार है इस उपलक्ष पर स्थानीय प्रधान एस एम सी प्रधान स्टाफ और स्थानीय लोग उपस्थित रहे

# 6 वर्ष बाद भी नहीं हुआ गलथन-मासू सड़क का निर्माण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

कार्य आवंटन होने के छह वर्ष बीत जाने के बाद भी गलथन-मासू सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। जगह-जगह कच्चा रोड व तंग मोड़ यहां पर सड़क हादसों को न्योता दे रहे हैं। चार किलोमीटर लंबी सड़क पर अभी तक कच्ची नालियों का नामोनिशान नहीं है।

जानकारी के अनुसार यह सड़क वर्ष 2017 में बड़ी परियोजना के तहत स्वीकृत हुई थी। विभाग ने इस सड़क निर्माण की नई सीमा वर्ष 2019 रखी हुई थी, लेकिन छह वर्ष के बाद भी अभी तक इस सड़क का निर्माण सही हो पाया है।

मोड़ व कच्ची सड़क यहां पर आए दिन हादसों को न्योता दे रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत सड़क का निर्माण न होने के कारण यहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान ग्राम पंचायत छतराड़ी मंहदो राम ने कहा है कि इतने बर्ष बीत जाने के बाद भी इस सड़क का सही निर्माण न होने के कारण विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं रहे हैं। उन्होंने विभाग से मांग की है कि जल्द सड़क सुध की ली जाए ताकि यहां आने जाने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

वहीं अधिशासी अभियंता मंडल भरमौर मीत कुमार शर्मा मामला उनके ध्यान में आ गया है, वह स्वयं साइट पर जाकर इस सड़क का निरीक्षण करेंगे व उचित से उचित कदम इस सड़क के निर्माण के लिए उठाए जाएंगे।




वर्ष 2017 में सड़क परियोजना के तहत मिली स्वीकृत की पट्टिका।

## चंबा-परौथा मार्ग पर क्रैश बैरिकेड्स लगाने की मांग

**वाहन चालकों को रोजाना डर-डर कर करना पड़ रहा आवागमन**

**चंबा।** चंबा-परौथा मार्ग जहां खस्ता हालात के आलम को झेल रहा है। वहीं मार्ग पर क्रैश बैरिकेड्स न होने से हर पल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। जिसके चलते राहगीरों व वाहन धारकों को रोजना परेशानी एवं डर-डर के उक्त मार्ग पर आवागमन करना पड़ रहा है।

चंबा-परौथा मार्ग पर सफर करने वाले चालको व राहगीरों में रोशन सिंह, प्रभुदयाल, मनोज, परसो, मुकेश, राज सिंह, राजेंद्र कुमार, हंस कुमार, मनोज, प्रदीप, संजू, परसराम, रमेश, मनीष, दीपक, बुद्धि सिंह, विशाल, अमित कुमार, राजीव व कमलेश आदि का कहना है चंबा-परौथा मार्ग के जीर्णोद्वार करने के लिए लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा कई कदम उठाए है, लेकिन न मार्ग चौड़ा करने सहित मार्ग सुविधाजनक रूप से निर्मित करवाने में विभाग लोगों की कसौटी में अभी तक खरा नहीं उतर पाया है।



फाइल फोटो।

जिसके चलते मार्ग दिन-प्रतिदिन खस्ता होने सहित मार्ग के कई स्थलों पर भूस्खलन के कई नए प्वाइंट गत माह की बारिश से उभर आए है। जिससे मार्ग पर आवागमन करना ओर भी जोखिम भरा हो गया है। उक्त मार्ग पर हर पल पैदल व वाहन राहगीरों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिसके चलते उन्होंने लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाई है की चंबा-परौथा मार्गों के संवदेनशील स्थल पर क्रैश बैरिकेड्स लगाए जाए।

# हमारी आत्मा का मूल है परमात्मा : अरुण महाजन



(इनसेट में) प्रवचन करते अरुण महाजन व मौजूद संगत।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा अरुण महाजन की अध्यक्षता में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया । वहीं महात्मा अरुण महाजन ने अपने सार गर्भित प्रवचनों से साधसंगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि भक्त हमेशा भक्ति भरा जीवन जीने के लिए अग्रसर रहते हैं। जहां वह स्वयं रोशनी से युक्त रहते हैं वहीं समाज को भी ऐसी प्रेरणा देते हैं ताकि मानव जीवन सार्थक हो सके। संसार में व्याप्त वैर, नफरत के दुर्भावों से मुक्ति पाना समय की जरूरत है।

भक्त ही होते है जो संसार को प्रेम, नम्रता, सहनशीलता, विशालता और शान्ति व सद्भाव का मार्ग दिखाते हैं। इन्ही दिव्य गुणों को अपना कर जीवन को सुंदर बनाया जा सकता है। भक्त संसार और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते हैं, अज्ञानता के अंधकार में भटक रहे इंसानों को सत्य का बोध करा कर दिव्य प्रकाश से अलोकित करते हैं।

आज भी निरंकारी मिशन द्वारा यही आवाज दी जा रही है कि इंसान तू अपना मूल पहचान, हमारी आत्मा का मूल परमात्मा है, मूल की पहचान के पश्चात हर वस्तु , गुण, व अवस्था की प्रत्यक्ष व परोक्ष जानकारी हो जाती है । जीवन में गुण चुनने का मार्ग विस्तृत व प्रशस्त हो जाता है, यही ज्ञान का उत्तम मार्ग संतोषप्रद स्थिति व सहज जीवन का निष्कर्ष है। इस मौके पर विनोद कुमार व स्थानीय श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# एसपी 11 की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**आरके रांगड़ा, चंबा**




टूर्नामेंट के दौरान मौजूद खिलाड़ी ।

लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत स्वीप अभियान की कड़ी में निर्वाचन विभाग चंबा द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। पुलिस ग्राउंड चंबा में खेला गया 15 ओवर का यह मैच डीसी 11 तथा पुलिस 11 की टीमों के मध्य खेला गया जिसमें एसपी 11 की टीम विजयी रही।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कहा की भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार स्वीप अभियान के तहत जिला चंबा में निरंतर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं इस कड़ी में स्वीप टीमों द्वारा मिशन 414 के तहत चिन्हित जिला के 71 मतदान केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न आयोजन किए जा चुके हैं, जबकि अभी भी रोजाना मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के आयोजन जिला के क्षेत्रों में किए जा रहे हैं।

उपायुक्त चंबा ने जिला के सभी पात्र नागरिकों से आग्रह किया है कि वे आगामी एक जून 2024 को लोकसभा चुनावों में मतदान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लोकतंत्र के इस महाकुंभ में भागीदार बनें।

इससे पहले उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी सवीप आइकॉन अजय शर्मा को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, कमांडेंट होम गार्ड विनोद धीमान, स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, एसडीएम व सहायक निवार्चन अधिकारी चंबा अरुण शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश शर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा स्थानीय दर्शक उपस्थित थे।

# बट्ट आईटीआई बोंखरीमोड़ में 22 को होगा रोजगार मेला

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में 22 मई को सुबह 9 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले दौरान सुजुकी मोटर्स द्वारा अपने गुजरात प्लांट के लिए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए जाएंगे।

बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेले में कंपनी के द्वारा इलेक्ट्रिशियन, पीपीओ, फिटर, पेंटर जनरल, वेल्डर, ट्रैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, सीओई (ऑटो मोबाइल), एमएमवी, टर्नर

मैकेनिस्ट, वायरमैन, टूल और डाई मेकर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक व शीट मेटल कर्मचारी के पदों हेतु साक्षात्कार लिए जाएंगे।

बट्ट ने कहा कि उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता 40 प्रतिशत से अधिक अंकों से दसवीं उतीर्ण, 50 प्रतिशत अंकों से आईटीआई उतीर्ण रहेगी। जबकि साक्षात्कार में वर्ष 2017 से वर्ष 2023 के बीच आईटीआई उतीर्ण अभ्यर्थी हिस्सा ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से 21500 रुपए प्रतिमाह सीटीसी प्रदान किया जाएगा।

बट्ट ने कहा की इच्छुक अभ्यर्थी दसवीं के प्रमाण पत्र, आईटीआई की अंक तालिका, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छाया प्रतियों व दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाकर साक्षात्कार में हिस्सा ले सकते हैं। बट्ट ने पात्र अभ्यर्थियों से इस मौके का लाभ उठाने की अपील की । (अनंत ज्ञान)

# प्रतिभागियों को बताया लघु कथा का महत्व

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राज्य स्तरीय लघु कथा वाचन श्रृंखला भाग-8 आयोजित**

महिला साहित्यकार संस्था जिला चंबा इकाई द्वारा राज्य स्तरीय लघु कथा वाचन श्रृंखला भाग -8 का आभासी माध्यम से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शीला सिंह उपस्थित रही। इसके साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रीता सिंह प्रांत अध्यक्षा महिला साहित्यकार संस्था द्वारा की गई। कार्यक्रम में चार जिलों से चयनित महिला लघु कथाकारों ने प्रतिभाग किया।

प्रतिभाग करने वालों में सुशील गौतम हमीरपुर, ओम देवी ऊना, सुमन पेशियां किन्नौर व डॉ. प्रियंका वैद्य शिमला, हेमा ठाकुर बिलासपुर व मंजु शर्मा चंबा जिला से शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन और तकनीकी संयोजन जिला चंबा इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर जिला चंबा महिला साहित्यकार संस्था अध्यक्ष डॉ. कविता बिजलवान द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास करियां की छात्रा रीनु ठाकुर द्वारा दी गई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन चंबा जिला की सुप्रसिद्ध लेखिका रेखा द्वारा किया गया।

सभी प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट व बेहतरीन लघु कथाएं प्रस्तुत की गई जिनकी उपस्थित सभी श्रोताओं व दर्शकों द्वारा काफी प्रशंसा की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि शीला सिंह ने अपने संबोधन के दौरान लघु कथा वाचन श्रृंखला आयोजन की इस पहल को काफी सराहनीय बताया और इस पहल के लिए महिला साहित्यकार संस्था हिमाचल प्रदेश को बधाई दी।

कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. रीता सिंह ने सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत की गई लघु कथाओं की विवेचना करते हुए सभी को लघु कथा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने महिला साहित्यकार संस्था के उद्देश्यों और कार्यों को लेकर भी उपस्थित सभी साहित्यकारों को जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि यह श्रृंखला चार सप्ताह तक जिला चंबा द्वारा आयोजित की जाएगी। दो श्रृंखला जिला चंबा पहले ही आयोजित कर चुका है जबकि यह तीसरी श्रृंखला का चंबा इकाई आयोजन कर रही है। साथ ही इस दौरान जितनी भी लघु कथाएं प्रतिभागियों द्वारा सुनाई जाएगी उनका संकलन तैयार कर शीघ्र ही उन्हें प्रकाशित भी किया जाएगा।

# चंबा-चुवाड़ी वाया जोत मार्ग पर निगम की बस चलाने की मांग

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

चंबा-चुवाड़ी वाया जोत मार्ग पर दोपहर के बाद एचआरटीसी की बस सेवा आरंभ करने की स्थानीय लोगों ने मांग की है। मार्ग पर दोपहर डेढ़ बजे उपरांत रात्रि साढ़े आठ बजे तक कोई बस सेवा न होने के कारण लोगों को मजबूरन महंगे खर्च पर टैक्सी वाहनों पर सफर करके घर पहुंचना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों में बनेट पंचायत के उपप्रधान अजय कौशल, लक्ष्मण सिंह, रजिंद्र कुमार, राकेश व बबलू आदि का कहना है कि होवारड़ी पुल के दरकने के बाद लाहड़ू-बनीखेत मार्ग पर बस सेवा ठप होने से उपमंडल से जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए जोत ही एकमात्र कम दूरी का सुगम मार्ग है, जिस कारण इन दिनों जोत मार्ग पर लोगों की आवाजाही में काफी इजाफा हो गया है। मगर हालात यह है कि चंबा से दोपहर डेढ़ बजे के बाद लोगों को बस सेवा के लिए रात्रि साढ़े आठ बजे तक लंबा इंतजार करना पड़ता है।

दोपहर बाद बस सुविधा न होने से लोग या टैक्सी वाहनों में सफर को मजबूर हैं या रात्रि पहर चंबा में आवासीय सुविधा को भटकना पड़ रहा है। उन्होंने एचआरटीसी प्रबंधन से लोगों की दिक्कतों के मद्देनजर दोपहर बाद जोत मार्ग पर बस सेवा आरंभ कर राहत पहुंचाने की गुहार लगाई है।

# सृष्टि के सृजनहार हैं परमात्मा : दीप जसवाल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में सत्संग का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मानवता का संदेश देते हुए महात्मा दीप जसवाल ने कि ब्रह्मज्ञान से परमात्मा को जानकर अपने जीवन को मानवीय गुणों से युक्त बनाया जा सकता है, किंतु यह तभी संभव है जब इस परमात्मा से अपना नाता गहरा किया जाए।

तदोपरांत ही आध्यात्मिकता से युक्त होकर प्रेमा भक्ति आरंभ होगी। जसवाल जी ने कहा कि इस आध्यात्मिकता की ज्योति से भगत का दृष्टिकोण बदलता है और उसके जीवन में सकारात्मक सोच एवं विशालता आती है।

इस दिव्य रोशनी द्वारा घट घट में समाहित परमात्मा को देखा जा



बनीखेत में प्रवचन सुनती संगत।

सकता है। इसके सकारात्मक प्रभाव से जीवन में प्रेम, मिलबर्तन, भाईचारे की भावना का संचार होता है और मनुष्य में व्यापत सभी प्रकार के नकारात्मक भाव जैसे वैर, नफरत , लोभ लालच इत्यादि दूर हो जाते हैं।

परमात्मा की अलौकिता का महत्व बताते हुए दीप जसवाल ने कहा कि इस संपूर्ण सृष्टि का सृजन हार यह परमपिता परमात्मा है यही सभी कारणों का कारण भी है। उन्होंने कहा कि ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति के बाद भक्त का मन पवित्र, व जीवन वास्तविकता में आनंदमई बन जाता है और भी मन वचन कर्म से इस परमात्मा से इकमिक हो जाता है। इस अवसर टप्पर, चौहड़ा सिमणी, गोली, बाथरी इत्यादि गांवों से लोगों ने विराजमान परमात्मा का भजन प्रवचन कविता के माध्यम से गुणगान किया।

## किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच मारपीट

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के तहत किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच चला हुआ विवाद समाप्त नहीं हो पाया है। ताजा घटनाक्रम में शहर के अंबेडकर नगर में रहने वाली किन्नर रेशमा ने दूसरे गुट की मुखिया शोभा पर उसके भाई के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

शिकायतकर्ता रेशमा निवासी अंबेडकर नगर ने पुलिस थाना सुंदरनगर में केस दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता रेशमा ने आरोप लगाया है कि शोभा ने अन्य तीन गुंडों के साथ मिलकर उसके भाई हरबंस लाल को घेर कर मारपीट और उसे जान से मारने की धमकी दी है। थाना प्रभारी नानक चंद ने कहा कि केस दर्ज कर लिया गया है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू चंबा के लोगों को आज करेंगे संबोधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू स्टार प्रचारक के रूप में चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी आनंद शर्मा के प्रचार प्रसार के लिए एक दिवसीय दौरे पर जिला चंबा आएंगे।

इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल ठाकुर ने बताया कि सोमवार 20 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्टार प्रचारक ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू चुराह विधानसभा क्षेत्र के तीसा क्षेत्र में हेलीकॉप्टर से सुबह 11:30 पहुंचेंगे। वहीं डलहौजी विस क्षेत्र अधीन सलूणी में दोपहर 1 बजकर 40 मिनट और देवी देहरा 3:30 बजे पहुंचेंगे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस दिग्गज नेताओं सहित चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि तीनों स्थलों पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विशाल जनसभाओं को संबोधित करने सहित चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के समर्थन में जनता से वोट व स्पोर्ट की अपील भी करेंगे। उन्होंने क्षेत्र संबंधित कांग्रेस पदाधिकारियों व सदस्यों सहित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस मौके पर अपनी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाएं।

## सूडोकु 0068 (★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0067 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

20 मई, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** द्वादशीः (4:00) **: नक्षत्र :** चित्रा (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** सिद्धि (12:09) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (7:10 -08:52।

**विशेष दिन**

- 20 मई 2024 : सोम प्रदोष व्रत आज।
- 20 मई : परशुराम द्वादशी आज।
- 20 मई : सुमित्रानंदन पंत जयंती आज।

**मेषः** आज आप पर तनाव व चिंता हावी रहेगी। आप अपने प्रोफेशन में परिवर्तन की कामना करेंगे। पढ़ाई में रुचि की कमी रहेगी।

**वृषभः** अपने व्यवसाय को लेकर यात्रा होगी। प्रोजेक्ट के लिए नए साझेदार मिलेंगे। घर के किसी सदस्य की चिंता रहेगी। अस्वस्थता रहेगी।

**मिथुनः** रोज नई योजना बनती है पर चालू एक नहीं होती। परिवार में पूछ परख कम होगी। पिता के साथ आजकल अच्छी घुल-मिल रही है।

**कर्क :** आज का दिन महत्वपूर्ण है। नए लोगों से जरा संभल कर मित्रता करें। किसी देव स्थान का भ्रमण संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**सिंहः** दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। संतों का सान्निध्य मिलेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कन्या :** किसी भी कीमत पर झुकना आप को पसंद नहीं है। वैवाहिक यात्रा सफल रहेगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**तुलाः** कॅरियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं जो लाभ दें। कार्यस्थल में उन्नति होगी। निवेश आदि लाभदायक रहेंगे।

**वृश्चिकः** समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। अनाज में निवेश शुभ रहेगा।

**धनु :** हौसले से ही आप उन्नती करेंगे। नए वस्त्र की प्राप्ति संभव है। माता-पिता को अस्वस्थता रहेगी। आपसी विवाद न करें।

**मकरः** कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाय काम बिगड़ सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे।

**कुंभ :** बड़ों की बात भी मान लेनी चाहिए। मित्र-संबंधी से मुलाकात आज संभव है। आत्मसम्मान बढ़ेगा। कहीं से पुराना फंसा हुआ पैसा मिलने के चांस बनेंगे।

**मीनः** आज किसी से भी विवाद न करें। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। मेहनत से उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

# भटियात की महिला को दो साल से नहीं मिला मनरेगा में काम

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

भटियात की तुरकडा पंचायत में सीमा देवी को दो साल से काम नहीं मिला। वह मनरेगा में दिहाड़ी लगाकर घर का खर्च चलाती थी, लेकिन दो साल से न जाने किस कारण काम न मिला।

इस संबंधी जांच करवाई तो पता चला की उसका नाम मंडी जिले के किसी पंचायत में किसी व्यक्ति के साथ अटैच हो गया है, जिस कारण काम के लिए अप्लाई नहीं हो पा रहा है। महिला ने बताया कि 15 दिन के बाद भी त्रुटि को ठीक नहीं किया गया। महिला ने बताया कि आसपास की सभी महिलाएं मनरेगा में काम करने जाती है। सीमा देवी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 पर भी इसकी शिकायत की है। बीडीओ भटियात मनीष ने बताया कि यह मामला ध्यान में नहीं है। शिकायत की प्रतिलिपि मांगने पर यह बात ध्यान में आई, जिसके चलते सीमा देवी के आधार कार्ड में ऐसी दिक्कत आई है उसे एक सप्ताह में दुरुस्त करवा दिया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिल्लाघ्राट में एक दिवसीय एनएसएस शिविर के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम के तहत घगरोता गांव में पेयजल स्त्रोतों, नालियों, रास्तों गांव के पास बह रहे गदेरे की सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया।

स्वयंसेवियों ने राष्ट्रगान के साथ एक दिवसीय शिविर की शुरुआत कर गद्दी, चुराही एवं हिंदी गीतों की




सफाई अभियान के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। प्राचार्य भूपेंद्र सिंह ने एक दिवसीय शिविर के दौरान स्वयं सेवियों से स्वच्छता अभियान के साथ महिलाओं के संग बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या व दहेज प्रथा के खिलाफ गोष्ठी कर जागरूक करने का आह्वान किया।

इस मौके पर स्वयंसेवियों में खुशबू, खूसमिता, कनिका, ममता, सुनील , जतिन ठाकुर और रिंकू मौजूद रहे।

# क्रिकेट ट्रायल में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

अंतर जिला अंडर-23 वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला चंबा की टीम के चयन को लेकर रविवार को पुलिस ग्राउंड बारगाह में ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल प्रक्रिया में भाग लेने के लिए जिला मुख्यालय चंबा के अलावा सरोल, भरमौर, पांगी, भटियात, बनीखेत, सलूणी तथा तीसा सहित जिला के कोने-कोने से खिलाड़ी पहुंचे थे। इसके साथ ही क्रिकेट खिलाड़ियों को मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ भी दिलाई गई।

क्रिकेट संघ चंबा के पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया रविवार 11 बजे से शुरू हुई। इस दौरान खिलाड़ियों ने टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए खूब पसीना बहाया। इन खिलाड़ियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी दिनों होने वाले शिविर के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ वर्ग क्रिकेट टीम के लिए जिला मुख्यालय चंबा के अलावा अन्य स्थानों से खिलाड़ी भाग लिया। भाग लेने वाले खिलाड़ियों में काफी जोश दिखा। खिलाड़ियों के लिए बेहतर मंच प्रदान करने के लिए जिला क्रिकेट संघ की ओर से लगातार कार्य किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं मिल सके तथा वे अपना भविष्य संवार सकें।

उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह करते हुए कहा शिविर में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें, ताकि उनका चयन जिला चंबा की टीम में हो सके। जिला क्रिकेट संघ की ओर से खिलाड़ियों के लिए और सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों के प्रदर्शन में और निखार आए।

उन्होंने कहा कि पुलिस ग्राउंड बारगाह, हरिपुर, मैहला तथा बनीखेत में एचपीसीए की ओर से क्रिकेट सेंटर व सब-सेंटर चलाए जा रहे हैं। इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ की ओर से कुलदीप, हरमीत भटियानी, हितेश्वर, मंगलेश, देवेंद्र, गौरव, हमीद खान, किशन, इमरान, भूपेंद्र ठाकुर, मनुज शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ



चंबा मैराथन के दौरान उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश द्वारा मैराथन के प्रतिभागियों को स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई।

# आषाढ़ नाग देवता मेले को लेकर 6 जून को होगी बैठक : अनिल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

ऐतिहासिक आषाढ़ नाग देवता मेला 2024 को लेकर डलहौजी उपमंडलाधिकारी कार्यालय में होने वाली बैठक जो कल 11 बजे होना तय किया गया था उसे लोकसभा चुनावों के मध्य नजर स्थगित कर आगामी 6 जून को साढ़े 11 बजे उपमंडलाधिकारी कार्यालय नागरिक डलहौजी होना तय किया गया है।

इस बात की पुष्टि स्वयं उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने देते हुए बताया कि लोकसभा चुनावों के मध्य नजर जिला स्तरीय ऐतिहासिक आषाढ़ नाग देवता मेला को लेकर बैठक को आगामी 6 जून को साढ़े 11 बजे डलहौजी में होना तय किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बैठक कर मांगों को लेकर किया विचार-विमर्श

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन कुल्लू इकाई की बैठक शाड़ाबाई में प्रधान इंजीनियर प्रवेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में प्रवेश ठाकुर ने कहा कि कुछ सेवानिवृत कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं, जोकि अभी भी लंबित पड़ी हैं उनका समाधान ढूंढा जाए, ताकि नोशनल पैंशन का बोर्ड प्रबंधन से जल्दी से जल्दी सेवालाभ प्रदान करने की गुंजारिश की जा सके। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के दौर में पैंशन के अलावा कुछ अन्य साधन नहीं होते हैं, ऐसे में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल होता है। इसलिए सभी पेंशनरों ने बोर्ड प्रबंधन वर्ग से आग्रह किया है कि डीडीओ को निर्देश दिए जाएं कि ऐसे लंबित केसों में नेशनल पेंशन को स्वीकृत कराया जाए। इस दौरान सोनम टशी फोरमैन वी लाल चंद वरी सहायक ने भी एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की।

### भाजपा के संगठनात्मक जिला संयोजकों की नियुक्ति

**कुल्लू।** भाजपा शहरी निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक चमन कपूर ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के उपरांत संगठनात्मक जिला संयोजकों और सह संयोजकों की नियुक्तियां की हैं, जिसमें जिला कुल्लू से मीना ठाकुर को संयोजक की जिम्मेदारी से नवाजा है, जबकि प्रकाश चंद को सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा सुंदरनगर से प्रदेश सह संयोजक जितेंदर शर्मा, जिला संयोजक सीमा गुप्ता, सह संयोजक शालिनी राणा और ध्यान सिंह, जिला मंडी से संयोजक सुमन ठाकुर, सह संयोजक अजय डडवाल, जिला हमीरपुर से संयोजक संदीप भारद्वाज, सह संयोजक तरुण कपिल और अश्वनी कुमार, जिला ऊना से बलराम चंदेल संयोजक, ममता कश्यप और संदीप कुमार सह संयोजक, जबकि संगठनात्मक जिला देहरा से मलकीत सिंह परमार संयोजक और रीपाली और सुनीता कुमारी को सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

### 21 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**बंजार।** वद्युत उपमंडल बंजार के अंतर्गत 11 केवी बालीचौकी फीडर की आवश्यक मुरम्मत और रख रखाव एवं विद्युत लाइन के साथ लगते पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते 21 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल, बंजार के ई. शशिकांत ने बताया कि बालीचौकी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों शराई, तरगाली, मंगलौर, घरटगाड़, देउठा, चनोन, धनीचेड़, गलुन, बछेत, कड़ाहील, जवाली, लायड़ा व आस पास के संबंधित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक बाधित रहेगी।

### बड़ाग्रां पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत बड़ाग्रां ने पतलीकूहल पुल से लेकर 14 मिल तक स्वच्छता अभियान चलाया। पंचायत सदस्यों ने पतलीकूहल में रेहड़ी-फड़ी लगाकर अपनी आजीविका चलाने वाले लोगों को सख्त हिदायत देते हुए गंदगी न फैलाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा है कि भविष्य में यदि रेहड़ी-फड़ी के इर्द गिर्द पंचायत पदाधिकारियों को गंदगी दिखती है तो संबंधित रेहड़ी फड़ी संचालक से जुर्माना वसूला जाएगा। गौर रहे की खंड विकास अधिकारी नग्गर मुकेश कुमार ने 7 मई को व्यास नदी के किनारे औचक निरीक्षण किया था इस दौरान पाया था कि नदी के किनारे कुछ कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ है। जिस उपरांत नग्गर खंड विकास अधिकारी ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए पंचायतों को कूड़ा-कचरा निपटान के लिए उचित कार्यवाही करने के बारे में दिशा-निर्देश जारी किए थे। खण्ड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत बड़ाग्रां की प्रधान कौशल्या देवी, उपप्रधान लाल सिंह कटोच, सचिव दूनी चंद नेगी, वार्ड सदस्य प्रेम चंद, केकती, सुनीता, कृष्णा आशा वर्कर गीता और 14 मील के स्वयं सहायता समूह ने चिन्हित स्थानों पर कूड़े कचरे का निष्पादन किया। ग्राम पंचायत बड़ाग्रां ने कूड़ा कचरा फैलाने वालों के ऊपर कड़ा संज्ञान देते हुए नोटिस जारी किया कि जो भी कूड़ा फैलाता हुआ पाया गया पंचायत उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी और साथ ही एक हज़ार रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जायेगा।

# कुल्लू बस स्टैंड में खड़ी बसों के पीछे लोग फैला रहे गंदगी

## शौचालयों की सुविधा होते हुए भी लोग खुले में कर रहे पेशाब

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**


अंतरराज्यीय बस स्टैंड कुल्लू में लगे कूड़े के ढेर।

कुल्लू के सरवरी में स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड की आगे खड़ी बसों के पिछले हिस्से का इस्तेमाल यात्रियों एवं अन्य लोगों के द्वारा शौचालय की तरह किया जा रहा है।

शहर में लोग शौच के लिए खुले में न जाएं इसके लिए शहर में जगह जगह सुलभ शौचालय की व्यवस्था दी गई है और साथ ही कुल्लू के बस स्टैंड में भी शौचालयों का निर्माण कर बस स्टैंड में आने वाले यात्रियों को शौचालय की सुविधा दी गई है, बावजूद इसके बस स्टैंड में आने वाले यात्रियों एवं बस चालकों के द्वारा बसों के पीछे सब्ज़ी मार्केट के साथ लगते तंग जगह का इस्तेमाल शौचालय की तरह किया जा रहा है जोकि आलीशान बस स्टैंड की छवि पर दीमक का काम कर रहा है। बसों को जहां पर खड़ा रखा जाता है वहां पर पेशाब की बदबू के साथ खाली, टूटी शराब की बोतलें और अन्य गंदगी से बदबू फैल रही है, जोकि बस स्टैंड के पास किसी बड़े कूड़े के ढेर सा आभास देता है।

हैरानी की बात है कि बस स्टैंड में पार्क की गई बसों के पीछे के हिस्से में साफ सफाई की जहमत कोई नहीं उठाता। इसके साथ ही गुटका, खैनी, सिगरेट और बीड़ी के टुकड़े साथ ही चिप्स ओर कोल्ड ड्रिंक की बोतलें भी बस स्टैंड में जहां-तहां पड़ी होती है, जिस कारण बस स्टैंड की सफाई व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है और साथ ही सफाई कर्मचारियों के कार्य पर भी सवाल उठता है कि बस स्टैंड की सफाई क्या सिर्फ सेंट्रल कुल्लू की सफाई तक ही सीमित है या फिर पूरी बस स्टैंड की सफाई के लिए कोई जिम्मेदारी तय की गई है। बसों में सफर के लिए चढ़ने वाले यात्रियों तक अगर बदबू पहुंच रही है तो ऐसे में बस स्टैंड को साफ सुथरा रखने के सभी दावे खोखले साबित होते हैं। (अनंत ज्ञान)

# पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने पर्यटन स्थलों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, केलांग**


जिला लाहौल-स्पीति पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी टीम के साथ पर्यटन स्थलों का दौरा कर निरीक्षण करते हुए।

जिला लाहौल- स्पीति के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने लाहौल-स्पीति के सभी पर्यटन स्थलों का दौरा कर व्यापक सुरक्षा निरीक्षण कर परिस्थितियों का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य पर्यटन के लिए मनाली लेह मार्ग एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर सुरक्षा और सहज यातायात को सुनिश्चित करना था।

इस निरीक्षण के माध्यम से लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप-चुनाव के संदर्भ में सुरक्षित परिवहन और कुशल कानून व्यवस्था संचालन को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान लाहौल घाटी के दारचा शिंकुला मार्ग, मनाली-लेह सड़क मार्ग, कोकसर-सिस्सू सड़क मार्ग, अटल टनल, जिस्पा-दारचा क्षेत्र आदि के मुख्य मार्गों की जांच की। निरीक्षण टीम में प्रभारी एटीआर नॉर्थ पोर्टल सुभाष चंद्र, प्रभारी पुलिस चौकी सिस्सू उत्तम चंद ओर सहायक उप निरीक्षक मलकीत सिंह शामिल रहे। लाहौल-स्पीति पुलिस के द्वारा आगामी चुनाव सुरक्षा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए सक्रिय कदम भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही सीमा सुरक्षा में भी पुलिस ने विशेष ध्यान दिया है और बॉर्डर क्षेत्र की निगरानी को मजबूत करने की दिशा में जरूरी कदम उठाएं है।

# मनाली-लेह मार्ग पर आवाजाही शुरू, रोहतांग दर्रा अभी भी बंद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

देश का सबसे उंचे मनाली लेह मार्ग पर वाहनों की आवजाही सुचारु हो गई है, लेकिन देश विदेश के सैलानियों की पहली पसंद रहने वाला रोहतांग दर्रा अभी भी पर्यटकों के लिए बंद है। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष एवं होटलियर्ज चमन कपूर ने बताया कि मनाली आने वाले हर पर्यटक की प्राथमिकता रोहतांग दर्रा ही रहती है। इन दिनों हजारों की संख्या में पर्यटक मनाली आ रहे हैं, लेकिन रोहतांग के दीदार न होने से वो निराश हो रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने मढ़ी तक पर्यटकों को जाने की अनुमति दे दी है लेकिन मढ़ी में बर्फ न के बराबर है।

उन्होंने कहा कि एनजीटी ने वाहनों के बढ़ते दवाब को देखते हुए वाहनों की संख्या 1200 निर्धारित की थी। क्योंकि अब सेना के वाहनों सहित लेह जाने वाले ट्रकों व पर्यटक वाहनों की आवाजाही अटल टनल से हो रही है। रोहतांग में मई जून में ही पर्यटकों से रौनक छाई रहती है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि एनजीटी में पक्ष रखते हुए वर्तमान स्थिति को दर्शाते हुए निर्धारित वाहनों की 1200 संख्या को बढा दें, ताकि समर सीजन में आने वाला हर पर्यटक रोहतांग जा सके। रोहतांग बहाल होने से पर्यटकों का ठहराव भी बढ़ेगा और पर्यटकों को भी बर्फ के आसानी से दीदार ही सकेंगे।

**चमन कपूर बोले- रोहतांग दर्रे को जल्द पर्यटकों के लिए खोला जाए वाहनों का आंकड़ा भी बढ़ाया जाए**

उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि रोहतांग दर्रे को जल्द पर्यटकों के लिए खोला जाए। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल व प्रशासन के सहयोग से माल रोड़ को व्यवस्थित करने के बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# नग्गर में ओडिशा के छात्रों ने सीखी काष्ठकुनी वास्तुकला की तकनीकें

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**


दो दिवसीय काष्ठकुनी कार्यशाला शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षु।

नग्गर में कला और सांस्कृतिक विरासत के लिए हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज ने हाल ही में स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग भुवनेश्वर, ओडिशा के 35 छात्रों के सहयोग से नग्गर में एक समृद्ध काष्ठकुनी कार्यशाला का आयोजन किया।

इस दो दिवसीय कार्यशाला ने छात्रों को सम्मानित मास्टर शिल्पकार सेस राम ठाकुर के मार्गदर्शन में काष्ठकुनी वास्तुकला की जटिल तकनीकों को सीखा। छात्रों ने नग्गर के ऐतिहासिक ओर पारम्परिक घरों का भी दौरा किया और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थापत्य महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मंदिरों, आवासीय भवनों और कैफे जैसी संरचनाओं को निर्मित किया, जटिल जोड़ों, लकड़ी और पत्थर की परत लगाने की तकनीक, फेनेस्ट्रेशन और काष्ठकुनी वास्तुकला के लिए अद्वितीय छत में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

इस अध्ययन यात्रा का आयोजन एक्स्प्लोरआर्ची द्वारा किया गया था, जो आर्किटेक्ट्स, इंजीनियरों और यात्रा और वास्तुकला के शौकीन पेशेवरों की एक समर्पित टीम है। इस दौरान ब्रिघु आचार्य हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट के ट्रस्टी, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग भुवनेश्वर, ओडिशा के शिक्षक अर्नब और कृष्ण उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# व्यापार मंडल दलाश ने लगाया पहला रक्तदान शिविर, 68 यूनिट रक्त एकत्र

**अनंत ज्ञान, आनी**


रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता

आनी खंड के अंतर्गत व्यापार मंडल दलाश की ओर से दलाश बाजार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 68 रक्तदानियों ने अपना रक्त दान कर पुण्य कमाया।

व्यापार मंडल दलाश के प्रधान पूर्ण ठाकुर ने बताया कि दलाश व्यापार मंडल द्वारा पहली बार दलाश में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें व्यापारी वर्ग के अलावा आम जनता व शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि रक्तदान के लिए खनेरी अस्पताल रामपुर से डाक्टरों की टीम आई थी।

इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रधान पूर्ण ठाकुर, महासचिव रामकृष्ण अन्नू, कोषाध्यक्ष मेहर चंद शर्मा, दलाश पंचायत प्रधान सत्येंद्र शर्मा, तिलका ठाकुर, सुनीता शर्मा, राजेंद्र, नरेश कुमार, आशीष कटोच, दिनेश ठाकुर तथा कैलाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आनी स्कूल में शिवानी हेड गर्ल और नीरज हेड ब्वॉय निर्वाचित

**अनंत ज्ञान, आनी**

पीएम श्री उत्कृट राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में पाठशाला के निर्वाचन साक्षरता क्लब ईएलसी की ओर से विद्यालय परिषद के लिए हेड ब्वॉय तथा हेड गर्ल का निर्वाचन किया गया।

इस दौरान हेड बॉय के लिए कुल पांच उम्मीदवारों में से कक्षा दस जमा एक के विद्यार्थी नीरज कुमार ने बाजी मारी तो वहीं हेड गर्ल के लिए कक्षा दस जमा दो की शिवानी ठाकुर ने विजय प्राप्त की। पाठशाला में चार मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। चारों मतदान केंद्रों में विद्यार्थियों की टीमों ने पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दी। इस दौरान करवाई गई भाषण प्रतियोगिता में पूजा, चित्रकला में वंशिका सोनी तथा नारा लेखन में किरण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। सहायक नोडल अधिकारी मनमोहन शर्मा ने सभी से अपने क्षेत्र के मतदाताओं को एक जून को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करने को कहा।

प्रधानाचार्य अमरचंद चौहान ने स्वीप के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता शपथ भी दिलवाई।

# हैप्पीनेस शिविर में सिखाई सुदर्शन क्रिया

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**


हैप्पीनेस प्रोग्राम के समापन पर उपस्थित आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर के सदस्य।

कुल्लू के ढालपुर में आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर द्वारा 14 मई से शुरू किए गए 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान योग, ध्यान के साथ-साथ सुदर्शन क्रिया सिखाई गई, जोकि जन साधारण के लिए एक अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी क्रिया है।

आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर द्वारा हैप्पीनेस प्रोग्राम विभिन्न जगहों पर जारी हैं। इस प्रोग्राम के प्रशिक्षुओं को विश्व विख्यात सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है, जिसका अभ्यास 190 से अधिक देशों में किया जा रहा है। योग और प्राणायाम के साथ ही शास्त्रों का अमूल्य ज्ञान की चर्चा भी की जाती है जो कि जीवन जीने की कला सीखने में अत्यंत कारगर है।

आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर के कोऑर्डिनेटर सुंदर ठाकुर ने बताया कि कुल्लू व भुंतर में हैपीनेस प्रोग्राम किया जा रहा है। यह प्रोग्राम शरीर के साथ साथ मन अथवा भावनाओं को भी शुद्ध एवं स्वस्थ बनाता है तथा अवसाद व हानिकारक व्यसनों को भी दूर रखने में सहायक होता है।

इस महत्वपूर्ण प्रोग्राम को प्रशिक्षक सुंदर ठाकुर, सोनम डोलमा, सुनीता महन्त, हुमा व्यास, रोहिणी, सुशील, कृष्णदेव, सोनाली एवं कई अन्य प्रशिक्षकों के समूह द्वारा अयोजित किया जा रहा है।

# लोकतंत्र के महापर्व में सभी लें हिस्सा : पंकज

## देवता श्रृंगा ऋषि के सम्मान में मनाए जाने वाले बंजार मेले विधिवत समापन

**शीला कौल, बंजार**


बंजार मेले में नाटी में भाग लेते हुए स्थानीय कलाकार।

देवता श्रृंगा ऋषि के सम्मान में मनाए जाने वाले बंजार मेले के समापन अवसर पर एसडीएम पंकज शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की उनके साथ तहसीलदार रमेश कुमार भी मौजूद रहे। पंकज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एक जून को लोकतंत्र का महापर्व है जिसमें सभी को बढ़-चढ़ करभाग लेना है।

उन्होंने कहा कि मेले में कानून व्यवस्था को संभालने के लिए डीएसपी शेर सिंह ठाकुर सहित थाना प्रभारी एसएचओ राम लाल ठाकुर की टीम द्वारा भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश ठाकुर, उपाध्यक्ष इंद्र देव शर्मा ने कहा कि बंजार मेले के सफल आयोजन में इस बार मौसम ने भी पूरा साथ दिया एवं मेला कमेटी एवं कमेटी के साथ जुड़े हुए सभी लोगों ने मेले को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। हांलाकि बाहरी राज्यों से आए दुकानदारों के पास खरीदारी के लिए बंजार वासियों का जमघट लगा हुआ है एवं लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं।

मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश ठाकुर ने एसडीएम बंजार, नगर पंचायत बंजार, पंचायत समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य, जिला परिषद सदस्य, जल शक्ति विभाग, विकास खंड अधिकारी बंजार, डीएसपी बंजार व पुलिस विभाग के एसएचओ सहित सभी जवानों, बिजली विभाग सहित मेला कमेटी के सदस्यों की कड़ी मेहनत से बंजार मेले का सफल आयोजन हो सका है। (अनंत ज्ञान)

**मनोरंजन** बंजार मेले में रंगारंग कार्यक्रम, पहाड़ी और फिल्मी गीतों पर झूमे दर्शक

# डावे राम के नाम रही अंतिम सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान, बंजार**


इन्सैट में मंच पर प्रस्तुति देते लोक गायक डाबेराम कुल्लवी तथा मौजूद जनसमूह।

जिला स्तरीय बंजार मेले की चौथी एवं आखिरी सांस्कृतिक संध्या सुप्रसिद्ध लोक गायक डाबेराम कुल्लवी के नाम रही।

डाबे राम सहित इस संध्या के मुख्य अतिथि अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग रविंद्र शर्मा, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग बंजार भूपेंद्र पाल ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता जल शक्ति विभाग बंजार महेंद्र सिंह ओर गोपी चौहान आदि का मेला कमेटी के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह और टोपी पहनाकर के स्वागत किया। चौथी सांस्कृतिक संध्या का आगाज नितिन कौशल साहिवा री बीबीए, रंग लाना की चूना और मोहन गुलेरिया ने कपड़े धोए नाल रोया कुंजुआ को गाकर के किया। इसके अलावा कई कलाकारों ने गीत गाकर उपस्थित श्रोताओं काफ़ी मनोरंजन किया। डाबेराम ने आते ही साजन निकला बेकार श्रृंगा ऋषि महाराज का गीत गाया। रोहडू जाना मेरी अम्मीए, बोतला फूटी हाय रे नातिया बोतला फूटी हो, आज कला री शोहरी बाल रखती छोटे, तेरा मेरा प्यार ऑडिए बचपन रा आदि पहाड़ी एवं फिल्मी गीत गाकर लोगों का झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष कमलेश ठाकुर, उपाध्यक्ष इंद्र देव शर्मा, भूपाल, गोपी चौहान छाया ठाकुर मेला कमेटी के सदस्य पंचायत समिति के उपाध्यक्ष डूर सिंह पंचायत समिति सदस्य थाना प्रभारी बंजार रामलाल ठाकुर आदि मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक



**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धार टिकरी जिला सिरमौर में 'मा भी पाणा वोट' थीम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बंसीलाल नेगी ने प्रार्थना सभा में बच्चों और अध्यापकों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों को एक जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर अपने अभिभावकों को मतदान के लिए अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए प्ररित किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान नारा लेखन, निबंध लेखन और चित्रकला की प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर ठाकुर सोनी कुमार, हुसैन सिंह नेगी, पीयूष कुमार, राजेंद्र ठाकुर, सचिन शर्मा, संजीत शर्मा, दीपक कुमार, संगीता चौहान कुमारी सरोज और अंबिका कुमारी उपस्थित रहे।

### एबीवीपी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**नाहन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नाहन इकाई द्वारा प्लेकार्ड के माध्यम से प्रदेश के युवाओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। हिमाचल प्रदेश में एक जून को अंतिम चरण में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रदेशभर में 'युवा मतदाता जागरूकता अभियान' चलाया जा रहा है। परिषद के प्रदेश सहमंत्री मनीष बिरसांटा ने बताया कि भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक है। 'जनता की सरकार, 'जनता के द्वार' की धारणा तभी सच होती है जब पूरा देश चुनाव प्रक्रिया में भाग लेता है। लोकतंत्र के सच्चे स्वरूप में सभी नागरिक देश का भविष्य तय करने के लिए एक साथ आते हैं और इस प्रकार अपना भविष्य तय करते हैं। वोट देने का अधिकार देश के नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने और बहुमत के साथ सामूहिक रूप से निर्णय लेने की शक्ति देता है, जिनके बारे में वे सोचते हैं कि वे देश के सर्वोच्च पद को संभालने और इसके साथ आने वाली जिम्मेदारियों को निभाने के लिए पर्याप्त रूप से जिम्मेदार हैं।

# पर्यटन की दृष्टि से विकसित नहीं हो रहा सोलन

## धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के साथ वाटर स्पोर्ट्स की भी संभावनाएं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

पर्यटन की संभावनाएं होते हुए भी जिला मुख्यालय सोलन आज तक पर्यटन मानचित्र पर नहीं उभर पाया। शहर समेत इसके साथ लगते क्षेत्रों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पर्यटक यहां का रुख नहीं करते।

सोलन को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने को बढ़ावा मिलने की स्थिति में स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिलने के साथ पर्यटकों का आकर्षण भी बढ़ेगा। सोलन समेत साथ लगते क्षेत्रों में धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व है। इसके अलावा यहां प्राकृतिक सौंदर्य की भरमार के साथ वाटर स्पोर्ट्स की भी संभावनाएं है। गर्मियों के मौसम में बाहरी राज्यों से पर्यटक सोलन से होते हुए शिमला, किन्नौर और कुल्लू, मनाली निकलते हैं, पर स्थानीय पर्यटक स्थलों तक पहुंचने के बेहतर इंतजाम नहीं होने से पर्यटक यहां रुकना पसंद नहीं करते। इसका मुख्य कारण पर्यटन की सुविधाएं न होना है। पर्यटकों को परवाणू से लेकर शिमला तक कहीं भी पार्किंग व अन्य मूलभूत सुविधाएं ही नहीं मिल पातीं। इसके चलते पर्यटक सोलन के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने से वंचित रह जाते हैं।

शहर के पार्क, मां शूलिनी मंदिर, जटोली शिव मंदिर, माल रोड भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। करोल पर्वत में पांडव गुफा, राधाकृष्ण का प्राचीन मंदिर व घने जंगल पर्यटकों को आकर्षित करती है। ऐसे में यदि यहां प्रस्तावित रोप वे की योजना सिरे चढ़ती है तो सोलन में पर्यटन को नए फंख लग सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन में ऐतिहासिक धारों की धार स्थित किला, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है।

### पर्यटक स्थलों में नहीं मूलभूत सुविधाएं

**शहर** में विकराल होती पार्किंग की समस्या भी पर्यटन विकास में बाधा बन रही है। प्रदेश के प्रवेशद्वार परवाणू से लेकर शिमला तक पर्यटकों को पार्किंग की सुविधा तक नहीं मिल रही है। ऐसे में पर्यटन को बढ़ावा मिले भी तो कैसे। पार्किंग की समस्या हल करने के लिए माल रोड समेत सपरून व पुराना बस स्टेंड में बहुमंजिला पार्किंग बनाने की योजना है। योजना को बने कई वर्ष बीत जाने के बावजूद इससे सिरे नहीं चढ़ाया जा सका है। पुराना बस स्टेंड व सपरून में भी बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण की योजना है। माल रोड पर पार्किंग की सुविधा मिलने से पर्यटकों का आकर्षण तो बढ़ेगा ही साथ ही स्थानीय निकाय के लिए भी आय के साधन सृजित होंगे। पर्यटकों के सोलन में रूकने से स्थानीय दुकानदारों समेत होटल का कारोबार भी बढ़ेगा। इसके अलावा आसपास के क्षेत्रों में भी स्वरोजगार के अवसर बनेंगे।

### टूरिस्ट सर्किट को नहीं मिल रहा बढ़ावा

**सोलन** में आने वाले पर्यटकों के आकर्षण के लिए सरकार ने सोलन, कंडाघाट, साधुपुल, चायल, गौड़ा, गिरिपुल से होते हुए धारों की धार तक टूरिस्ट सर्किट बनाने की योजना है। इन क्षेत्रों में ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने देने के लिए योजना तो बनी, लेकिन इससे सिरे चढ़ने में समय लग रहा है। टूरिस्ट सर्किट में धार्मिक स्थल जैसे अश्वनी खड्ड स्थित हेरिटेज पार्क, चायल स्थित काली टिब्बा मंदिर पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इसी तरह चायल के रमणीय वन क्षेत्र व गिरपुल के गौड़ा समेत अश्वनी खड्ड व साधुपुल में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जा सकता है। वहीं ट्रेकिंग के रोमांच लेने पर्यटक नौणी से धारो की धार में बने प्राचीन किले तक पहुंच सकते हैं, जबकि करोल पर्वत की ठंडी वादियां भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। यहां तक पहुंचने के बेहतर साधन न होना और मार्गदर्शन के अभाव में यह स्थल पर्यटन की दृष्टि से दूर होते जा रहे हैं।

**सोलन** के धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए यहां के धार्मिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने दिशा में काम किया गया है। जटोली शिव मंदिर व चायल के काला टिब्बा समेत शूलिनी मंदिर में पार्किंग की सुविधा की दिशा में कार्य किया गया है। गौड़ा व साधुपुल में वाटर स्पोर्टस की संभावनाएं तलाशी जाएगी।
**-कर्नल धनीराम शांडिल, मंत्री व सोलन विधायक।**

### डाक मतपत्र से मतदान करवाने का दिया प्रशिक्षण

**सोलन।** 53-सोलन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत पोस्टल बैलट के माध्यम से सीनियर सिटीजन (85 वर्ष से अधिक) और पात्र दिव्यांग मतदाता का मत 21 मई से 23 मई, 2024 के दौरान उनके घर पर डलवाया जएगा। इन सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि इस दौरान वह अपने घर पर रहें और मतदान करें। इस संदर्भ में आज सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) डॉ. पूनम बंसल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर अधिकारियों व पोलिंग अधिकारियों को डॉ. पूनम सहायक रिटर्निंग अधिकारी 53-सोलन द्वारा हाउस टू हाउस वोटिंग के विषय में ट्रेनिंग दी गई। पोलिंग अधिकारियों को बताया गया कि वे 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं से और दिव्यांग मतदाताओं से घर-घर जाकर वोट डलवाएंगे। ट्रेनिंग में यह भी बताया गया कि यदि पोलिंग टीम उपरोक्त श्रेणी में से किसी मतदाता के घर जाती है और वह मतदाता उस समय अपने घर पर नहीं पाया जाता है तो उस मतदाता को वोट डालने का एक और मौका दिया जाएगा। यदि दूसरे दिन भी वह मतदाता अपने घर पर नहीं पाया गया तो उसके पश्चात वह मतदान नहीं कर पाएगा। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया कि जिन मतदाताओं ने फॉर्म 12 डी भरा है, वे पोलिंग बूथ पर जाकर वोट नहीं डाल सकते।

# चुनावी खर्च की सही जानकारी देने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, नाहन**

लोकसभा चुनाव में शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त एक्पेंडिचर ऑब्जर्वर अजेय मलिक एक्पेंडिचर संबंधी विषयों पर जिला के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करने आज नाहन पहुंचे। मलिक ने उपायुक्त कार्यालय नाहन के सभागार में लोकसभा चुनाव में शिमला संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की एक्पेंडिचर की मॉनिटरिंग और रिर्पोटिंग के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने एक्पेंडिचर मॉनटरिंग के लिए गठित कमेटियों, टीमों तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार एक्पेंडिचर की सही रिर्पोटिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला में होने वाली सभी छोटी बड़ी राजनैतिक रैलियों और चुनावी जनसभाओं में इस्तेमाल होने वाली सभी चीजों की सही प्रकार से सूची बनाएं और उनके खर्च का ब्यौरा तुरंत तैयार कर अविलंब रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने पुलिस विभाग को बार्डर क्षेत्र में शराब आदि की अवैध आपूर्ति को रोकने के लिए समय पर उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने असिस्टेंट एक्सपेंडिचर आर्ब्जवर की समस्याओं को भी सुना तथा उनका समाधान भी सुझाया।

जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने सिरमौर जिला में निर्वाचन के संबंध में चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिला के सभी इंटर स्टेट बॉर्डर में स्थापित नाकों में सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। पुलिस विभाग मुस्तैदी के साथ निर्वाचन के दौरान अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए बनाए हुए है। इस मौके पर उपायुक्त राज्य कर एवं कराधान हिमांशु आर पंवार, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा, सहायक आयुक्त गौरव महाजन, तहसीलदार निर्वाचन महेंद्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक आदि उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अजेय मलिक।

# शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन ने करवाया जागरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मां शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन सोलन का 29वां विशाल मां भगवती जागरण व भंडारे का आयोजन सोलन के सपरून चौक में किया गया।

यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने कहा कि मां भगवती की चौकी एवं भंडारे का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मां शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन के सदस्यों का दल ने ज्वाला जी से माता की ज्योति लाई। इससे पहले सोलन नगर की अधिष्ठात्री देवी माता शूलिनी, दुर्गा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। यूनियन के सदस्यों द्वारा फूलों की वर्षा के साथ माता की ज्योति स्वागत किया। इसके बाद मां भगवती का जागरण का शुभारंभ किया गया।

प्रसिद्ध गायक राजेश बबलू एंड पार्टी द्वारा महामाई का गुणगान किया। इस मौके पर सुंदर झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं। रविवार को यूनियन की तरफ से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने जागरण में पधार कर माता का आशिर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग।

# अर्की में निकाली मंगल कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, अर्की**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सामुदायिक भवन अर्की में 20 मई से 26 मई तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसका समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। कथा के उपलक्ष्य में मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा से पूर्व विधिवत पूजन किया गया, जिसमें राजपरिवार अर्की की पुत्रवधु मयूराक्षी सिंह एवं युधिष्ठिर जिंदल ने परिवार सहित विशेष रूप से हिस्सा लिया।

कलश यात्रा के महत्व को बताते हुए आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी गार्गी भारती जी ने कहा कि कलश यात्रा हमें निमंत्रण देती है कि आओ अपने मानव तन में ही परमात्मा का दीदार प्राप्त करो। यही हमारे जीवन का लक्ष्य है। कलश यात्रा का शुभारंभ राजपरिवार अर्की की पुत्रवधु मयूराक्षी सिंह, पार्षद भारती वर्मा, पंडित नागेश भारद्वाज, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमेंद्र गुप्ता एवं सन्त समाज ने भगवा ध्वज लहराकर किया।

कलश यात्रा में 108 सौभाग्यवती महिलाओं ने हिस्सा लिया। यात्रा में रामलीला क्लब के सदस्यों और महिला संकीर्तन मंडल अर्की की माताओं बहनों ने भजनों का गायन किया। युवाओं द्वारा हाथों में नशा मुक्ति का संदेश देते स्लोगन पकड़कर, समाज को जागरूक किया गया। अन्य श्रद्धालुओं के हाथ में भगवे रंग के झंडे पकड़े हुए थे। श्रद्धालुओं द्वारा सनातन धर्म के बुलन्द जयघोष लगाए जा रहे थे जिससे सारा वातावरण प्रभु भक्ति के रंग में रंग गया।। यात्रा के दौरान चमन ठाकुर, मदन गर्ग, अनिल गुप्ता और परमिंदर ठाकुर ने यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

कलश यात्रा के समापन पर सारी संगत के लिए देवधार मन्दिर समिति अर्की द्वारा भंडारे का प्रबंध किया गया। संस्थान की ओर से स्वामी धीरानंद जी, पंडित राम तिवारी जी,साध्वी गार्गी भारती, साध्वी कंचन भारती, साध्वी सर्वा भारती, साध्वी नेहा भारती ने भी हिस्सा लिया।

### श्रीमद्भागवत कथा आज से



श्रीमद् भागवत कथा की पूर्व सांध्य पर निकाली गई कलश यात्रा में भाग लेते भक्त।

# शुभम पहलवान ने जीती बड़ी माली

## मांगल में दंगल कमेटी समत्याडी ने करवाया दंगल, वेदप्रकाश पहुंचे बतौर मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ग्राम पंचायत मांगल में दंगल कमेटी समत्याडी द्वारा कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में अंबुजा दाड़ला कश्लोग मांगू परिवहन एडीकेएम सभा दाड़लाघाट के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर आयोजक कमेटी ने मुख्यातिथि व अन्य विशेष अतिथियों को पगड़ी व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वेद प्रकाश शुक्ला ने दंगल पहलवानों का गौरव होते हैं। उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है। करीब सात घंटे तक पहलवानों के करतब देखकर लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। दंगल कमेटी सदस्य संजय पंवर ने बताया कि 65 किलोग्राम की कुश्ती में भूषण बटवाड़ा व सचिन फौजी नालागढ़ के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें भूषण प्रथम, सचिन दूसरे स्थान पर रहा। इसी तरह 80 किलोग्राम में नवीन मंडी प्रथम व इरफान दूसरे स्थान पर रहा, जबकि 95 किलोग्राम के भार की बड़ी माली का मुकाबला शुभम बरठी व मुकेश धवाल के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में शुभम इस प्रतियोगिता के विजेता रहे। विजेता पहलवानों को दंगल कमेटी की ओर से निर्धारित पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इस दौरान मेले में लोगों ने भी खूब खरीदारी की।

इस मौके पर पूर्व उपप्रधान दाड़लाघाट राजेश गुप्ता, उपप्रधान एडीकेएम जय सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष तिलक गौतम, जिला सचिव चौहान कृष्णा, दंगल प्रधान हरि राम ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य बनिता चौहान, पंचायत प्रधान बागा करोग सुरेंद्रा पंवर, उपप्रधान श्याम आदि मौजूद रहे।



कुश्ती के विजेता पहलवानों के साथ, मुख्यातिथि व दंगल कमेटी समत्याडी के सदस्य।

# यौन रोगों से पीड़ित लोगों से भेदभाव नहीं करना चहिए : राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के परियोजना निदेशक एवं निदेशक सचूना एवं जन संपर्क विभाग राजीव कुमार ने रविवार को एक्शन रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आरती) स्वयं सहायता समूह नालागढ़ व संत निश्चित सिंह (एसएनएस) फाऊंडेशन बद्दी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी यौन संक्रमित रोगों को फैलने से रोकने और इनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। सोसायटी एचआईवी टेस्ट की नि:शुल्क सुविधा, एचआईवी संक्रमितों को उपचार में सहायता करती है। उन्होंने प्रवासी मज़दूरों व ट्रक चालकों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि यौन रोगों से पीड़ित लोगों से भेदभाव नहीं करना चहिए। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी की उप निदेशक मीना सूय सहित अन्य मौजूद रहे

# मेडिकल कॉलेज नाहन में नर्सिंग सप्ताह का समापन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल' के जीवन का जश्न मनाने के लिए प्रतिवर्ष 12 मई से 18 मई तक अंतरराष्ट्रीय नर्स सप्ताह मनाया जाता है। मेडिकल कॉलेज नाहन में भी नर्स सप्ताह का समापन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट मंजू चौहान, नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट अनीता शर्मा, एवं नर्सिंग स्कूल की प्रिंसिपल प्रतिभा मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहें। नर्सिंग एसोसिएशन मेडिकल कॉलेज नाहन की अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने बताया कि यह सप्ताह परिचारिकाओं के महत्व एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। समापन समारोह में नर्सिंग कॉलेज नाहन एवं चितकारा नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा कई रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई।

इस मौके पर कॉलेज एसोसिएशन की महासचिव रीटा राणा के अलावा मेट्रन कमला चौहान, उर्मिला, ममता, मंजू, नर्सिंग अध्यापिका नीना लालटा , रेखा तोमर, वार्ड सिस्टर रिजवाना, रंजना, जानकी, कमलेश, रेनू, वलवीर, सविता, किरण, इंदु, पाकीजा, शाहिदा, मीना, जमुना, पारुल, वर्तिका, अमृता, सुनीता, रीना, प्रियंका आदि विशेष रूप से उपस्थित रहें।



मेडिकल कॉलेज नाहन में फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि देतीं मुख्यातिथि व अन्य।

# लाइसेंसधारक संबंधित पुलिस थानों में अविलंब जमा करवाएं हथियार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ज़िला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत लाईसेंसधारकों को अपने हथियार जमा करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी अजय कुमार यादव ने बताया कि सोलन जिला में रहने वाले सभी लाइसेंसधारकों को उनके हथियार संबंधित पुलिस थानों अथवा शस्त्र एवं गोला-बारूद डीलर के पास जमा करवाने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी लाइसेंसधारक जिन्होंने स्वयं की सुरक्षा में फार्म तीन पर या आर्म्ज़ रूल, 2016 के नियम 17 के तहत हथियारों के लिए लाइसेंस प्राप्त किए हैं अथवा उनका नवीनीकरण करवाया है, उन सभी को अविलंब यह हथियार जमा करवाने होंगे।

साथ ही संबंधित पुलिस थानों अथवा आर्मज डीलर को इस बारे में समुचित प्राप्ति रसीद लाइसेंसधारकों को देनी होगी।

**सुविधा** पटेल इंफ्रा कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए वाहन

# हिमाचल-हरियाणा को जोड़ने वाला बालद पुल शुरू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हरियाणा को औद्योगिक क्षेत्र बद्दी से जोड़ने वाला बालद नदी के पुल को रविवार दोपहर बाद शुरू कर दिया गया। पटेल इंफ्रा कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंदर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों की आवाजाही के लिए पुल को खोल दिया है।

अब हरियाणा व चंडीगढ़ से आने वाले वाहनों को बालद खड्ड से होकर नही आना पड़ेगा अब सीधा वाहन बद्दी बालद पर बने नए पुल से प्रवेश कर सकेंगे। एनएचएआई व पटेल इंफ्रा कंपनी ने आठ माह की तय अवधि में पुल को प्राथमिकता के आधार पर तैयार कर दिखाया है, जिससे सबसे ज्यादा फायदा रोजाना पंचकूला व चंडीगढ़ से अप-डाउन करने वाले उद्योगपतियों व स्टाफ को होगा। अभी तक खड्ड के रास्ते अस्थाई कॉज-वे से होकर आना पड़ता था और लंबा जाम की समस्या को भी झेलना पड़ रहा था।

कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंदर कुमार ने बताया कि सभी वाहनों के लिए पुल को शुरू कर दिया गया है अब मढ़ांवाला और चरनियां में टूटे पुलों को तेजी से बनाने का काम किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा बालद नदी पर दूसरे लेन के लिए भी पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया है।



बालद पुल से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए

# होम्योपैथिक एवं फिजियोथैरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मां शूलिनी सेवा ट्रस्ट ने रविवार को निशुल्क होम्योपैथिक एवं फिजियोथैरेपी चिकित्सा शिविर आयोजित किया। यह शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा (सर्कुलर रोड) में चलाया गया, जिसमें करीब 100 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया और साथ ही पीड़ितों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गई।

ट्रस्ट द्वारा ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की भी निशुल्क सेवाएं लोगों को दी गई। डॉ. तिवारी ने फिजियोथैरेपी के प्रकारों के बारे में लोगों को अवगत्त कराया और उनकी जांच की। डॉ. पूजा ने स्किन एलर्जी,महिलाओं संबंधित समस्याएं और जो लोग तनाव, चिंता, अवसाद से पीड़ित हैं उनका होम्योपैथिक उपचार किया और इसके बारे में सलाह दी ताकि सब लोग एक स्वस्थ और आनंदमय जीवन जी सके।

इस शिविर में हर आयु के लोगों ने हिस्सा लिया और मुफ्त जांच का लाभ उठाया। इस अवसर पर माँ शूलिनी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक सूरज शानू ,शोभित आनंद और ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सबको एक खुशहाल जीवन जीने की सलाह दी।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूली छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**शिमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लालपानी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला नेहा शर्मा ने बच्चों को तंबाकू उत्पादों एवं नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने नालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

### घुमारवीं में जिला स्तरीय बैठक कल

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीता राम कौंडल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि आगामी 21 मई को घुमारवीं के अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन होगा। बैठक में एससीएसटी कंपोनेंट के तहत स्वीकृत बजट को अन्य मदों पर व्यय करने को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं, आरक्षण को समाप्त करने की जो भीतरखाते मुहिम चली है। उस पर गहन चर्चा होगी।

### विष्णु गांव में दंगल 28 मई को

**बिलासपुर।** बैरी से तीन किलोमीटर आगे शिमला नवगांव रोड पर स्थित विष्णु गांव में 28 मई को विशाल दंगल का आयोजन होगा। लखदाता दंगल कमेटी विष्णु के प्रधान धनी राम ठाकुर ने बताया कि 27 मई शाम को सवाल यानी लखदाता पीर की पूजा-अर्चना व पहलवानों और लोगों में प्रसाद वितरण होगा। छिंज आयोजन की तैयारी को लेकर लखदाता दंगल कमेटी विष्णु की बैठक कमेटी के प्रधान धनी राम ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 27 मई को विशाल दंगल के आयोजन पर सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति बनी। दंगल के पूर्व 27 मई को प्रदेश के पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। छिंज में माली पर राज्य व स्थानीय प्रतिभागी विजेता पहलवान का ही हक होगा और छोटी माली जिले एवं स्थानीय विजेता पहलवान को दी जाएगी। बड़ी माली और छोटी माली में विजेता व उपविजेता पहलवानों को उचित रुपए की नकद राशि व गुर्ज बतौर इनाम दिया जाएगा।

### बिलासपुर में मां भगवती जागरण आठ जून को

**बिलासपुर।** 19वां विशाल मां भगवती जागरण आठ जून को लोअर मेन मार्केट में किया जा रहा है। सीमित के प्रधान चंद्रशेखर हांडा ने बताया कि हर साल की भातिं इस वर्ष भी मां भगवती सकीर्तन मडंल और शहरवासियों के सहयोग से 19वां मां भगवती जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन आठ जून को बड़ी धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। इस बार जागरण में प्रसिद्ध गायक निटू चंचल कैथल वाले और हिमाचल के प्रसिद्ध गायक अभिषेक सोनी मां भगवती का गुण गुणगान करेंगे। साथ मां चितापूर्णी, मां नयनादेवी, मां ज्वाला देवी तीन शक्ति पीठों से मां जयोतियां लाई जाएगी।

### 60 हजार 708 मतदाता करेंगे मतदान

**रिकांगपिओ।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 68 विधान सभा क्षेत्र से इस बार 60708 मतदाता मतदान करेंगे। इसमें 30612 पुरुष मतदाता तथा 30096 महिला मतदाता मतदान करेंगे। पुरुष मतदाताओं की संख्या महिला मतदाताओं से 516 अधिक है। उन्होंने बताया कि सेवा मतदाताओं की संख्या 765 है। जबकि 85 वर्ष वर्ग में कुल 680 और 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सात मतदाता पंजीकृत हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी किन्नौर डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 880 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। जबकि 146 मतदाता नए बने है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सबसे बड़ा बूथ सापनी, जिसमें 1058 मतदाता है। जबकि का में सबसे कम 16 मतदाता है। शर्मा ने बताया कि किन्नौर विधानसभा क्षेत्र में 128 पोलिंग बूथ हैं, जिसमें सात क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन लियो , आरेन(अक्पा), पालिका सारिंग (सांगला) सापनी-76 व पोलिंग स्टेशन 125 बड़ा कम्बा शामिल है। उन्होंने बताया कि रिकांगपिओ-55 और टापरी-91 में महिला मतदाता बूथ है, जिनको पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित किया जाएगा। जबकि लिप्पा- 24 में युवाओं द्वारा संचालित एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सीईओ की ओर से जिला किन्नौर की चार पोलिंग स्टेशन-55 रिकांगपिओ, 183-छोलतू, 113-भावानगर-1, व 114-भावानगर-2 को मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 21 से 26 मई तक 85 से अधिक उम्र के 258 मतदाताओं को होम वोटिंग और 49 दिव्यांग मतदाताओं को घर में ही वोट देने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

## बिलासपुर कॉलेज में कल होगी कार्यशाला

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में नेक एक्रीडिटेशन प्रक्रिया के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 21 मई को किया जा रहा है। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. रमेश ठाकुर (डायरेक्टर आइक्यूएसी एचपीयू शिमला ) शिरकत करेंगे। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता की जांच के लिए नेक कमेटी का गठन किया जाता है। इसमें महाविद्यालय बिलासपुर लीड कॉलेज के तौर पर और जिले के बाकी महाविद्यालय क्लस्टर कॉलेज के तौर पर शिरकत करेंगे। इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय बिलासपुर में सुबह 10:30 बजे शुरू किया जाएगा। इस कार्यशाला के अध्यक्ष डॉक्टर पीएस कटवाल रहेंगे। संयोजक डॉ. रितु शर्मा व आयोजन सचिव डॉक्टर विजय रहेंगे।

# सेब के 500 पौधे व एक गोशाला चढ़ी आग की भेंट

## भड़ेच पंचायत में पेश आया वाकया, एक रिहायशी मकान के साथ घासनियों को पहुंचा नुकसान

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

जुन्गा तहसील मुख्यालय से सटी भड़ेच पंचायत में बीते कल भीष्म आग लगने से करीब पांच सौ सेब के पौधों बुरी तरह से झुलस गए। इसके अतिरिक्त एक गोशाला और एक रिहायशी मकान और किसानों की घासनियों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसकी पुष्टि नायब तहसीलदार जुन्गा इंद्र कुमार चैहान ने की है।

उन्होंने मौके पर जाकर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने सबंधित विभाग के अधिकारियों को नुकसान का सही आकलन करने के निर्देश भी दिए हैं। नायब तहसीलदार के अनुसार आगजनी के कारण भड़ेच पंचायत के राजस्व गांव बाहली खनलोग में अनिल ठाकुर, हीरा सिंह और अमी चंद के सेब के बागीचों को भारी नुकसान पहुंचा है।





गोशाला में लगी आग।



आग से जले सेब के पौधे व जालियां

### सेब में लगीं जालियां भी जलीं

**आग** के कारण सेब पर लगी जालियां भी जल गई है। इसी प्रकार बहाली खनलोग में कमला की गोशाला पूरी तरह जल गई। हालांकि इस गोशाला से मवेशियों को बाहर निकाल दिया गया था। इसके अतिरिक्त ओमचंद के रिहायशी मकान के पिछली ओर दो कमरों को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि आगजनी से हुए नुकसान की रिपोर्ट सरकार को भेज दी जाएगी । सबसे अहम बात यह हैं कि इस आगजनी से पंचायत घर और पटवार सर्किल भड़ेच को आगजनी की भेंट चढ़ने से बचा लिया गया। स्थानीय पटवारी सुरेश ठाकुर ने बताया कि नुकसान का आकलंन कार्य प्रगति पर हैं।

### स्थानीय लोगों ने पाया आग पर काबू

**स्थानीय** पटवारी सुरेश ठाकुर ने बताया कि नुकसान का आकलंन कार्य प्रगति पर हैं। प्रभावित बागवान एवं पूर्व प्रधान अनिल ठाकुर ने बताया कि उनके बागीचें में करीब अढ़ाई सौ सेब के पौधे आग से नष्ट हो गए हैं। अधिकांश पौंधे सेब से लदे हुए थे। बताया कि उनके बागीचे में अधिकांश रूटस्टॉक और एम–नौ पौधें लगें थे। उन्होंने बताया कि यह आग बाहली नाला से आरंभ होकर खारी ढलियाणा और भड़ेच तक पहुंच गई थी। इसमें अधिकांश लोगों के बागीचे, फसलों के खेत और घासनियां जल कर राख हो गई हैं। कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

# मोबाइल बन रहा बच्चों की बीमारी का कारण

## आईजीएमसी में रूटीन में तीन से चार मामले आ रहे सामने

**आशिमा वैरागी, शिमला**

जहां एक तरफ दुनिया तरक्की कर रही है वहीं दूसरी तरफ आने वाली पीढ़ी पर नई तकनीक का असर दिखाई दे रहा है। मोबाइल फोन के उपयोग से बच्चों की आखों पर फर्क पड़ रहा है। कोरोना के बाद से बच्चों ने फोन का बहुत ज्यादा उपयोग करना शुरू किया है।

आज देखा जाए तो बच्चों ने बाहर खेलने के बजाए, फोन पर ही खेलते रहते हैं। रोजाना दिन में तीन से चार घंटे बच्चे फोन पर समय बिताते हैं। कुछ अभिभावकों ने टैब या लैपटॉप बच्चों को दे रखे हैं। इनका उपयोग करने से बच्चों की दैनिक रूटीन पूरी तरह से बदल गई हैं। मोबाइल व लैपटॉप के सामने



बैठने से आंखें खराब होने लगी है। बच्चों का स्क्रीन टाइम लगातार कम होने की बजाय बढ़ता जा रहा है। आइजीएमसी अस्पताल में रूटीन में तीन से चार मामले मोबाइल फोन उपयोग के बच्चों के आ रहें है। डाक्टरों की माने तो मोबाइल फोन के लगातार बढ़ते प्रयोग से आंखों का पानी सूख रहा है। ओपीडी में अधिकतर बच्चे इसी बीमारी से ग्रसित हो कर पहुंच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### बच्चों पर दें ज्यादा ध्यान

**माता**-पिता अपने बच्चों को फोन कम इस्तेमाल करने के लिए देना चाहिए। बच्चों को बाहर खेलने के लिए भेजना चाहिए। यदि बच्चों के पास फोन देना है तो उसके बीच में 20 मिनट की ब्रेक देना जरूरी है। मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, लैपटॉप की स्क्रीन से नीली रोशनी निकलती है, जो आंखों को अधिक प्रभावित करती है। आमतौर पर प्रति मिनट 12 से 14 बार आंखें झपकती है, लेकिन मोबाइल स्क्रीन पर बने रहने पर छह से सात बार ही झपकती है। सूखापन बढ़ने से आंखें कमजोर हो रही है। आंखों में खुजली और जलन होने से रोशनी के साथ सिर दर्द की समस्या होने लगती है।

### आंखों की रोशनी पर पड़ रहा असर

**आइजीएमसी** के डॉक्टर प्रवीन पंवर ने बताया कि अस्पताल में रूटीन में तीन से चार माले मोबाइल फोन के उपयोग करने वाले बच्चों के आ रहें है। इन में आखों की दिक्कत ज्यादा पाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर लगातार मोबाइल फोन का प्रयोग करना बंद नहीं किया तो आंखों की रोशनी पर असर पड़ सकता है।

### सावधानी बरतना जरूरी

**मोबाइल** फोन आंखों के बिलकुल नजदीक नहीं होना चाहिए। रात में ज्यादा देर तक फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अंधेरे में मोबाइल का इस्तेमाल न करें। मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते समय 20 मिनट बाद कम से कम 20 सेकेंड का ब्रेक जरूर ले। पानी भी अधिक पीएं।

# मंगलौत के जंगल में आग लगने से लाखों की वन संपदा हुई राख

**बलवंत कमल, दधौल**

बिलासपुर जिला के वन विभाग के भराड़ी रेंज के अंतर्गत निहारी सर्किल में आने वाले जंगल मंगलौत में लगी आग से लाखों रुपए का नुकसान हों गया। इसके अतिरिक्त हजारों पक्षी और जानवर बेघर हों गए।



मंगलौत जंगल में भड़की आग।

इस जंगल के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों ने कहा कि यह जंगल पिछले कई सालो से आग से बचा हुआ था और इसमें बहुत सारी जंगली बनस्पति तैयार हों गई थी।

इसमें जंगली जानवर, पक्षियों के लिए भोजन की पूर्ति जंगल से ही हों जाती थी। इसके कारण वो साथ लगते ग्रामीण इलाको मे नुकसान नहीं करते थे। स्थानीय निवासी सुरेश भरद्वाज ने बताया की वह सुबह पांच बजे जब भी उठते तो जंगल मे मे मोर कोयल सहित अन्य जानवरों की आवाजे बतावरण को मनभावन कर देती थी। वहीं, स्थानीय निवासी सुरेश शर्मा ने बताया कि रात को जैसे ही मुझे जंगल मे आग लगने का पता लगा मैं और बलवंत कमल आग बुझाने के लिए जंगल में चले गए मगर हम दो काफी न थे आग ने भयंकर रूप ले लिया था। हमने जंगल मे पीपल और बट बृक्ष के पौथे लगाए थे दुख हुआ हम उन्हें भी जलने से नहीं बचा पाए। वहीं, प्रकाश चंद ने कहा की जंगल में हरयाली के कारण बतावरण में ठंडक थी और इस बार उन्होंने आज रात पहली बार पंखे का प्रयोग किया। स्थानीय लोगों राज कुमार, रूप लाल, रमेश कुमार, नंदलाल, निर्मला देवी, कांता देवी, रोशनी देवी, गुरचरण सिंह, त्रिलोक शर्मा आदि ने हिमाचल प्रदेश वन विभाग से मांग की है की फायर सीजन आने तक चीड़ की सुखी पत्तियां को फायर वाचरों से इकट्ठा करवा लेना चाहिए थी। आग ज्यादा फैले नहीं और उसपर काबू पाया जा सके एवं वन संपत्ति का भी नुखसान न हो। (अनंत ज्ञान)

# वोल्टेज कम होने से हो रही पानी की किल्लत, लोग हो रहे तंग

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता विस क्षेत्र के तहत आने वाले ठप्पर, पराहू, धराड़, अमरोआ, छोटा ब्लौर और बलघाड़ गांव में इन दिनों पर्याप्त पानी न आने की वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि इन गांवों में कई बार तो पीने का पानी तक भी घरों में नहीं आ रहा है। वहीं, यहां के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखने की कगार पर आ गए हैं। इसका मुख्य कारण यहां पर जल शक्ति विभाग द्वारा लगाई गई मोटरें से सही तरीके से पानी लिफ्त नहीं हो रहा है।

वहीं, पानी लिफ्त न होने का मुख्य कारण विद्युत आपूर्ति कम होना भी माना जा रहा है। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों की मानें तो उनका कहना है कि यहां पर विद्यतु आपूर्ति यानि वोल्टेज कम होने की वजह से पर्याप्त पानी लिफ्ट नहीं हो रहा है। वहीं, इस संदर्भ में झंडूता विद्युत बोर्ड के अधिकारियों को पत्राचार करके अवगत करवाय गया है, लेकिन समस्या का हल नहीं हो रहा है। इससे ग्रामीणों को अब रोजमर्रा की जरूरत का पानी भी बहुत कम नसीब हो रहा है। गौरतलब है कि इन दिनों गर्मियों के मौसम में जिला में काफी गर्मी हो रही है। हालात ऐसे हो रहे हैं कि प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखना शुरू हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले अगर पानी की समस्या होती थी तो वह प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी भर लेते थे, लेकिन अब वह भी भीषण गर्मी की वजह से सूखना शुरू हो गए हैं। इससे काफी दिक्कतें हो रही है। ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि इस समस्या को जल्द से जल्द हल किया जाए, ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी की सुविधा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### मोटरें नहीं चल पा रहीं

**उधर,** इस संदर्भ में जब जल शक्ति विभाग झंडूता के एक्सईएन राकेश वैद्यय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति कम होने से मोटरें नहीं चल पा रही है। इसके लिए उन्होंने विद्युत बोर्ड से पत्राचार किया है। उधर, विद्युत बोर्ड के एसडीओ झंडूता राजेश धीमान का कहना है कि जल शक्ति विभाग से इस बारे पत्र आया है। हमारे पास 415 वोल्टेज 10: प्लस माइनस चल रही है। इससे मोटरें च लनी चाहिए।

# दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना जरूरी: मल्लिका नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के विजयपुर में जिले की अग्रणी चेतना संस्था में स्पेशल ओलंपिक्स भारत एंड हिमाचल प्रदेश की वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन विशेष ओलंपिक एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्षा मल्लिका नड्डा की उपस्थिति में सपंन्न हुआ। इस दौरान उनके साथ स्पेशल ओलंपिक्स भारत हिमाचल प्रदेश के वाइस चेयरमैन कश्मीर सिंह ठाकुर, एरिया डायरेक्टर परीक्षित मेहदुदिया, ट्रेजरार डा. सीएल सांख्यान उपस्थित रहे।

बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से आए दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कार्य कर रहे संस्थायों के अध्यक्षों व सदस्यों ने भाग लिया । बैठक में स्पेशल ओलंपिक्स भारत एंड हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने साल भर के आय- व्याय को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर महासचिव डॉ. मल्लिका नड्डा ने वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था द्वारा अक्षम बच्चों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम व योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि सामाजिक परिवर्तन के दौर में उन्हें समाज में पहचान मिल सके। उन्होंने भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए मेडिकल कैंप ,स्पोर्ट्स सेंटर के अंतर्गत गतिविधियां, स्पोर्ट्स कैलेंडर के अलावा नेशनल व इंटरनेशनल खेलों को लेकर विस्तृत चर्चा की। मलिका नड्डा ने सभी फाउंडेशन से आग्रह करते हुए कहा कि स्वयं फंड को रेज करने के लिए कोशिश करें ।किसी के ऊपर निर्भर न रहे। सभी स्पोर्ट्स सेंटर के माध्यम से स्पेशल ओलंपिक्स के अपने कार्यालय हो ताकि सभी गतिविधियां सुचारू रूप से चल सके। स्पोर्ट्स सेंटर की कल्पना हमे आगे बढ़ने में मदद करेगी। उन्होंने खेल, स्वास्थ्य और शिक्षा में निरंतर गुणवत्ता विकास की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। इस मौके पर सभी ने विशेष ओलंपिक एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्षा बनने पर उनका अभिनंदन किया ।बताते चले कि एपीएसी की अध्यक्षा के रूप में मल्लिका नड्डा 34 देशों में चलने वाले संपूर्ण विशेष ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक एकजुट आवाज बनकर खड़ी होंगी।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मल्लिका नड्डा व अन्य सदस्य।

# शिमला में 2084 मतदान केंद्रों के लिए 3161 वीवीपैट मशीनों का किया आवंटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत चार शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र (अ.जा.) के लिए तैनात सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की निगरानी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों की दूसरी रेंडमाइजेशन रविवार को उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई, जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने की।

इस अवसर पर मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थिति रहे। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की रेंडमाइजेशन की गई है। अनुपम कश्यप ने कहा कि चार शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत कुल 2084 मतदान केंद्र आते हैं। इसमें शिमला जिला के 902, सोलन जिला के 593 एवं सिरमौर जिला के 589 मतदान केंद्र शामिल है। उन्होंने कहा कि दूसरी रेंडमाइजेशन के उपरांत चार–शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र के लिए 2679 बैलेट यूनिट, 2679 कंट्रोल यूनिट तथा 3161 वीवीपैट का आवंटन किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि जिला शिमला में 902 मतदान केंद्रों के लिए 1131 बैलेट यूनिट, 1131 कंट्रोल यूनिट तथा 1341 वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया है। सोलन जिला के 593 मतदान केंद्रों के लिए 812 बैलेट यूनिट, 812 कंट्रोल यूनिट तथा 956 वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया तथा सिरमौर जिला के 589 मतदान केंद्रों के लिए 736 बैलेट यूनिट, 736 कंट्रोल यूनिट तथा 864 वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया।




चुनावों को लेकर चर्चा करते हुए अधिकारी।



**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ शिव परिवार एवं नंदी की प्राण प्रतिष्ठा बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर बिलासपुर शहर एवं जिला भर के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश तीन जून से 15 जुलाई तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कॉलेजों में स्नातक डिग्री कोर्स के नए शैक्षणिक सत्र लिए सरकार ने एकेडमिक शेड्यूल जारी कर दिया है।

निदेशक उच्च शिक्षा कार्यालय की ओर से इसे कॉलेजों में लागू किए जाने को लेकर दिशानिर्देश दे दिए हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और सरदार पटेल विवि से संबद्ध कॉलेजों में यह शेड्यूल लागू होगा। इसके तहत नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया, नियमित कक्षाएं और परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं। अतिरिक्त शिक्षा सचिव की ओर से जारी किए शेड्यूल के अनुसार तीन जून से 15 जुलाई तक कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चलेगी। कॉलेजों में इस दौरान प्रवेश पूर्व काउंसलिंग भी होगी। 16 जुलाई को यूजी प्रथम वर्ष की एक बजे कॉलेज में पहली प्रवेश मेरिट जारी की जाएगी। प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को 16 से 19 जून तक तीन दिन का समय फीस जमा करवाने का समय मिलेगा। कॉलेज 20 जुलाई को प्रथम वर्ष की दूसरी प्रवेश मेरिट जारी करेंगे। इसमें शामिल छात्र जो प्रवेश पाएंगे वे 20 जून 11 बजे तक फीस जमाकरवा सकेंगे। प्रथम वर्ष के लिए 22 जुलाई को कॉलेजों में ओरिएंटेशन और परिचय सत्र होगा। यूजी डिग्री कोर्स के दूसरे और अंतिम वर्ष के लिए 6 जून से 15 जुलाई तक 31 दिन का रोल ऑन आधार पर प्रवेश मिलेगा। 6 से 19 जुलाई तक फीस जमा होगी।

**परेशानी** — सड़कों पर घूम रहा गोवंश चालकों व राहगीरों के लिए बना खतरा

# लावारिस पशुओं से घुमारवीं के लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं और आस पास के क्षेत्र में लवारिस गोवंश की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लवारिस गोवंश न केवल सड़कों पर बल्कि खेतों में भी लोगों की परेशानी का कारण बन रही है। सड़कों पर घूम रहे ये गोवंश जहां सड़क हादसों को न्योता दे रहे हैं वहीं, सड़कों पर झुंड में बैठकर वाहन चालकों के लिए बड़ी समस्य बन रहे है।

लवारिस पशु शहर के मुख्य सड़कों को अपना ठिकाना बना लेते हैं। लेकिन कोई भी इस समस्या की ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। सड़क पर चलने वाले राहगीर और वाहन चालक लंबे समय से इन बेसहारा गोवंश से परेशान है। शहर को बीचोंबीच गुजरने वाले नेशनल हाई–वे होने के कारण यहां बड़े और छोटे वाहन बहुत तेजी से गुजरते हैं। इससे कई बार लवारिस पशु भी वाहनों की चपेट में आ चुके हैं। वहीं, वाहन चालकों की जान पर भी आफत बनी हुई है। रात के अंधेरे में कई बार सड़क के बीचोंबीच बैठे लवारिस पशु दिखाई नहीं देते है। इस वजह से रात के समय वाहन चालक इनसे टकरा जाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वहीं, शहर के लोगों के साथ–साथ राहगीर तथा खासकर स्कूली बच्चों को सड़कों से गुजरना मुश्किल हो गया है। लोग बच्चों को अकेला स्कूल भेजने से भी कतराने लगे हैं क्योंकि झुंड के रूप में इकट्ठे होकर चलने वाले यह लवारिस पशु कभी भी हमला कर देते हैं। हालांकि कुछ समय पहले शहर को इन लवारिस गोवंश से लोगो को निजात जरूर मिली थी। जब करीब एक वर्ष पहले शहर से लवारिस गोवंश को नालागढ़ स्थित हांडाकुंडी गो अभ्यारण में भेजा गया था, लेकिन पिछले कुछ समय से दोबारा से इन लवारिस गोवंश की संख्या बढ़ी है।

वहीं, नगर परिषद अध्यक्ष रीत सहगल ने कहा कि समस्या ध्यान में है। नगर परिषद इस समस्या पर एक योजना बना रही है। इसके तहत जल्द ही शहर से इन लवारिस गोवंश को हटाया जाएगा।



सड़कों पर लवारिस घूमता गोवंश। कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा।

# लुहणू मैदान में चुनी क्रिकेट टीम 27 खिलाड़ियों को मिली जगह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट स्टेडियम के प्रैक्टिस एरिया में रविवार को बिलासपुर की अंडर–23 की टीम का चयन किया गया। संयोजक महेंद्र चंदेल की अगुवाई में चयनकर्ताओं में शामिल जितेंद्र ठाकुर, विशाल रतवान और विनेंद्र डोगरा ने अहम भूमिका निभाई।



यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में अंडर–23 का फार्मेट शुरू किया गया है। इससे जो खिलाड़ी सीनियर टीम में किसी कारणवश चयनित नहीं हो पाते थे, वे अंडर–23 के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन जून से शुरू होगी। ऊना में बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच लाहौल व स्पिति के साथ खेलेगी। उन्होंने बताया कि बिलासपुर की संभावित टीम में 27 बच्चों को जगह मिली है तथा सोमवार को टीम का प्रशिक्षण शिविर बिलासपुर में शुरू हो जाएगा। विशाल जगोता ने बताया कि संभावित टीम में आर्यव्रत शर्मा, अर्नव भारद्वाज, सचित शर्मा, आदित्य कटारिया, पारस परिहार, पियूष ठाकुर, अनिकेत, तुशार शर्मा, अपराजित शर्मा, दिपांशु, रिषभ ठाकुर, अर्पित, हरित, गौरव चंदेल, आर्यन कश्यप आदि शामिल है।

